धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शनिवार
08.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 208



12 जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमेट' का टीजर जारी

## न्यूज डायरी

### सीमा पर तीन पाकिस्तानी सैनिक समेत 7 मारे गये

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की कृष्णा घाटी सेक्टर में एलओसी पर मुठभेड़ में सेना ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे 7 पाकिस्तानियों को ढेर कर दिया। इन घुसपैठियों में पाकिस्तानी सेना के तीन जवान भी शामिल हैं।

### ओपी प्रभारी की मूंछ उखाड़ने की कोशिश

**मेदिनीनगर।** डीजे बंद कराने गये पुलिस सब इंस्पेक्टर का मूंछ उखाड़ने और उनका हथियार छीनने की कोशिश की गयी। यह घटना पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर इलाके की है। पाटन के थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि पुलिस ने हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और 25 पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### नादिया पटाखा फैक्ट्री में धमाका, चार की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की नादिया में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कल्याणी के रथतला के भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में यह धमाका हुआ। विस्फोट होने के कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मुआयना कर रही है। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 79200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 99000 रु./प्रति किलो |

## जियो हजारों साल...

### शादी की वर्षगांठ पर मां कामाख्या से आशीर्वाद

सीएम हेमंत व कल्पना की शादी की 19वीं सालगिरह शुक्रवार को असम में विश्व प्रसिद्ध प्राचीन मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही सोशल मीडिया पर लिखा- मां कामाख्या सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि वैलेंटाइन वीक के पहले दिन यानि 7 फरवरी 2006 को दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के लिए सात फरवरी का दिन खास है। कल्पना सोरेन से शिबू सोरेन परिवार की पहली मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी।



## 5 साल बाद रेपो रेट में कमी , घटेगी इएमआइ

### संजय मल्होत्रा की अगुवाई में एमजीसी की बैठक में फैसला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीज रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करने का ऐलान किया। 0.25 प्रतिशत की कमी के बाद यह 6.25 प्रतिशत पर आ गयी, जो कि पहले 6.50 प्रतिशत थी।

नये आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली मोनेटरी पॉलिसी बैठक (एमजीसी) बैठक में दरें घटाने का फैसला लिया गया। रेपो रेट की समीक्षा के लिए 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक आरबीआइ एमपीसी की बैठक हुई



थी, जिसके निर्णय का ऐलान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा किया गया। मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी के फैसलों का देश के सभी नागरिकों पर असर होगा। रेपो रेट में कमी का सीधा असर लोन की ब्याज दरों पर होता है और होम लोन से लेकर कार लोन तक सस्ते होते हैं। केंद्रीय बैंक ने लगभग पांच साल बाद पहली बार रेपो दर में कटौती की है। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआइ ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था।

(शेष पेज 11 पर)

### एक लाख 36 हजार करोड़ बकाये पर कोयला मंत्री ने दिया निर्देश

# झारखंड के बकाये की गणना करेगी केंद्रीय टीम

### निर्मला और रेड्डी को राधाकृष्ण किशोर ने सौंपा स्मार पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** सीएम हेमंत सोरेन और उनके मंत्रियों के लगातार प्रयास से कोयला कंपनियों पर अलग-अलग मद में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये की दावेदारी का मामला अब आगे बढ़ता दिख रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और कोयला मंत्री जी किशन रेडी से मिले। दोनों को राज्य सरकार की ओर से स्मार पत्र सौंपा। शीघ्र भुगतान का आग्रह किया, ताकि झारखंड में विकास योजनाओं में और तेजी लायी जा सके। श्री किशोर के आग्रह के बाद केंद्रीय कोयला मंत्री ने कोयला मंत्रालय की अपर सचिव स्मिता प्रधान को बुलाकर निर्देश दिया है कि केंद्रीय कोयला मंत्रालय और झारखंड सरकार के खान विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर वास्तविक बकाया राशि की गणना करें, ताकि कोयला खनन मद में झारखंड को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके। यह जानकारी झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी है।

**केंद्र से आर्थिक सहयोग जरूरी :** श्री किशोर ने कहा है कि झारखंड राज्य में अनुसूचित जनजाति/जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा सामान्य जाति के आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर लोगों की बहुलता है। राज्य सरकार, राज्य के आंतरिक आय के स्रोतों में वृद्धि कर झारखंड वासियों के विकास के प्रति संकल्पित है। केंद्र सरकार के आर्थिक सहयोग के बिना उद्देश्य को पूरा करने में समर्थ नहीं हो सकती है, जिस उद्देश्य को लेकर झारखंड राज्य का गठन हुआ था। झारखंड खनिज संपदाओं का प्रदेश है। झारखंड के राजस्व की निर्भरता का मुख्य स्रोत खान-खनिज है। कोल माइनिंग से लगभग 70-80% राजस्व की प्राप्ति होती है।

(शेष पेज 11 पर)





### 1 लाख 36 हजार करोड़ है बकाया

राज्य के वित्त मंत्री ने ज्ञापन में कहा है कि कोल उत्खनन प्रक्षेत्र में धुले कोयले की रॉयल्टी का बकाया 2,900 करोड़, पर्यावरण मंजूरी सीमा तक पहुंच में उत्खनित खनिज की कीमत पर बकाया 32,000 करोड़ एवं भूमि अधिग्रहण संबंधी बकाया 1,01, 142 करोड़ है। कुल मिलाकर 1,36,042 करोड़ बकाया है। सीएम हेमंत सोरेन भी पीएम मोदी को पत्र लिख कर बकाया राशि के भुगतान कराने का आग्रह कर चुके हैं।

### कोल कंपनियों को भुगतान का निर्देश दें

राधाकृष्ण किशोर ने सीतारमण और श्री रेड्डी से आग्रह किया कि कोल कंपनी को बकाया राशि के भुगतान करने का निर्देश दें। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में झारखंड राज्य के लिए सहायता अनुदान अनुमानित निर्धारित लक्ष्य 16961.35 करोड़ की शेष राशि 12152.46 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की कृपा करेंगी।







# कोल इंडिया को प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड मिला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड को सीएसआर के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया है। कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा सीएसआर विषय पर गुरुवार को मुंबई में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान हासिल किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जरूरतमंद लोगों की जिंदगियों में बदलाव की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की एक मान्यता है। कंपनी की सीएसआर पहलों ने अब तक लगभग साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षों से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी के रूप में कोल इंडिया ने सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी अपने सीएसआर फंड का 70% से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, पोषण और स्वच्छता, और शिक्षा व आजीविका से जुड़े कार्यों पर खर्च करती है।

भारत सरकार की यह महारत्न कंपनी अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रही है। कंपनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 50,000 से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया। आकांक्षी जिलों में जनजीवन की बेहतरी के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए 700 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया।

## चुनाव में ढाई लाख करोड़ के वादों को लेकर फंसी राज्य सरकार

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या ना करें सीएम : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सर्वोच्च न्यायालय के राज्यों को बकाया राशि दिये जाने वाले आदेश की गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 2024 के अगस्त में मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में ऐतिहासिक निर्णय दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस निर्देश में यह स्पष्ट किया था कि यह आदेश उन सभी राज्यों पर भी लागू होगा, जो इस केस में पार्टी नहीं थे। उन्होने कहा कि भाजपा पूरे तरीके से राज्य को उसका वाजिब हक दिलाने के लिए संकल्पित है। लेकिन, मुख्यमंत्री



और झामुमो ने 1.36 लाख के जिस राशि का बार बार जिक्र किया है, वह कहां से आया इस पर ही बड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 60000 करोड़ के करीब का मुआवजा इंटरेस्ट के रूप में मन रही है।जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने बकाया राशि में राज्य सरकारों को इंटरेस्ट लेने से रोक लगाई थी। उन्होंने कहा कि इस जजमेंट में स्पष्ट है की जो राज्यों की बकाया राशि है, वह 12 वर्षों में 12 किस्तों से दी जायेगी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पॉइंट 27.2 में स्पष्ट वर्णित है कि बकाया राशि के किश्तों का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू होना है, जो कि 1 अप्रैल 2037 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इसी जजमेंट के पॉइंट 27.3 में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश है कि 25 जुलाई 2024 से पहले का कोई भी इंटरेस्ट और पेनेल्टी का आकलन नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय के इसी निर्देश का 14 अगस्त 2024 को स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया था। मुख्यमंत्री जी ने एक्स के पोस्ट में यह भी लिखा था कि अब झारखंड को 12 वर्षों में चरणबाद तरीके से बकाया राशि मिलेगी। फिर यह आ>र्य का विषय है कि मुख्यमंत्री और अलग-अलग नेता विभिन्न फोरम से केंद्र से 136000 करोड़ के तुरंत भुगतान की मांग क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल मुख्यमंत्री ने चुनाव के समय अनगिनत लोक लुभावना योजनाओं की घोषणा कर दी थी। इसमें अगले 5 वर्षों में ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च आने का अनुमान है। राज्य अपने आंतरिक स्रोत से यह पैसा जुटाने में असफल है। इसलिये, वह बार-बार सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी केंद्र से बकाया 1,36,000 करोड़ की राशि का एक गलत नैरेटिव बना रहे हैं।ये सिर्फ झारखंड की जनता की आंखों में धूल झोंकने का बहाना है। इस अवसर पर तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले स्पीकर



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की।

### झारखंडी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करे केंद्र सरकार : प्रदीप वर्मा

**रांची।** राज्य सभा में शून्य काल के दौरान सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने झारखंड के समृद्ध भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर के विषय में चर्चा करते हुये स्थानीय भाषाओं कुरमाली, नागपुरी, खोरठा, हो और मुंडारी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग केंद्र सरकार से की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी स्थानीय भाषाओं के स्कूली शिक्षा में इन भाषाओं के संरक्षण और संवर्द्धन की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा भी हमे गढ़ने का काम करती है। कुछ लोगों को आज भी अपनी भाषा, अपने पहनावे और अपने खान-पान को लेकर संकोच होता है। झारखंड की समृद्ध भाषा और सांस्कृतिक विरासत उसकी पहचान है। बिरसा मुंडा की उलगुलान की भाषा मुंडारी थी। कुड़माली झारखंड और बंगाल में बोली जाती है। इन भाषाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने इन्हें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की।

### नगर निगम व निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिका पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई



**रांची।** नगर निगम और स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अप-टू-डेट वोटर लिस्ट राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड को उपलब्ध करा दिया गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है कि 7 अगस्त 2024 की तिथि को प्रकाशित वोटर लिस्ट ही झारखंड राज्य के संदर्भ में अप-टू-डेट वोटर लिस्ट है, जिसपर राज्य में विधानसभा का चुनाव कराया गया था। उससे ही झारखंड में शहरी निकाय चुनावों को संपन्न कराने के लिए अप-टू-डेट वोटर लिस्ट मानकर चुनाव संपन्न कराया जाये। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि वोटर लिस्ट मिल गयी। अब इसी वोटर लिस्ट पर चुनाव कराये जायेंगे। अब अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 12 सप्ताह बाद करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से विनोद सिंह ने पक्ष रखा।

### हजारों जनजातियों ने महाकुंभ में लगायी डुबकी



**रांची।** महाकुंभ में देश भर के जनजाति क्षेत्रों से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से संगम तट पर पवित्र अमृत स्नान किया। जिसमें झारखंड के 1100 जनजाति शामिल हुए। 6 से 10 फरवरी के बीच अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा महाकुंभ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जनजाति क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने एक भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से संगम तट की ओर प्रस्थान किया। स्वामी अवधेशानंद गिरी द्वारा शोभायात्रा को केसरीया झंडा दिखाने के बाद जयघोष के साथ हजारों श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ संगम तट की ओर निकले। परंपरागत वेशभूषा में नागालैंड, मिजोरम से लेकर अंडमान तक और केरल से लेकर हिमाचल तक के हजारों जनजाति श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।

### गैंगरेप के तीन आरोपी दोषी करार

**रांची।** महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले में ट्रायल फेस कर रहे तीन अभियुक्तों को अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने शुक्रवार को दोषी करार दिया। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। अदालत ने अभियुक्त रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा एवं संजय टूटी को दोषी करार दिया है, जबकि, एक आरोपी लक्ष्मण मुंडा की मौत हो चुकी है। 20 फरवरी 2021 को दशम फॉल इलाके के जंगल से पुलिस ने अधजली महिला का शव बरामद की थी। जानकारी मिली थी कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया था और बाद में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिये शव को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। मामले का खुलासा पुलिस ने फोन कॉल के माध्यम से किया था। तीनों अभियुक्त दशम फॉल थाना क्षेत्र के हेसापीढ़ी के रहनेवाला है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने बहस की थी।


**आवश्यकता**

अदितिआशिष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को अपने कार्यालय, प्रिया स्टील के पास, भंडरा, लोहरदगा, के लिए निम्नलिखित पदों पर योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है:

1. ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (स्व-रोजगार दर्जी)-अनुभव आवश्यक, NSDC से TOT सर्टिफिकेट और कंप्यूटर सर्टिफिकेशन अनिवार्य।
2. मोबिलाइज़र-2 साल का अनुभव और कंप्यूटर सर्टिफिकेशन अनिवार्य।

संपर्क करें: 7004046755


# हाइकोर्ट ने कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लगाया ₹2 लाख का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पेयजल विभाग द्वारा एकेजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ब्लैक लिस्टेड किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कंपनी पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। दरअसल कंपनी द्वारा बनाई गई जलमीनार कुछ ही दिनों में गिर गई थी, जिसके बाद एकेजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को पेयजल विभाग ने ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। जिसके खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट का रूख किया था लेकिन कंपनी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने कंपनी को जुर्माना की राशि चार सप्ताह में झालसा के खाते में जमा करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**RC/784/2019**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**SURESH GANJHU**

To
(CD1)SURESH GANJHU

Also At
S/O MOHAN LAL GANGHU, R/O
VILLAGE - JOGIYADIH, P.O. JOHIHADIH
PS BALUMATH, DISTRICT - LATEHAR - 829202

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/152/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 3299876.00 (Rupees Thirty Two Lakhs Ninety Nine Thousands Eight Hundred Seventy Six Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **16/05/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **03/02/2025.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI


### चार्जशीटेड आरोपियों की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड छह आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई की अदालत में सुनवाई हुई। अनंत कुमार, हरिवंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, बिजय कुमार, सुदर्शन मुर्मू एवं स्मिता कुमारी की याचिका पर सुनवाई हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए अलग-अलग तारीख तय की है, जबकि आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की अग्रिम जमानत पर आदेश 14 फरवरी को अदालत सुनायेगी। घोटाले पर संज्ञान लेने के बाद अब तक 11 आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिये अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

# पेसा कानून 1996 को हु बहु लागू करे राज्य सरकार : भारत आदिवासी पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में पेसा कानून 1996 को हुबहु लागू करने की मांग करने एवं आदिवासियों के व्यापक रूप से हड़पी जा रही जमीन, स्थानीय नियोजन नीति सहित विभिन्न विभिन्न जन्मुद्दों को लेकर राजभवन के समक्ष शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा की अध्यक्षता में महाधरना हुई। इस धरना का संचालन सुरेंद्र लिंडा ने किया। इस माहाधरना में वक्ताओं ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के बने हुए 30 साल होने के बावजूद भी पेसा कानून का नियमावली नहीं बना पा रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा महासचिव कृष्णा हंसदा अभय भुट कुंवर, कुंदरसी मुंडा अध्यक्ष महिला मोर्चा सुरेंद्र लिंडा रांची जिला आदिवासी जन परिषद के प्रकाश मुंडा, सेलीना लकड़ा महिला मोर्चा बिरसा पाहन,पवन करमाली,सुन्दर सिंह मुंडा, मार्शल टूटी, रतन मुंडा रॉकी मिंज बसंती कच्छप, नवल किशोर संडील यदि शामिल हुए।

# फिर करवट लेगा मौसम, छायेंगे बादल

## पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में सुबह और शाम में ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आ गयी है। सुबह-शाम ठंडी हवा चल रही है और दिन में तेज धूप से गर्मी का अहसास हो रहा है। फरवरी में ही गर्मी का अहसास होने लगा है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से अधिक हो गये हैं। बता दें कि आठ फरवरी को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तैयार हो रहा है, जिसके असर से झारखंड में आंशिक बादल छायेंगे। इसके बाद फिर से तापमान में वृद्धि होने लगेगी। यानी आने वाले दिनों में एक बार फिर झारखंड का मौसम करवट लेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम केंद्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने यह जानकारी दी है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक उच्च तापमान 34.4 डिग्री से. सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस चतरा में दर्ज किया गया। सूर्योदय 6:26 बजे और सूर्यास्त 17:51 बजे हुआ। न्यूनतम तापमान रांची में 12.4, जमशेदपुर में 13.0, डाल्टेनगंज में 08.7, बोकारो 10.4 बजे, चाईबासा में 12.6, देवघर में 10.4, हजारीबाग 08.4, गढ़वा 07.0 तथा गोड्डा में न्यूनतम 17.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया गया।

**3 से 4 डिग्री तक गिरेगा झारखंड का तापमान :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि उत्तरी और मध्य झारखंड में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में एक-दो दिन में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तरी और उससे सटे मध्य झारखंड में आंशिक बादल छाने लगेंगे। इसके बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू हो जायेगी।


**रॉंची समाहरणालय, रॉंची।**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति।**

चिरौंदी, रॉंची में नव निर्मित **ओल्ड एज होम** (50 बेड क्षमता) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयं सेवी संस्था / गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था / गैर सरकारी संस्था जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची के कार्यालय में दिनांक 15.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक आवेदन जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 15.02.2025 के अपराह्न 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में खोला जायेगा, आवेदन खोलने के समय गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

इच्छा की अभिव्यक्ति की शेष शर्तें जिला समाज कल्याण कर्यालय, रॉंची के सूचना पट या रॉंची जिले के अधिकरिक वेबसाईट WWW.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/- जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची। | ह०/- उप विकास आयुक्त, रॉंची। | ह०/- उपायुक्त, रॉंची।

PR 346011 (Social Welfare, Women and Child Development) 24-25 (D)



**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

**जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**

विज्ञापन सं0-01/2025 (DMFT) | आवेदन की अंतिम तिथि-22.02.2025

जिला लातेहार के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार के लिए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से आवश्यकता आधारित नीचे अंकित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु हांथो-हांथ/निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदनपत्र आमंत्रित किया जाताहै :-

01. जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् है:-

पदों की विवरणी:-

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Surgeon | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Skin Specialist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Nephrologists | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Forensic Expert | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

नोटः-रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्ते, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृ तवेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकताहै।

PR 345979 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D | सिविल सर्जन, लातेहार


## झारखंड कांग्रेस के मंत्री एवं विधायक मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी से मिले

# कांग्रेस कोटे के मंत्री जनता और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरें: मल्लिकार्जुन खड़गे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से झारखंड कांग्रेस के विधायकों एवं मंत्रियों के साथ शुक्रवार को प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी डॉ श्री बेला प्रसाद, सप्तगिरी उल्का एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार मिले। मुलकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड



के लोगों का धन्यवाद किया और विधायकों को बधाई दी।

मुलकात के क्रम में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार लोगों से किए गए हर वादा को पूरा करेगी। झारखंड के समावेशी विकास व प्रगति के लिए हम पूरी तरह समर्पित हैं। मंत्रीगण की यह ज़िम्मेवारी है कि वो जनता और संगठन के अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी सभी विधायकों और मंत्रियों को बधाई दी और झारखंड की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन सशक्तिकरण के लिए पूरी ईमानदारी से मिलकर काम करना है और जो सात गारंटी जैसे युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सशक्त करना, किसानों की बाजार व्यवस्था को सशक्त करना है, सरना धर्म कोड, जाति जनगणना इन सब चीजों पर फोकस करना है।

मुलकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को धन्यवाद दिया कि आप लोगों ने झारखंड में चुनाव प्रचार प्रसार किया, जिसके वजह से हमें काफी ऊर्जा मिली, हमारे कार्यकर्ताओं में एक नयी उमंग और जोश भरा, जिसके कारण हम सरकार बनाने में कामयाब रहे।

कांग्रेस आलाकमान से मिलनेवाले मंत्री एवं विधायकों में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडे, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी, विधायक नमन विक्सल, भूषण बाड़ा, रामचंद्र सिंह, श्वेता सिंह,अनूप सिंह, सुरेश बैठा, सोनाराम सिंकू, ममता देवी के साथ मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी, रियाज अहमद, गजेंद्र सिंह, राजेश सिन्हा शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## आज साकची में निकलेगी निशान यात्रा



**जमशेदपुर।** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वां श्री श्री श्याम महोत्सव शनिवार 08 फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। शनिवार को दोपहर 2 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर आकर संपन्न होगी। जिसमें 1100 से अधिक भक्त शामिल रहेंगे। यह जानकारी श्याम परिवार के संरक्षक उमेश शाह और अध्यक्ष गिरधारी लाल खेमका ने संयुक्त रूप से दी।

## रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर आज



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति 8 तारीख यानि इस माह 8 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष फरवरी 8 तारीख के रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस के पेट्रन व जाने माने समाजसेवी स्व शशिकांत आडेसरा की स्मृति में आयोजित किया जाता है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं से आग्रह किया है कि वे 8 फरवरी को आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान हेतु बढ़ चढ़कर भाग लें।

## आज से शांति देवी सावा की स्मृति में नेत्र शिविर



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 758वां नेत्र शिविर स्व शांति देवी सावा की पुण्य स्मृति में 8 से 10 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। शनिवार को बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगियों के आंखों की जांच के साथ नेत्र शिविर का शुभारंभ होगा तथा नेत्र रोगियों के आँखों की जांच कर मोतियाबिंद ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया जायेगा।

## भवन को लेकर बीडीओ से मिली पूजा सिंह



**गम्हरिया।** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट द्वारा सीएसआर फंड से निर्मित बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन के शुल्क निर्धारण और संचालन की जांच की मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह के नेतृत्व में गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि यह भवन अभी अधूरा है। इसमें न तो पूरी तरह से बिजली की व्यवस्था है और ना ही पानी की सुविधा है। इसके बावजूद भवन के उपयोग के लिए 20,001 रुपए शुल्क वसूला जा रहा है।

# मैथिल उत्कर्ष संस्थान ने 31 बरुओं का कराया यज्ञोपवित उपनयन संस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मैथिल उत्कर्ष संस्थान जमशेदपुर के द्वारा सिदगोड़ा गणेश पूजा मैदान में 3 मार्च से 7 मार्च तक यज्ञोपवित संस्कार उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें मैथिल ब्राह्मण के 31 बरुआ का उपनयन संस्कार निशुल्क कराया गया। इस उपनयन संस्कार में पं काली कांत झा,पं गोविंद झा,पं सुरेश झा,पं किशोरी झा पं अशोक झा पं अमर कांत झा आदि पंडितों ने उपनयन संस्कार निशुल्क कराया।

आज सुबह मातृका पुजा से प्रारंभ किया गया उसके बाद उपनयन संस्कार की विधिवत शुरुआत की गयी। उपनयन विधि के दौरान सभी बरुआ का मरबा में सभी बरुआ की मां, नानी, मामी, मौसी एवं अन्य संबंधियों के द्वारा भीख दिया गया।

उसके बाद सभी बरुआ का हजाम ठाकुर के द्वारा बाल काटा गया ठाकुरों को नया वस्त्र पहनाकर ही बाल काटने की प्रथा है। बाल काटने से पूर्व प्रत्येक बरुआ के साथ एक आचार्य और एक ब्रह्मा को बैठाया जाता है। उस प्रत्येक आचार्य और ब्रह्मा को एक जोड़ा धोती प्रदान किया गया।

हजाम ठाकुरों के द्वारा बाल काटने के बाद प्रत्येक बरुआ मंदिर जाकर कुआं में स्नान करके नया वस्त्र जो संस्था के द्वारा उपलब्ध कराया गया वह वस्त्र पहनकर प्रत्येक श्रेष्ठ जनों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस उपनयन संस्कार में मैथिल उत्कर्ष संस्थान जमशेदपुर के सदस्यों के द्वारा भी प्रत्येक बरुआ को भी भीख दिया गया। संस्था के द्वारा सभी अतिथियों को पाग दोपटटा पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस उपनयन संस्कार को सफल बनाने में मिथिला उत्कर्ष संस्थान जमशेदपुर के संरक्षक परमा नन्द झा अध्यक्ष उमा नाथ झा, प्रवीण कुमार मिश्र, रंजीत झा, अनिल झा, हरे राम झा, नरेश चौधरी, मनु झा, पोंटी, विनय कुमार चौधरी, विजय चन्द्र झा, मनोज कुमार झा, विष्णु कांत झा, विलास झा महिला समाजसेवी मंजू झा,पुनम चौधरी, सोनी, अर्चना, कल्पना, रंजू और रेखा सहित समाज के अन्य कई गणमान्य लोग शामिल थे।



उपनयन संस्कार के बाद बरुआ गण और अतिथि।

# 11 फरवरी से तीन मार्च तक होगी 10वीं की बोर्ड और इंटर की परीक्षा

- परीक्षा के सफल संचालन और कदाचारमुक्त कराने को लेकर मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक
- इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 25380 परीक्षार्थी भाग लेंगे
- इंटर की परीक्षाओं में कुल 22256 परीक्षार्थी शामिल होंगे
- परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिधि में धारा 144 प्रभावी रहेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में सिदगोड़ा टाउन हॉल में माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु निर्धारित केंद्रों में परीक्षा के सफल संचालन और विधि व्यवस्था को लेकर केंद्राधीक्षकों तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त आयोजन के निमित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री ऋषभ गर्ग ने कहा कि परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन कराये।

विदित हो कि जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक निर्धारित की गयी। माध्यमिक परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9:45 बजे से 1:00 बजे तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा द्वितीय पाली अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। मैट्रिक परीक्षा को लेकर घाटशिला अनुमंडल में 26 तथा धालभूम अनुमंडल में 45 कुल 71 परीक्षा केन्द्र चिन्हित किए गए हैं वहीं इंटर परीक्षा के लिए घाटशिला अनुमंडल में 12 और धालभूम अनुमंडल में 23 कुल 35 परीक्षा केन्द्र होंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा झारखंड परीक्षा संचालन निर्देशिका, 2025 एवं झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत परीक्षा आयोजित किया जाना है इस हेतु परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें। केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। व्यवधानरहित परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा अवधि के दौरान 11 फरवरी से 3 मार्च तक परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिधि में धारा 144 प्रभावी रहेगी। परीक्षार्थी को मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का इस्तेमाल वर्जित रहेगा। निर्धारित समय से 30 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सुनिल चन्द्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशिष कुमार पांडेय, सहित प्रतिनियुक्त जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सभी केंद्राधीक्षक प्रमुख रूप से मौजूद थे।



दंडाधिकारियों संग बैठक को संबोधित करतीं एसडीओ शताब्दी मजुमदार।

## दिशा 2025, जमशेदपुर के सबसे बड़े करियर मेले में 500+ विद्यार्थी हुए शामिल



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई जमशेदपुर के ह्यूमन पोटेंशियल सेंटर टीम समर्थ्य ने 2 फरवरी 2025 को दिशा के 12वें संस्करण का सफल आयोजन किया। यह जमशेदपुर का सबसे बड़ा करियर काउंसलिंग मेला है, जो स्कूली छात्रों को सही करियर मार्गदर्शन देने के लिए समर्पित है। इस वर्ष दिशा 2025 को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 650+ छात्रों ने पंजीकरण कराया और 500 से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। शहर के 50+ स्कूलों के छात्र इसमें शामिल हुए, जिनमें डीएवी पब्लिक स्कूल, लोयोला स्कूल, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, कासिदीह हाई स्कूल और डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। टीम समर्थ्य, जो छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है, वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इस वर्ष 140+ एक्सएलआरआई छात्र स्वयंसेवकों के सहयोग से दिशा 2025 में 25+ विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले करियर पैनल आयोजित किये गये।

## साइलेंट स्टार्ट और जबरदस्त फीचर्स के साथ न्यू अपडेटेड सुजुकी एक्सेस 125 हुआ लांच



**जमशेदपुर।** विश्व की अग्रणी 2 व्हीलर निमार्ता कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल ई॰ प्रा॰ लिमिटेड के अधिकृत डीलर ज्वाला ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड (ज्वाला सुजुकी) साकची एवं बिष्टुपुर शोरूम में ब्रांड न्यू सुजुकी एक्सेस 125 के नये वर्जन को लांच किया गया है। विस्तृत जानकारी देते हुए शोरूम के प्रबंधक ने बताया कि अगर ग्राहक हाल में कोई स्टाईलिश, बेहतर माइलेज, दमदार पीक-अप और एडवांस फीचर्स से लैस स्कूटर की तलाश में है तो सुजुकी एक्सेस 125 ही एकमात्र विकल्प है जिसमें तो तलाश पुरी हो सकती है। न्यू एक्सेस 125 में स्टाइलिश हेडलैंप और स्लीक बॉडीवर्क के साथ-साथ स्लीक टर्न इंडिकेटर्स क्रोम एक्सेंट्स एलईडी लाइटिंग और एलसीडी डिजिटल इंस्ट्रुमेंट क्लस्टर जैसे फीचर्स दिया गया है। इसमें डिजिटल क्लस्टर ब्लूटूथ कनेक्टिविटी सपोर्ट करता है।

## प्रशासन के साथ आपसी समन्वय से हो कंपनियों के सीएसआर फंड का उपयोग : रविशंकर शुक्ला

- सरायकेला डीसी की अध्यक्षता मे जिला सीएसआर समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सरायकेला/जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के समाहरणालय सभागार में डीसी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित विभिन्न उद्योगिक संस्थान के प्रतिनिधियों से सीएसआर के तहत उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गयी साथ ही अगले वित्तीय वर्ष में सीएसआर फंड के उपयोग की कार्य योजना पर बिंदुवार चर्चा कर विमर्श किया गया। जिन प्रतिनिधियों के पास आगामी कार्ययोजना को लेकर अधतन रिपोर्ट नहीं थे उन्हें आगामी बैठक में प्रतिवेदन के साथ आने को कहा गया।



कंपनी अधिकारियों संग बैठक करते सरायकेला डीसी रविशंकर शुक्ला।

## आज होगा तीन दिवसीय इंडोमैक औद्योगिक मेला का समापन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर स्थित इंडोमैक बिजनेस सौल्युशंस द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर एवं एसिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय (6 से 8 फरवरी) बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) को न केवल जमशेदपुर बल्कि झारखण्ड के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमी एवं व्यवसायी के अलावा राउरकेला और बंगाल के उद्यमी भी इस एक्सपो में काफी संख्या में शिरकत कर रहें हैं और नये-नये मशिनों एवं मशिनरीज के क्षेत्र में नये-नये बदलाव से अवगत हो रहे हैं। उक्त एक्सपो में सरायकेला-खरसावां के असिस्टेंट मजिस्ट्रेट सह असिस्टेंट कलक्टर ने उक्त एक्सपो का अवलोकन किया।

## टाटा स्टील गम्हरिया को मिला जेआईपीएम एक्सीलेंस अवार्ड 2024

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील गम्हरिया को प्रतिष्ठित जेआईपीएम एक्सीलेंस अवार्ड 2024 का सम्मान मिला है, जो टोटल प्रोडक्टिव मेंटेनेंस (टीपीएम) में उत्कृष्टता के प्रति टीम की अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रमाण है। पुरस्कार समारोह 21 मार्च 2025 को क्योटो इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर, क्योटो, जापान में आयोजित किया जाएगा, जहां टाटा स्टील गम्हरिया को ट्रॉफी औपचारिक रूप से सौंपी जायेगी। यह उपलब्धि कंपनी की टीपीएम यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसमें कई उल्लेखनीय उपलब्धियां शामिल हैं, जिनमें जनवरी 2020 में टीपीएम का पुनः लॉन्च, सितंबर 2022 में सीआईआई टीपीएम स्ट्रॉन्ग कमिटमेंट अवार्ड प्राप्त करना, मई 2023 में सीआईआई टीपीएम सिग्निफिकेंट अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करना आदि शामिल है।

# संक्षारण और कोटिंग्स- 2025 पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित ताज विवांता में आयोजित I3C-2025 सम्मेलन का दूसरा दिन बहुत सफल रहा, जिसमें दुनिया भर के उद्योग विशेषज्ञ, अनुसंधान विद्वान और पेशेवर ने संक्षारण एवं उन्नत कोटिंग्स के क्षेत्र में गतिशील पर चर्चा में शामिल हुए। यह सम्मेलन भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम), जमशेदपुर चैप्टर द्वारा सीएसआईआर-एनएमएल, टाटा स्टील और एनआईटी जमशेदपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन के सुबह के सत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों के वक्ताओं के साथ प्रभावशाली पूर्ण सत्र, मुख्य भाषण, तकनीकी वार्ता और समानांतर पोस्टर सत्रों की श्रृंखला आयोजित की गयी। मुख्य वक्ताओं ने संक्षारण निगरानी, लेखा परीक्षा, पूर्वानुमान मॉडलिंग और कोटिंग्स में उभरते विषयों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। समानांतर पोस्टर सत्रों ने प्रतिभागियों को शोधकर्ताओं के साथ सीधे जुड़ने, अपने विचारों को आदान-प्रदान करने और संभावित सहयोग की खोज करने हेतु अवसर दिया। सम्मेलन के दूसरे दिन के सबसे प्रतीक्षित खंडों में से एक संक्षारण चुनौतियां, सतत विकास और परिपत्र अर्थव्यवस्था - आगे का रास्ता शीर्षक पर पैनल चर्चा थी।

सीएसआईआर-एनएमएल के मुख्य वैज्ञानिक डॉ रघुवीर सिंह द्वारा संचालित इस सत्र में उद्योग और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के विशेषज्ञ एक साथ एकत्रित हुए। चार प्रतिष्ठित पैनल वाले व्यक्ति, डॉ संदीप घोष चौधरी, निदेशक सीएसआईआर-एनएमएल, उज्ज्वल चक्रवर्ती, कार्यकारी प्रभारी, टाटा टिनप्लेट, डॉ. रामानुज नारायण भी थे।



झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI



अपील

रामदास सोरेन
माननीय मंत्री
स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन
झारखण्ड सरकार



हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

वार्षिक माध्यमिक / इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2025

विदित हो कि वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि संपूर्ण राज्य में परीक्षाओं का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो। झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, समय पर परीक्षाफल का प्रकाशन तथा शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यो का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। झारखण्ड सरकार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार भी सभी जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्ध झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जनहित एवं राज्यहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे निःस्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ-साथ झारखण्ड की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिये कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

आएँ झारखण्ड को हम सब मिलकर बनायें
ज्ञान आधारित एवं अनुशासन प्रिय प्रदेश

रामदास सोरेन
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

## स्पीड न्यूज

### अंगवस्त्र देकर प्रयागराज किया रवाना



**छतरपुर पलामू।** प्रयागराज में 144 साल बाद लगे महाकुंभ को लेकर लोगों में आकर्षण बढ़ा है। हर इलाके से लोगों का जत्था प्रयागराज रवाना हो रहा है। छतरपुर से भी फुटपाथ विक्रेता संघ के एक दर्जन श्रद्धालु कुंभ दर्शन की यात्रा पर रवाना हुआ। ठाकुरबाड़ी में दर्शनोपरांत श्रद्धालुओं को छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष और फुटपाथ दुकानदार संघ के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने अंगवस्त्र देकर रवाना किया। कहा कि महाकुंभ अद्भुत और अद्वितीय है जो सनातन संस्कृति का सुंदरतम स्वरूप भी है। मौके पर गौतम सागर, गोकुल प्रसाद, अवधेश प्रसाद, विनोद प्रसाद, विजय, नरेश, जितेंद्र सहित आधा दर्जन महिला श्रद्धालु भी जत्था में शामिल थे।

### विश्वकर्मा मंदिर का भूमिपूजन संपन्न



**पांडू पलामू।** प्रखंड के मुसीखाप में भगवान विश्वकर्मा का मंदिर निर्माण का भूमि पूजन शुक्रवार को हुआ। पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा के नेतृत्व में भूमि दानकर्ता परिवार के ललन शर्मा ने भूमि पूजन किया। प्रमोद ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए स्व रामप्यारी शर्मा के वंशज ने भूमि दान की है। मौके पर लव विश्वकर्मा, झमन मिस्त्री, छोटन शर्मा, परीखा शर्मा, गणेश शर्मा, ललन शर्मा, श्रवण शर्मा, राजेन्द्र कुमार शर्मा, अनिल शर्मा विश्वकर्मा, प्रमोद शर्मा, नागेन्द्र शर्मा, रामजबीत प्रजापति भी मौजूद थे।

### लापता नाबालिग डेहरी ऑनसोन में मिली



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो नाबालिग लड़की लापता हो गयी थी। परिजनों ने नावा जयपुर थाना को लापता होने की सूचना दी थी। इस मामले में थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने तत्परता दिखायी। एसपी के निर्देश पर एक पुलिस टीम गठित की गयी। सशस्त्र बलों ने नाबालिग की खोजबीन जारी की। पुलिस ने दोनों नाबालिकों को रेलवे पुलिस के सहयोग से डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन से छह घंटे के अंदर बरामद कर लिया।

### पूर्वडीहा के इंजीनियर की दिल्ली में मौत



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा के संजय दुबे के पुत्र आकाश की मौत गुरुवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे सड़क दुर्घटना में हो गयी। वह दिल्ली में एक आईटी कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करता था। गुरुवार की सुबह ड्यूटी से घर आ रहा था इसी दौरान पीछे से किसी ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों एवं दिल्ली पुलिस के सहयोग से हास्पिटल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आज दाह संस्कार होगा।

### यात्री वाहन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकराया, युवक की मौत कई घायल




**सतबरवा।** बकोरिया पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की सुबह साढ़े चार बजे के करीब एक सवारी यात्री वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया, जिसमें मनिका रेवत के मजहर हुसैन (40) की मौत हो गयी। जबकि उसकी पत्नी और दो बच्ची बुरी तरह जख्मी हैं। मनिका सीएचसी में इलाज के बाद सभी को डॉक्टरों ने रांची रेफर कर दिया है। एसआई विश्वनाथ राणा ने बताया कि सभी मनिका थाना क्षेत्र के रेवत गांव के एक ही परिवार के हैं, जो लेस्लीगंज से कव्वाली सुन घर लौट रहे थे।

### मनातू पुलिस ने रौंदी पोस्ते की फसल




**तरहसी /मनातू।** मनातू पुलिस व वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर प्रखंड के चिड़ी खुर्द व जसपुर के जंगली क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर हो रही पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। वहीं 10 अफीम के फल लगे पौधे भी जब्त किये। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होने की सूचना मिली थी। यह सूचना पलामू एसपी को दी गयी। एसपी के निर्देश पर ऑपरेशन प्लान बनाया गया। इसमें तरहसी थाना प्रभारी पुअनि नीरज कुमार, चौकीदार राजेंद्र मांझी व मनातू वन प्रक्षेत्र में पदस्थापित प्रभारी वनपाल अमरेश कुमार पासवान, वनरक्षी अभय कुमार, आशुतोष तिवारी शामिल थे।

### फेरी दुकानदार के घर सात लाख की चोरी



**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के हाई स्कूल रामगढ़ के सामने स्थित उपेंद्र सोनी के घर में बीती रात चोरी हो गयी। चोरों ने बड़े आराम से घर की चाभी ढूंढ़कर प्रथम तल्ला के कमरों से सात लाख की संपत्ति गायब कर दी। इनमें चार लाख नगद, 20 ग्राम सोना और डेढ़ किलो चांदी शामिल है। शुक्रवार को थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। उपेंद्र फेरी करता है। उपरंद्र के अनुसार चचेरी बहन की शादी में परिवार के साथ गुरुवार की रात 9 बजे रामगढ़ में ही पुराने घर मुसरमो गये थे। रात ढाई बजे वापस घर पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ चिकित्सा पदाधिकारी मंजूर आलम, सीएमओ अर्चना मेहता, एएनएम अनुराधा कुमारी, सविता कुमारी, सुषमा कुमारी, विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र चंदेल, आचार्य दीपक पांडेय, राजकुमार सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। बीआरई के निर्देशानुसार अनुमंडलीय अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भैया-बहनों की एनीमिया एवं स्वास्थ्य जांच की। जिसमें भैया-बहनों के हीमोग्लोबिन व अन्य जांच भी की। कैंप में कुल 590 भैया-बहनों ने स्वास्थ्य जांच करायी। सचिव ने ऐसे जांच शिविर के लिए अस्पताल प्रबंधक को साधुवाद दिया। कहा कि समय-समय पर विद्यालय द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराया जाता है।

---

सांसद ने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री से की मुलाकात

# राजहरा कोलियरी में उत्खनन प्रारंभ करने और विस्थापितों को नौकरी देने पर की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



केंद्रीय मंत्री से मिलते पलामू सांसद बीडी राम।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी0 किशन रेड्डी से मुलाकात कर राजहरा कोलियरी में उत्खन्न प्रारम्भ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा किया। सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रजहरा कोलियरी को खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है जिसपर अटार्नी जेनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परन्तु अनावश्यक रूप से विलंब किया जा रहा है। उपरोक्त मामले में मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड, दरभंगा हाउस, रॉंची के प्रबंध निदेशक, उपायुक्त पलामू एवं सांसद की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर आ रही अड़चनों को दूर की जाये। उक्त सभी मामले को बहुत जल्द दूर कर कोयले का उत्खनन प्रारम्भ किया जाएगा। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

# सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं सभी को जीवन जीने का अधिकार: डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

- बाल विवाह, महिला, बाल हिंसा एवं नशामुक्ति तथा किशोरी सशक्तिकरण को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित
- जन भागीदारी और जन-जागरूकता से समाज में हिंसा, नशा व कुप्रथा की रोकथाम में मिलेगी सफलता



**मेदिनीनगर।** सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं। किसी को अधिकार हनन व फिजिकल रूप से आघात पहुंचाने की अनुमति नहीं है। हर व्यक्ति को जीने का अधिकार है। हिंसा का प्रतिकार होना चाहिए। हिंसा व कुप्रथा की रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधान भी है। साथ ही समाज में जागरूकता के कार्य किये जा रहे हैं। महिला एवं बाल हिंसा की रोकथाम में सबकी भागीदारी जरूरी है। वहीं सभी स्टेक होल्डर्स की अहम भूमिका है। जनभागीदारी और जनजागरूकता से समाज में हिंसा, नशामुक्ति व कुप्रथा की रोकथाम होगी। ये बातें डीडीसी शब्बीर अहमद ने कही। वे बाल विवाह, महिला एवं बाल हिंसा तथा नशामुक्ति को रोकने तथा किशोरी सशक्तिकरण को लेकर आयोजित जिलास्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। जिला समाज कल्याण विभाग की कार्यशाला समाहरणालय सभागार में की गयी। डीडीसी ने बच्चों के अधिकार एवं संरक्षण को सुनिश्चित करने हेतु जिला वार्षिक कार्य योजना के क्रियान्वयन एवं संबंधित विभागों के समन्वयन हेतु बल दिया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में सकारात्मक चर्चा होगी और समाज में इसका सकारात्मक संदेश पहुंचेगा। सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने नशामुक्ति को लेकर जानकारी साझा करते हुए इसके रोकथाम में सभी को सहयोगी बनने की अपील की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी।

एसडीएम ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

# नौकरी बचानी है, तो दलालों से दूर रहें राजस्वकर्मी: गौरांग महतो

- करीब 5 से 6 घंटा चली जांच, कर्मियों को दी हिदायत

खबर मन्त्र संवाददाता



पदाधिकारियों से जानकारी लेते एसडीओ गौरांग महतो।

**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ गौरांग महतो ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय हुसैनाबाद का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के जाते ही अंचल कर्मियों में हड़कंप मच गयी। फिर एसडीएम ने करीब 12 से लेकर 5 बजे तक सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान श्री महतो ने अंचल में कर्मियों की लापरवाही पर जमकर फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मी अपनी जवाबदेही को समझें, नहीं तो विधिवत कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी राजस्व कर्मियों को अंचल में दलाल को दूर करने को कहा। कहा कि निकट भविष्य में शहरी क्षेत्रों में सर्वे कार्य होना है, इसलिए सभी दस्तावेज सुरक्षित करें। लंबित मोटेशन, नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य लंबित मामलों को जल्द निपटायें। पूर्व में जो गलती हुई है उसका सुधार करें। ऑपरेटर जाति, स्थानीय प्रमाण पत्रों की जांच कर ही निर्गत करें। अंचल में सभी शिकायतवाद को सूचीबद्ध करने व उसकी संचिका को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।

# मनरेगा कार्यों को आगे बढ़ाने में करें सहयोग : जिप अध्यक्ष

- मनरेगा सप्ताह के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित
- मनरेगा से समाज में आ रहा बड़ा बदलाव : उप विकास आयुक्त
- उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित



मनरेगा सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनरेगा महत्वकांक्षी योजना है। इससे समाज के लोगों को उनके घर पर ही काम करने का अवसर प्राप्त होता है। मनरेगा के कार्यों को आगे बढ़ाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। यह बातें जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी ने कही। वे आज मनरेगा सप्ताह के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। समाहणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मनित किया गया। मौके पर महिला मेठ सहित 100 मानव दिवस सृजन करने वाले श्रमिकों, वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रखंड स्तर पर मानव दिवस सृजन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत स्तर पर मानव दिवस सृजन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रोजगार सेवक, सबसे ज्यादा बागवानी योजना को ऑनगोइंग करने वाले प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बागवानी सखी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि मनरेगा कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदालाव आ रहे हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में रहन-सहन भी बदले हैं। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को मिल रहा है।

## चनेया एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र से 1.80 लाख रुपये की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन (पलामू)।** किशनपुर ओपी क्षेत्र के चनया बाजार के पास भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से एक लाख 80 हजार रुपये नगद लूट कर लुटेरे फरार हो गये। घटना गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे की है। ग्राहक सेवा केंद्र में काम कर रहे रोशन अंसारी ने बताया कि तीन नकाबपोश लुटेरों ने पिस्तौल दिखाकर काउंटर से रुपये निकाल फरार हो गये। लुटेरे ने बिना नंबर प्लेट कि अपाची बाइक से आए थे, तीनों लुटेरे के पास पिस्तौल था। तीनों लुटेरों ने ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर कहा कि जितना पैसा है निकाल कर दे दो अन्यथा गोली मार देंगे। उस वक्त ग्राहक सेवा केंद्र में तीन ग्राहक भी मौजूद थे । जब ये लोग बाहर आने लगे तो उन लोगों को भी नहीं निकलने दिया गया। लुटेरों के द्वारा कहा गया कि चुपचाप यहीं खड़े रहो। ग्राहक सेवा केंद्र में पैसा लेनदेन कर रहे रोशन अंसारी ने डर से कुछ नहीं कर सका और लुटेरे पैसा लेकर फरार हो गये।

## विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने ज्वेलरी शॉप का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद शहर के गांधी चौक के निकट शुक्रवार को श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल ज्वेलर्स का उदघाटन विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। विधायक ने प्रतिष्ठान के संचालक संतोष अग्रवाल को शुभकामनाएं दी। कहा कि ज्वेलर्स का शोरूम खुलने से लोगों को सोने और चांदी के जेवरात खरीदने में काफी सहूलियत होगी। बेहतर प्रतिष्ठान खुलने से शहर का सौंदर्यीकरण होता है। संचालक ने बताया कि मेरे ज्वेलर्स की दुकान में हॉलमार्क की ज्वेलरी उपलब्ध है। आभूषण की गुणवत्ता व शुद्धता हमारी दुकान की पहचान है। वर्तमान में मेरे दुकान में फिलहाल चांदी व सोने के आभूषणों के अलावे कई अन्य प्रकार के जेवरात भी उपलब्ध हैं। सभी आभूषणों में हॉलमार्क अवश्य रहता है। मौके पर निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन, अजय गुप्ता, पवन अग्रवाल, भगवान प्रसाद, सत्यम कुमार अग्रवाल, शिवम कुमार आदि भी थे।

### महिला कराटे में गोल्डी को मिला सम्मान



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ताली की गोल्डी कुमारी पिता उमेंद्र तिवारी को मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियन मार्शल आर्ट टाइगर्स अकादमी में गोल्डी को ब्लैक की परीक्षा उत्तीर्ण होने इंटरनेशनल सोटो कानो कराटे दूं आर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हेंसी बिरेंद्र अग्रवाल ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया। गोल्डी ने अपने जीवन की विपरीत परिस्थिति का सामना करते हुए कड़ी मेहनत कर मुकाम हासिल किया है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र तिवारी, मारकंडे तिवारी ने हर्ष जताते हुए बताया कि यह हमारे गांव के लिए गौरव की बात है।

### पाटन प्रखंडस्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**पाटन पलामू।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत प्रखंडस्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कई प्रतिभागियों ने खाना बनाकर बेहतर प्रदर्शन किया। छह को संकुलस्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। इसके बाद शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता में यहां से चयनित प्रतिभागी जिलास्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर बीइओ हरि ठाकुर, मध्याह्न भोजन ऑपरेटर प्रवेश कुमार, बीआरसी कर्मी अंजनी नंदन मिश्रा, हरेंद्र सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

## कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दें प्राचार्य : संजय सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

- विधायक ने एसबीएस कॉलेज में प्रबंधन कमेटी संग की बैठक
- कॉलेज में बायोमेट्रिक व सीसीटीवी कैमरा सहित शौचालय दुरुस्त करने का निर्देश



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव सह अध्यक्ष एवं सचिव सुशीला मिश्रा ने प्रभारी प्राचार्य के साथ बैठक की। जिसमें कॉलेज में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं उनके लिए खेल कूद समेत पठन-पाठन में सुधार समेत कई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य से सभी बिंदुओं पर अद्यतन जानकारी लेकर इसमें सुधार का निर्देश दिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री एवं शौचालय को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने कहा कि कॉलेज का पैसा छात्रों का है। इसे अनावश्यक रूप में नहीं बल्कि एक प्रोजेक्ट तैयार कर व्यवस्था में जल्द सुधार लाइये ताकि यह बच्चों को सुलभ तरीके से मिल सके।

### अंचल कार्यालय से कैंप तिथि की सूचना जारी

**मोहम्मदगंज।** अंचल कार्यालय के राजस्व संबंधी कार्य लगन रसीद, रैयत के नाम, खाता और प्लॉट संख्या की त्रुटि में सुधार समेत अन्य कार्यों के निष्पादन को लेकर हर सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाने के निर्देश के आलोक में मोहम्मदगंज अंचल कार्यालय से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में आयोजित कैंप के लिए तिथि निर्धारित की गयी। सूची के अनुसार 10 को रामबांध, 13 को पंसा, 15 को कोल्हूवा सोनबरसा, 17 को लटपौरी, 20 को गोड़ाडीह, 22 को मोहम्मदगंज में कैंप लगेगा।

## पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने किया पीएम का पुतला दहन



अजीत दुबे

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में अमेरिका से प्रवासी भारतीय के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर छहमुहान चौक पर जमकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर पीएम मोदी का पुतला दहन किया। कहा कि विदेश से अगर भारतीयों को निश्चित रूप से वापस लाना चाहिए। मगर जैसे अमेरिका ने भारतीयों के साथ व्यवहार किया, यह निंदनीय है। सरकार की जिम्मेवारी है कि उन्हें सम्मान के साथ वापस लाये। मौके पर रामाशीष पांडेय, शमीम अहमद राइन, मिथिलेश सिंह, ईश्वरी सिंह, विद्या सिंह चेरो, सन्नू खान, अमरेश पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, शेर खान, सच्चिदानंद मिश्रा, जातरू उरांव, अजय साह, राजेश चौरसिया, मिट्ठू खान आदि भी थे।

### सर्वजन पेंशन योजना का भुगतान पांच माह से लंबित, सामाजिक कार्यकर्ता करेंगे आंदोलन



**विश्रामपुर (पलामू)।** सर्वजन पेंशन योजना के सैकड़ों लाभुकों का भुगतान पांच माह से लंबित है जिससे बिश्रामपुर नगर परिषद के एक हजार से भी ज्यादा वृद्ध, विधवा व दिव्यांग परेशान हैं। पेंशन भुगतान के बारे में जानकारी लेने के लिये प्रतिदिन ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं। शुक्रवार को दर्जनों पेंशन लाभुकों ने अपनी व्यथा सामाजिक कार्यकर्ता मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी को बतायी। पेंटर जिलानी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके हित की लड़ाई वे खुद लड़ेंगे। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र भी प्रेषित किया जिसमें कहा गया है कि पेंशन की राशि से ही इनका गुजर बसर होता है अगर 11 तक लाभुकों को पेंशन की लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो 13 को सांकेतिक रूप से एक दिवसीय भूख हड़ताल करेंगे।

# पलामू वारियर्स को तीन विकेट से हराकर सेफा में डंडीला यूथ की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता



मैन ऑफ द मैच को पुरस्कार देते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला जे बी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला शुक्रवार को पलामू वारियर्स और डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पलामू वारियर्स ने आठ विकेट पर 16 ओवर में 163 रन बनाये। जवाबी पारी में डंडीला यूथ क्रिकेट टीम 15.1 ओवर में सात विकेट खोकर 164 रन बनाकर तीन विकेट से मैच जीत लिया। इसी जीत के साथ डंडीला यूथ क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी। बेहतर प्रदर्शन के लिये डंडीला टीम के ओपनर बैट्समैन गोलू कुमार को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। गोलू ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाये थे। गोलू को मैंन ऑफ द मैच का ट्रॉफी युवा भाजपा नेता सुशील शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, कुमार कलिका सिंह उर्फ राजू सिंह व पत्रकार जयकांत शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिया। मौके पर काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद थे।

सदर प्रमुख और उप प्रमुख ने आदिवासी कुंभ मेला की तैयारियों का लिया जायजा

# मेला को वृहद बनाने का किया जा रहा है हरसंभव प्रयास: बसंती देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेला स्थल का निरीक्षण करते सदर प्रमुख बसंती देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी कुंभ मेला का आयोजन 11 व 12 फरवरी को आयोजित किया गया है। मेले की तैयारी को लेकर प्रशासन व मेला समिति सक्रिय है। सदर प्रखंड प्रमुख बसंती देवी व उप प्रमुख शीतल सिंह निराला ने कुंभ मेला की तैयारियों का जायजा लिया। नेताद्वय ने कहा कि मेला को वृहद व आकर्षक बनाने के लिए तैयारी अंतिम चरण में है। मेले में दूसरे राज्यों के आदिवासी समूह भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर कई सरकारी विभाग के स्टॉल लगाया जायेगा। स्टॉल से लोगों के समस्या संबंधित आवेदन लिये जायेंगे। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्ति बांटी जायेगी। वाहनों के रख रखाव के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की गयी है। मेला की साफ सफाई कई दिनों से की जा रही है। मेला की खुबसूरती के लिए आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मेले में राजा मेदिनीराय की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि मेले की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। मौके पर सदर उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, सत्येंद्र सिंह चेरो, शमशेर आलम, सत्यनारायण सिंह, उमेश सिंह, ठकुराई सिंह, अरूण सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# गढ़वा में दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

## 64 बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन, छह को मिला नियुक्ति पत्र, अगले चक्र के रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 222 युवक-युवतियां

खबर मन्त्र संवाददाता





रोजगार मेला का उद्घाटन करते डीसी व उपस्थित आवेदक

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय गढ़वा की ओर से दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के तहत रोजगार मेला 2025 का आयोजन शुक्रवार को जिला मुख्यालय के फॉरेस्ट कॉलोनी गढ़वा के मैदान में किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार उपस्थित थे।

दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025 का सफल आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार के मार्ग दर्शन में किया गया। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेला का उद्देश्य राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्रदान करने के अवसर उपलब्ध कराना है। इस रोजगार मेला में कुल 19 निजी क्षेत्र स्थानीय नियोजकों (सोडेक्सो कॉर्पोरेट, बाबा कमलेश टेक्सटाइल गढ़वा, एसआईएस लिमिटेड बेलचंपा, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया, स्पंदना सफार्टी फाइनेंस लिमिटेड गढ़वा, मिलेनियम स्किल बाई जी4 एस सिक्योरिटी गार्ड, कल्पना एजुकेशनल ट्रस्ट गढ़वा, स्वतंत्रा माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सीएआईटी इडुयूएसवाईएस प्राइवेट लिमिटेड, मनी ट्री, शिवा प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी मेराल, किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डेल्हीवेरी लि0 कंपनी, यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति, नीड्स मैनपॉवर सपोर्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, सटीअन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड, क्वेस कॉर्प, जीवितम लाइवलीहुड टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड,आर्मस्ट्रांग निटिंग मिल्स) जैसे नियोजको द्वारा मैनेजर, लोन ऑफीसर, ट्रेनी ऑपरेटर, क्लर्क, सिक्योरिटी गार्ड, अकाउंटेंट, बिलिंग इनचार्ज, नर्सिंग ट्यूटर, रिलेशनशिप ऑफीसर, सेल्समैन, डिलीवरी ब्वॉय, टीचर, लेक्चर, मशीन ऑपरेटर आदि पदों के लिए आवेदन लिए गए।

जिसमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, हजारीबाग, जमशेदपुर, कोलकाता, पुणे, चेन्नई एवं बेंगलुरु के लिए कुल 2218 रिक्त प्राप्त है जिसमें से उपलब्ध रिक्ति में से लगभग 600 रिक्ति गढ़वा एवं संपूर्ण झारखंड के लिए प्राप्त है। उपायुक्त श्री जमुआर ने रोजगार मेले में आये सभी बेरोजगार युवक-युवतियों से कहा कि आप सब यहां से एक नये दौर कि शुरूआत करने जा रहे हैं। हम सब अपने माता-पिता एवं सगे संबंधी का एक सहारा बनने के लिए पढ़ाई करते हैं। हमारी कोशिश और इच्छा रहती है कि हम औरों के लिए कुछ विशेष कर पाए। समाज के लिए परिवार के लिए कुछ कर पाए। इसके लिए हम सभी को अपने पैरों पर खड़े होना हम सब की सबसे पहली प्राथमिकता होती है। इसी दौर में आप की एक शुरूआत है और आप हमेशा याद रखें कि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरी ही नहीं होती है। अब वह समय बदल गया है। नौकरी का मतलब अब केवल सरकारी नौकरी नहीं होती हैं। कुछ लोग हैं जो कि सरकारी नौकरी में है और बहुत सारे लोग प्राइवेट जॉब में है। आप जिस काम के लिए यहां पर है यह भी एक निजी जॉब है।

उपायुक्त ने नियोजन पदाधिकारी को और बेहतर प्रचार प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया। क्षेत्र में रोजगार की समस्या बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने रोजगार मेले में आये बेरोजगार युवक/युवतियों को शुभकामनायें दी और कहा कि आप कोई भी रोजगार अपने लिए नहीं करते बल्कि आप अपने माता-पिता, भाई-बंधु, घर परिवार के लिए करते हैं और कोई भी जॉब छोटा या बड़ा। किसी श्रेणी में हमें नहीं आंकना चाहिए। रोजगार मेला में कुल 64 युवक-युवतियों का चयन किया गया। साथ ही कुल 222 युवक-युवतियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मेला स्थल में सांकेतिक रूप में कुल 06 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## बीएमएस नेता रविंद्र कुमार मिश्रा ने स्वदेशी मेला का किया उद्घाटन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली गेट स्थित दुर्गा मंडप के परिसर मे करगली गेट मे मुख्य अताथि बीएमएस नेता सह सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा ने स्वदेशी मेला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। श्री मिश्रा ने कहा कि मेला के आयोजन का उद्देश्य लोकल उत्पाद को बढ़ावा देना है। स्वदेशी वस्तुओं के प्रति लोगों में आकर्षण पैदा करने के साथ - साथ छोटे उद्यमियों को एक प्लेटफार्म मुहैया कराने के अलावा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना ही स्वदेशी मेला का मुख्य उद्देश्य है। कहा कि स्थानीय लोगो को सभी प्रकार की स्वदेशी वस्तुएं एक छत के नीचे मिलेगी। बीएमएस के घनबाद जिला मंत्री सह मेला प्रमुख घर्मजीत चौघरी ने कहा कि मेला के दौरान प्रतिदिन बच्चों -महिलाओं के लिए रोचक, सांस्कृति व ज्ञान वर्धक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इसके तहत बाल संसद प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण व हस्तकला प्रतियोगिता, रंगोली व भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है।

# सतबहिनी झरना तीर्थ में 11 दिनों के विराट मेले की तैयारी शुरू

## नालंदा की कंपनी लगा रही टावर झूला सहित कई तरह के झूले व जादू शो

खबर मन्त्र संवाददाता



मेला में लगे झूले

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में माघ पूर्णिमा से 11 दिनों के विराट मेले की तैयारी शुरू हो गई। इस दौरान नालंदा की कंपनी के द्वारा झूला लगाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। जबकि विभिन्न दुकानों का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। मालूम हो कि मानस महायज्ञ के अवसर पर माघ पूर्णिमा से सतबहिनी झरना तीर्थ में प्रतिवर्ष 11 दिनों का विराट मेला लगता है। जिसमें स्थानीय हजारों व्यापारियों के साथ अन्य कई जिलों एवं दूसरे राज्यों के सैकड़ो व्यापारी इस मेले में अपनी दुकान सजाते हैं। जहां लाखों की संख्या में दूर-दूर से आने वाले पर्यटक 11 दिनों तक जमकर खरीदारी करते हैं। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में 13 फरवरी से 23 फरवरी तक मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह के मौके पर 11 दिनों का विराट मेला लगेगा। इस मेले की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। इन दिनों सतबहिनी झरना तीर्थ के मेला मैदान में बिहार राज्य के नालंदा जिला की कंपनी बहुत बड़ा झूला लगा रही है। इस दौरान टावर झूला, नाव झूला, ब्रेक डाउन झूला, ड्रैगन ट्रेन, मिकी माउस, 3 इन 1 झूला, स्कॉर्पियो झूला, जादू शो आदि की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। मेला के व्यवस्थापक ज्वाला प्रसाद ने कहा कि हालांकि 13 फरवरी से मानस महायज्ञ के साथ-साथ विराट मेले की शुरूआत होगी। लेकिन बहुत बड़े झूले के लिए कई दिन पहले से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस झूला कंपनी के पास बच्चों के साथ-साथ बड़ों के मनोरंजन की भी भरपूर व्यवस्था है। यहां पहुंचने पर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा। यह कंपनी जहां भी जाती है लाखों की संख्या में लोग झूले का आनंद लेने के लिए उमड़े पड़ते हैं। मेले की जानकारी देते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि मेले में भीड़ बढ़ने के बाद व्यवस्थित ढंग से मेले का कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता। मेला को सुव्यवस्थित बनाए जाने को लेकर इस वर्ष पहले से ही तमाम व्यवसाइयों को उनकी दुकान के लिए स्थान आवंटन एवं लिखित रूप में उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर मीडिया के माध्यम से स्थानीय एवं दूर-दूर के विभिन्न तरह की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को यह सूचना दी गई है कि सतबहिनी झरना तीर्थ में पहुंचकर समिति से संपर्क करके अपना स्थान आवंटन एवं दुकान का रजिस्ट्रेशन करा लें। उन्हें रजिस्ट्रेशन के दौरान दुकान की क्रम संख्या, आवंटित स्थान का आकार, दुकानों की कतार की संख्या एवं उनके लिए निर्धारित पर्यटन स्थल विकास शुल्क का विवरण स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा। जिसे कमेटी को दिखाने के बाद ही वह अपनी दुकान लगा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के दौरान उन्हें बताए गए नियमों एवं प्रावधानों का अक्षरशः पालन करना होगा। सफाई एवं शांति व्यवस्था की उनकी जिम्मेवारी निभानी होगी। निर्धारित शुल्क हर हाल में वर्णित तिथि को भुगतान कर देना होगा। पिछले मेले में हुई अव्यवस्था को देखकर ही समिति की बैठक में नियम एवं प्रावधान तय किए गए हैं। तमाम व्यापारी जो सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 25वें मानस महायज्ञ के दौरान 11 दिनों के विराट मेले में दुकान लगाना चाहते हैं उन्हें मौके पर पहुंचकर समिति से मिलकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लेने की सलाह दी गई है।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**RC/781/2019**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**ASHISH KUMAR SAHU**

To
**(CD1)ASHISH KUMAR SAHU**

Also At
S/O HARDEV PRASAD SAHU, R/O
VILLAGE - GARILONG, P.O. GARILONG
PS TANDWA, DISTRICT - CHATRA - 825321

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/159/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 1644496.00 (Rupees Sixteen Lakhs Forty Four Thousands Four Hundred Ninety Six Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **16/05/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **03/02/2025**.

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI**


# डीसी ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं



जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में लगभग 20 आवेदन प्राप्त हुए। जिसे डीसी ने सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास भेज कर प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में डीसी ने लोगों की समस्याओं को एक-एक कर सुना। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास करें। ताकि जिला प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे। जनता दरबार में आवास योजना, बैंक से संबंधित मामले, स्वास्थ्य, वृद्धापेंशन, जमीन, राशन, पानी आदि से संबंधित मामलों से लोगों ने डीसी को अवगत कराया।

# डेंटल चेकअप कैंप में मवि करकोमा के बच्चों की स्वास्थ्य जांच



बच्चों की दांत जांच करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल फरठिया गढ़वा की ओर उत्क्रमित मध्य विद्यालय करकोमा में डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के दांत से संबंधित बीमारियों का इलाज किया गया एवं सभी को दवा एवं पेस्ट दिया गया। साथ ही साथ दांत से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। इस शिविर में लगभग 70 बच्चों का निःशुल्क इलाज किया गया। इस शिविर मे वनांचल डेंटल कॉलेज के डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ सुमित, डॉ सत्या, डॉ उर्जिता, डॉ पूजा, डॉ रीता, डॉ राजलक्ष्मी एवं रवि ने अपना भूमिका निभाया।

## बैंक संचालक सैकत खान ने किया किन्नर गुरु राधा दीदी को सम्मानित

# गढ़वा में दिखा किन्नर समाज का समर्पण, कपड़ों की गठरी के साथ पहुंची कपड़ा बैंक

खबर मन्त्र संवाददाता



कपड़ा बैंक में किन्नर समाज की मुखिया को सम्मानित करते शौकत खान

**गढ़वा।** समाज सेवा और समर्पण की धड़कन उन दिलों में भी धड़कता है जिसे समाज में अभी भी समान और सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता। जी हां हम बात कर रहे हैं किन्नर समाज की। हालांकि अब लोगों का उनके प्रति समतामूलक विचार और व्यवहार पनपने लगा है। गढ़वा किन्नर समाज ने सेवा और समर्पण का मिसाल स्थापित करते हुए शुक्रवार को कपड़ों की कई गठरी और राशन के साथ समाजसेवी शौकत खान द्वारा संचालित निःशुल्क कपड़ा बैंक में पहुंची। किन्नर समाज की मुखिया किन्नर गुरु राधा देवी ने उक्त कपड़ों और राशन को कपड़ा बैंक को समर्पित करते हुए उसे गरीबों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। सैकत खान ने कपड़ा बैंक पहुंची किन्नर समाज के सभी बहनों का स्वागत तिरंगा प्रदान कर किया।

गढ़वा में किन्नर समाज कि गुरु राधा दीदी अपनी पुरी टीम गरीबों के लिए प्रतिदिन चल रहे निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक में ढ़ेर सारा नये नये साड़ी और कपड़ा के साथ तीन बोड़ा राशन डोनेट किया। गरीबों के बीच दर्जनों किन्नर और किन्नर समाज के अंदर मानवता की जज्बा को देखकर बहुत सारे नागरिकों की भीड़ कपड़ा बैंक के बाहर उमड़ पड़ी। बहुत लोगों फोटो वीडियो लेने लगे तो कुछ सेल्फी खिंचाने को आगे आये। उसी बीच किन्नर समाज की गुरु राधा किन्नर ने अपने संबोधन में कहा कि शौकत खान के द्वारा गरीबों के लिए जो निस्वार्थ सेवा कार्य किया जा रहा है वो वाकई में मिसाल है। इनकी जितनी भी तारीफ की जाए कम होगी। शौकत खान की निस्वार्थ सेवा कार्यों को हम लोग देखकर बहुत प्रभावित होते हैं। आगे भी गढ़वा किन्नर समाज की तरफ से अनेक निशुल्क बैंक गढ़वा में लगातार कपड़ा और राशन से सहयोग किया जाएगा। हम सब की ओर से कपड़ों और राशन की दान गरीबों के लिए वरदान साबित होगी। किन्नर समाज की गुरु राधा किन्नर ने भावुक होते हुए कहा कि दुनिया में हमारे कोई बच्चे और परिवार के लोग नहीं हैं। इतना तक कि हमारे जन्मदाता भी हमारे नहीं रहे। हमारे लिए जो कोई भी है वे गढ़वा जिले के हमारे जजमान होली हैं। यहां के सम्मानित नागरिक ही मेरे सब कुछ है। मुझे गढ़वा के लोगों से जो प्यार और आशीर्वाद के साथ बधाई भी मिलता है वो मैं चाहती हूं कि यही के गरीबों के बीच खर्च करें। इसलिए मैं लगातार समाजिक कार्यों के साथ साथ धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हूं।उन्होंने शौकत खान और उनके पुत्र साजिद खान को सराहनीय सेवा कार्य के लिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्हें आशिर्वाद देती हूं कि आगे ये इसी तरह गरीबों की सेवा करते रहे। किन्नर समाज आपके साथ है।

इस मौके पर शौकत खान ने कहा कि मुझे याद है राधा दीदी जी कोरोना काल में भी लगातार गरीबों की मदद की है। कोरोना के बाद अपनी जन्मदिन मनाने हमारे कपड़ा बैंक में गरीबों के बीच पहुंचकर मनाई थी। किन्नर समाज का आशीर्वाद मुझे सदैव मिलता रहता है। जिसके लिए मैं किन्नर समाज गढ़वा का आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर कपड़ा बैंक संचालक साजिद खान सहित कई लोग उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)
**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

पंडरा (NH75 पर)-कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना।

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-चंदवे, थाना-राँची, थाना संख्या-190, अंचल-काँके, जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा-पंडरा (NH75 पर)-कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-चंदवे, थाना-राँची, थाना संख्या-190, अंचल-काँके, जिला-राँची मे उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-8.904 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

मौजा-चंदवे

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 61 | 105 | टांड़ दो | 0.133 | बकास्त भुईहरी | 104 | 140 | 106 | 141 |
| 2 | 34 | 106 | टांड़ दो | 0.689 | दुमस उरांव, वल्द कोका उरांव वगै० | 103 | 107 | 482 | 105 |
| 3 | 58 | 90 | टांड़ दो | 0.393 | बंधना उरांव वल्द डीबरु उरांव, जाति उरांव, व बंधना उरांव वल्द डीबरु वगै० | 94 | 88 | 89 | 92 |
| 4 | 34 | 179 | टांड़ दो | 0.526 | दुमस उरांव, वल्द कोका उरांव, जाति उरांव वगै० | 180 | 178 | 181 | 242 |
| 5 | 43 | 201 | दोन दो | 0.065 | शौवना उरांव वल्द मांगा उरांव | 200 | 242 | 242 | 202 |
| 6 | - | 96 | - | 0.101 | अज्ञात | 570 | 87 | 104 | 89 |
| 7 | 61 | 41 | टांड़ दो | 0.017 | बकास्त भुईहरी | 35 | 43 | 42 | 182 |
| 8 | 54 | 42 | टांड़ दो | 0.007 | बकास्त भुईहरी | 35 | 47 | 48 | 41 |
| 9 | 54 | 43 | टांड़ दो | 0.730 | बकास्त भुईहरी | 41 | 45 | 46 | 181 |
| 10 | 67 | 46 | - | 0.269 | बकास्त | 49 | 83 | 81 | 47 |
| 11 | 54 | 47 | टांड़ दो | 0.044 | बकास्त भुईहरी | 48 | 43 | 46 | 42 |
| 12 | 61 | 81 | - | 0.053 | बकास्त भुईहरी | 80 | 83 | 82 | 46 |
| 13 | 54 | 83 | टांड़ दो | 0.454 | बकास्त भुईहरी | 81 | 85 | 84 | 45 |
| 14 | 64 | 88 | - | 0.025 | बकास्त | 89 | 87 | 96 | 91 |
| 15 | 54 | 89 | टांड़ दो | 0.395 | बकास्त भुईहरी | 95 | 88 | 96 | 90 |
| 16 | 61 | 92 | टांड़ दो | 0.205 | बकास्त भुईहरी | 93 | 91 | 90 | 83 |
| 17 | 54 | 93 | टांड़ दो | 0.492 | बकास्त भुईहरी | 94 | 92 | 90 | 84 |
| 18 | 67 | 102 | – | 0.066 | बकास्त | 100 | 103 | सीमाना | 104 |
| 19 | 64 | 103 | – | 0.431 | बकास्त | 102 | 106 | सीमाना | 104 |
| 20 | 54 | 104 | टांड़ दो | 0.325 | बकास्त भुईहरी | 97 | 105 | 102 | 96 |
| 21 | – | 178 | – | 0.029 | अज्ञात | 179 | 17 | रास्ता | 242 |
| 22 | 61 | 180 | टांड़ दो | 0.064 | बकास्त भुईहरी | 182 | 179 | 182 | 242 |
| 23 | 64 | 204 | – | 0.312 | बकास्त | 203 | 242 | 242 | 205 |
| 24 | 67 | 205 | – | 0.432 | बकास्त | 206 | 241 | 204 | 224 |
| 25 | 54 | 224 | टांड़ दो | 0.338 | बकास्त भुईहरी | 223 | 241 | 205 | 225 |
| 26 | 54 | 225 | दोन तीन | 0.712 | बकास्त भुईहरी | 218 | 229 | 241 | 226 |
| 27 | 39 | 242 | दोन दो | 0.777 | सुकरा मुन्डा वल्द गुनदुरा मुन्डा वगै० | 180 | 179 | 179 | 201 |
| 28 | – | 226 | – | 0.041 | अज्ञात | सीमाना | 228 | 225 | सीमाना |
| 29 | – | 227 | – | 0.033 | अज्ञात | 229 | 228 | 225 | 226 |
| 30 | – | 228 | – | 0.265 | अज्ञात | 226 | 230 | 229 | सीमाना |
| 31 | – | 229 | – | 0.037 | अज्ञात | 225 | 230 | 241 | 228 |
| 32 | – | 241 | – | 0.308 | अज्ञात | 224 | 240 | 243 | 229 |
| 33 | 59 | 84 | परती कदीम | 0.075 | गैरमजरुआ मालीक | 82 | 92 | 93 | 83 |
| 34 | 52 | 482 | परती नाली | 0.061 | गैरमजरुआ मालीक | – | – | – | – |
| | | | Total | 8.904 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा-उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 346032 Land Reforms(24-25)D

उपायुक्त,राँची

खबर मन्त्र

रांची. शनिवार. 08 फरवरी 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# जी-20 का बहिष्कार

अमेरिका ने आगामी जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक से खुद को अलग कर लिया है। इसकी वजह दक्षिण अफ्रीका से अमेरिका का तनाव है। अमेरिका ने जी20 की बैठक में ना जाने की वजह दक्षिण अफ्रीका के नए भूमि अधिग्रहण कानून और कथित अमेरिका विरोधी रुख को बताया है।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि वह 20-21 फरवरी को जोहानिसबर्ग में होने वाली बैठक में शामिल नहीं होंगे। अपनी पोस्ट में रुबियो ने दक्षिण अफ्रीका पर बहुत गलत काम करने का आरोप लगाया, जिसमें निजी संपत्ति का अधिग्रहण और जी20 मंच का उपयोग विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) नीतियों और जलवायु-केंद्रित एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए करना शामिल है। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह एक कूटनीतिक दरार को दिखाता है, क्योंकि फिलहाल दक्षिण अफ्रीका जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। इस फैसले के कारण रुबियो अपने कई वैश्विक समकक्षों से मिलने का मौका भी खो देंगे, जिनमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी शामिल हैं। इस विवाद के केंद्र में दक्षिण अफ्रीका का नया भूमि अधिग्रहण अधिनियम 13, 2024 है, जो सार्वजनिक हित में मानी जाने वाली भूमि को बिना मुआवजे के अधिग्रहण की अनुमति देता है। यह कानून पिछले महीने पारित किया गया था और इसका उद्देश्य रंगभेदी शासन (अपार्थाइड) के दौरान पैदा हुई असमानताओं को दूर करना है। दक्षिण अफ्रीकी सरकार का कहना है कि अधिग्रहण कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करेगा और मनमाने ढंग से लागू नहीं किया जाएगा, लेकिन इस कानून को अमेरिका के रूढ़िवादी हलकों, विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप, की ओर से कड़ी आलोचना झेलनी पड़ी है। इसका वैश्विक प्रभाव नकरात्मक ही होगा।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# देश के विकास में बढ़ती युवा महिलाओं की भागीदारी



**पिछले** एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52% महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42% थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिएः नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं।

मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42% की तुलना में अब 54% महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।



**- प्रियंका**

> विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी योगदान दे रही हैं। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी।

**- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**विवाह** के वर्षगांठ के अवसर पर असम में विश्व प्रसिद्ध प्राचीन माँ कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। मां कामाख्या सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूँ। जय मां कामाख्या!!

जय जय मां कामाख्या!!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे एक अनन्य रामभक्त थे, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। दलित पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वर जी समाज के वंचित समुदायों के कल्याण के कार्यों के लिए भी हमेशा याद किए जाएंगे।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# अब कनाड़ा में खालिस्तान बनने की प्रक्रिया शुरू

**अशोक मधुप**

सामयिक

पियरे टूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।

अभी कुछ माह पूर्व 25 मई को हमने अपने लेख में कहा था कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधि को भारत नजर अंदाज करता रहे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो को खालिस्तानियों का समर्थन करने दे, जल?दी ही खालिस्तान कनाडा में बने। भारत में नही। ऐसा होता अब नजर आने लगा है। खालिस्तानी वहां मांग करने लगे हैं कि कनाडा हमारा है। बाकी दुनिया भर के लोग अपने-अपने देश वापस जाएं।

कनाडा में निकाले गए एक ह्यनगर कीर्तन के दो मिनट के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडाई लोगों को घुसपैठिया कहा। उन्हें इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने के लिए कहा। वीडियो में जुलूस में शामिल लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है। यह कनाडा है, हमारा अपना देश। तुम कनाडाई वापस जाओ। भारतीय खुफिया सूत्रों ने इस घटना को कनाडा में नॉर्मल करार दिया। कहा कि खालिस्तानी धीरे-धीरे देश के सभी पहलुओं पर कब्जा कर रहे हैं। ठीक से निगरानी न होने की वजह से ये खालिस्तानी समूह स्थानीय कनाडाई लोगों से भी नियंत्रण छीन रहे हैं। हिंदुओं से सुरक्षा के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं और अब उनकी कॉलोनियों में स्थानीय लोगों को खतरा हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर सत्ता संभालने के बाद से पूरी तरह मेहरबान है। भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नहीं कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। हमने पहले लेख में कहा था भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें। हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें। कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा। हमारा पहला कथन अब सही होता दीखने लगा है। कुछ समय ऐसा ही होता रहा तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के लिए ही सिर दर्द बनेंगे। कनाडा. ने सख्ती की तो ये उसके खिलाफ विद्रोह पर उतर आएंगे। आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे। परिणाम स्वरूप पंजाब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा, अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय हुए। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा। बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी केही दो सिख सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे टूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे टूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे टूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है। पियरे टूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक

# को कह सकत प्रयाग प्रभाउ- यह आस्था का महाकुंभ है अद्वितीय, अव्यक्त

**एनके मुरलीधर**

महाकुंभ

144 साल बाद ग्रहों का सकरात्मक मिलन और उसके प्रभाव से सुनिश्चित दिन का मिलान की गणना के बाद सनातन की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है महाकुंभ। इसे सहज भाव से समझना कठिन है। मानस में तुलसीदास ने प्रयाग की महिमा का बखान करते हुए कहा है कि **कौ कह सकत प्रयाग प्रवाउ।**

प्रयाग इन दिनों एक शहर मात्र नहीं है यह सकरात्मक चिंतन का कोष है जिसमें गंगा-यमुना और सरस्वती का निर्मल जल मिला है। बिना प्रयाग गये इस वैभव को समझना सहज नहीं है। श्री कृष्ण कहते है कि नदियों में मैं गंगा हूं। इस व्यापक दर्शन का अहसास इस महाकुंभ में हो रहा है। भीड़ से डरे, और दुर्धटनाओं से सहमें लोगों का आयोजन नहीं है। सनातन का भाव जन्म और मृत्यु के बाद मुक्ति और मोझ का है। जहां विज्ञान समाप्त होता है वहा से महाकुंभ का विज्ञान आंरभ होता है।

**इसकी व्यापकता को लेकर विहिप के केशवराजू जी बताते हैं कि**

`प्रतिभागियों की संख्या 110 विश्व कप फुटबॉल आयोजनों के बराबरः कुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें प्रतिभागियों की संख्या सबसे अधिक है।`

45 दिनों के इस महोत्सव में 40 करोड़ से 45 करोड़ आने की उम्मीद हैः (जानकारी है कि 22 जनवरी को 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु अमृत स्नान कर चुके हैं।)

एक लाख 60 हजार से ज्यादा टेंट (टेंट सिटी)।

पहली अस्थायी 'बुलेट प्रूफ डेमो सिटी' संरचना।1,45,000 शौचालय। सफाई के लिए 4,50,000 अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती। (उनके परिवारों सहित सभी के लिए रहने का आवास एवं भोजन की व्यवस्था)

तीन महीने तक अपने बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज यही होते हैं..

कचरा हटाने के लिए 120 कचरा डिस्पोजेबल ट्रक।उन्नत हथियारों के साथ 49 हजार से अधिक सुरक्षा बल (35,000 पुलिस + 14 हजार होम गार्ड + अन्य विभाग।)। पांच वज्र वाहन।

प्त 2,700 एआई/अक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरे

113 पानी के नीचे ड्रोन।

4 एंटी सेबोटेज टीमें चौबीसों घंटे गश्त करती हैं। 7,750 बसों वाले सात बस स्टैंड। 14 नए फ्लाई ओवर और अंडर पैसेज। 67 हजार स्ट्रीट लाइटें।

प्तपेयजल की निर्बाध आपूर्ति

हर दिन औसतन 100 लाख से अधिक (एक करोड़ से अधिक लोगों) के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए सब्जियों और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति।

दस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का आवंटन - सरकारी अधिकारियों का अनुमान है कि 2 लाख करोड़ रुपए का सरकारी राजस्व आएगा। जहां कुंभ मेला लगता है उसके आसपास के क्षेत्रों को एक अलग जिले के रूप में गठित किया गया है और एक पूरी नौकरशाही स्थापित की गई है - उत्तर प्रदेश सरकार ने इतिहास रचा है। (दुनिया में किसी ने भी इतनी संख्या में इतने दिनों तक इतना बड़ा आयोजन नहीं किया है।) और भी बहुत कुछ है...और मुनाफे का हिसाब लगाते रहो।

यह सिर्फ एक घटना यह इवेंट नहीं है...  
यह है भारत की जनता का श्रद्धा,  
ये है हिंदुओं की आस्था  
हिंदुओं की संस्कृति।

निश्चित इतने व्यापक व्यवस्था के बाद भी चूक मानवीय भूल अधिक है व्यवस्था की कमी को नरेश ठाकुर नकारते हैं। महाकुंभ की महाव्यवस्था में मैं अरैल चौक के पास स्थित स्टे होम तक रात दस बजे पहुंचा तब भी मन में भीड़ को लेकर एक आशंका थी। लेकिन सुबह पांच बजे जब अरैल घाट तक ऑटो ने पहुंचाया तब दस किमी और 12 किमी चलने की बात शेष नहीं बची। हजार लोग ही थे घाट पर। निसाद राज के नावों का मोल भाव चल रहा था। सामने किला, लेटे हनुमान और यमुना का किनारा, चौड़ें रास्ते और अव्वल सफाई कही गंदगी का नामों निशान नहीं। एकादशी का दिन नाव से संगम तक पहुंचने के पहले चिड़ियों को दाना खिलाते लोगों को देखना, नाव से नाव का के बीच हजारों नाव से आस्था का प्रबल प्रभाव ने भय को फटकने नहीं दिया।

बड़ी सहजता से संगम पहुंच गये। लगभग 20 मिनट लगे। यमुना में भी रास्ता बना था नावों के लिये। संगम जीव का शिव से, संगम इंसान का ईश्वर से सम्मान हमारी मानवतुल्य नदियों का जिन्हें संस्कृति में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। क्या गंगा के बिना किसी भारत की कल्पना की जा सकती है? जल का भारतीय नाम ही गंगा जल है।पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की प्रकिया है महाकुंभ। वहीं नाव जिससे निसादराज ले गये उन्होंने ही पूरा ध्यान केन्द्रीत किया और स्नान पूरा होते ही हाथ पकड़कर हिलते नावों में सबको बारी- बारी से नाव पर बिठा लिया।

मुनि भारद्धाज, बासुकीनाथ और लेटे हनुमान के साथ भगवान राम का यह प्रयाग राज और पूरी दुनिया में चर्चा में है तो यह जन-जन की आस्था है।

सन्याशी योगी'मुख्यमंत्री के साथ उनकी समर्थित टीम के कर्तव्यनिष्ठा से हर कोई प्रभावित होगा क्योंकि आज तक ऐसा आयोजन ज्ञात जगत में नहीं हुआ। लौटते समय घाट पर भारी भीड़ उमड़ी है। अरैल के इस घाट पर फलहारी बाबा का स्थायी आश्रम है वहां खिचड़ी और दलिया का प्रसाद पाने का सौभाग्य के बाद मन में लगा जैसे किसी ऐसे प्रयोजन में शामिल हुआ जिसमें न जाता मन उद्धिग्न होता।

हावर्ड यूनिवर्सिटी महाकुंभ पर रिसर्च कर रहा है। विदेशी संत सन्याशियों से आर्शिवाद ले रहें हैं।

सनातक को लेकर पूरी दुनिया के लोग चिंतन का विवश हो रहें है कि यह आस्था आखिर किन कारणों से भारतीयों के जीवन में प्रभाव बनाती है।सनातक का धर्मध्वजा है महाकुंभ अवश्य देखिए समझने का प्रयत्न भी करें।

(महाकुंभ, संगम, प्रयागराज से लौटकर)

## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने लगाए पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप

**इचाक।** चम्पानगर नावाडीह पंचायत की मुखिया काजल देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर वर्तमान पंचायत सचिव सुबोध सिंह के स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव के कार्यशैली से पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण असंतुष्ट हैं। मुखिया काजल देवी ने पत्र में उल्लेख किया कि पंचायत सचिव न तो नियमित रूप से पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहते हैं और न ही पंचायत कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव लाभुकों को अपने आवास पर बुलाकर कार्यों में 5 प्रतिशत कमीशन लेते हैं। इसके अलावा, उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य पंचायतों में सचिवों का स्थानांतरण किया गया, तो उनके पंचायत सचिव को क्यों नहीं बदला गया। उन्होंने कहा कि पंचायत में हो रहे किसी भी कार्य की जानकारी उन्हें नहीं दी जाती, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत का संचालन सिर्फ सचिव द्वारा किया जा रहा है, जबकि वास्तविक जिम्मेदारी पंचायत मुखिया की होती है। मुखिया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से निवेदन किया है कि पंचायत सचिव का स्थानांतरण कर किसी नए सचिव की नियुक्ति की जाए, ताकि पंचायत कार्यालय में कार्यों का सुचारू रूप से संचालन हो सके और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

### तमन्ना की कामयाबी में किसी चीज को बाधा नहीं बनने देंगे : शेखर वर्मा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चोरधरा पंचायत के लपंगा कॉलोनी निवासी रूबी वर्मा एवं शेखर वर्मा की पुत्री तीरंदाज तमन्ना वर्मा ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने गुरू, माता-पिता, परिजनों सहित क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया है। तमन्ना वर्मा की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। अपनी बच्ची की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए रूबी वर्मा एवं शेखर वर्मा ने बताया कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल तिरंदाजी में तमन्ना ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। मालूम हो कि गुरुवार को उत्तराखंड में झारखंड की टीम का फाइनल मैच महाराष्ट्र के साथ हुआ था। इसमें झारखंड की टीम ने सिल्वर मेडल जीता। इस टीम में चोरधरा की पुत्री तमन्ना वर्मा शामिल थी। इससे पूर्व भी तमन्ना कई मेडल जीत चुकी है। बताते चलें कि तमन्ना वर्मा बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में पिछले दो वर्षों से अभ्यास कर रही है। तमन्ना 2028 के ओलंपिक में जाने का ख्वाब संजाये हुए है। इसके लिए वो दिन-रात पसीना बहा रही है। अपनी पुत्री की कामयाबी से गदगद रूबी वर्मा और शेखर वर्मा ने कहा हमें पूरा विश्वास है कि तमन्ना अपने सपने को जरूर पूरा करेगी। उसकी कामयाबी के लिए हर संभव और सार्थक कदम उठाते रहेंगे, उसकी कामयाबी में किसी चीज को बाधा बनने नहीं देंगे। इधर तमन्ना की सफलता पर बिरसा मुंडा एकादमी के प्रेसिडेंट नेहा महतो, सुदेश महतो, विधायक रोशनलाल चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### होली से पूर्व चितरपुर को मिलेगा नए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय

**रजरप्पा।** होली से पूर्व चितरपुर प्रखंड मुख्यालय के समीप बने नए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिक्षा की बड़ी सुविधाएं लेकर आएगी। शिक्षा सुविधाओं के नए आयाम नवनिर्मित और बहुप्रतीक्षित विद्यालय करोड़ों रुपए की खर्च से बनकर तैयार हुई हैं। इसका पिछले तीन- चार साल से बनने का इंतजार किया जा रहा था, जो 2024 वर्ष के दिसंबर तक पूरा हो गई हैं। यानी प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में पूरी तरह से ढांचागत सुविधाओं से लैस हो जाएगा। शिक्षा क्षेत्र की चितरपुर में बड़ी सुविधा होगी। इससे बालिकाओं को भी सहूलियत मिलेगी। जो होली से पूर्व विद्यालय का उद्घाटन किया जायेगा। बताते चलें कि छोटकीलारी-मुरुबंदा में गर्वमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित है। जिससे शिक्षा की दीप जलाई जा रही हैं। वही दुलमी के चामरोम में स्थापित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का पिछले माह शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन विधिवत रूप से उदघाटन कर चुके है. जहाँ पठन-पाठन कार्य शुचारु रूप से चल रही है.

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रामगढ़ रेफर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत मेन रोड स्थित हॉस्पिटल कॉलोनी शिव मंदिर के समीप शुक्रवार को करीब 11 बजे ऑटो और बाइक की टक्कर में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दोनों युवकों को रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनसुार सयाल निवासी 24 वर्षीय आकाश कुमार पिता अरूण कुमार शर्मा और सौंदा डी निवासी 20 वर्षीय आयुष कुमार पिता लालू राम जेएच 01 ईपी 7532 नंबर की बुलेट पर सवार होकर मेन रोड के रास्ते भुरकुंडा की ओर आ रहे थें। इसी क्रम में भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर जा रहे ऑटो से बुलेट की शिव मंदिर के निकट टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों युवकों के दाहिनें पैर में गंभीर चोट लगी है। इधर दुर्घटना के बाद ऑटो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। दो घायलों को सीसीएल अस्तपाल भुरकुंडा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

### संगठन महापर्व को ले भाजपा भुरकुंडा मंडल की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संगठन महापर्व को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा में भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन राजू मल्होत्रा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सह संगठन महापर्व प्रभारी विजय जयसवाल, सह प्रभारी शैलेन्द्र कुमार उपस्थित थें। बैठक की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में संगठन का चुनाव, सदस्यता अभियान, संगठन की मजबूती सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन का चुनाव, बूथ अध्यक्ष का चुनाव कर चयन करवाना और बूथ का निर्माण कर मंडल का चुनाव कराकर अध्यक्ष बनाने का मार्गदर्शन अतिथियों द्वारा दिया गया। साथ ही चुनावी कार्य के लिए शक्ति केंद्र के प्रभारियों की भी घोषणा की गई। इसमें संजीव कुमार बावला, अनमोल सिंह, लक्ष्मी देवी, सुभाष दास, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, अभिषेक मिश्रा शामिल हैं।

# पति ने दूसरी पत्नी पर फरसा से किया वार, बाद में फांसी लगाकर किया आत्म हत्या


पति पत्नी का फाइल फोटो


घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सेवटा रजवार टोला से एक दिल दहला देने घाटना सामने आया। जहां पति ने अपनी दूसरी पत्नी को फरसा से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद खुद फांसी लगातार आत्म हत्या कर लिया। घायल पत्नी को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि सेवटा रजवार टोला निवासी राजू रजवार (उम्र 60 वर्ष) पिता स्व पुनीत रजवार ने गुस्से में आकर अचानक बर्तन धो रही अपनी दूसरी पत्नी शांति देवी (50 वर्ष) को फरसा के जरिए बेरहमी से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद आनन फानन में जहां वह रहता था वहां गया। फिर सीढ़ी लगाकर प्लास्टिक की रस्सी को पारण में बंधा, और गले में रस्सी डालकर फंदे से झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घायल शांति देवी राजू रजवार की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी फूलमती देवी उससे अलग रहती है।

**दिमागी हालत ठीक नहीं होने की थी चर्चा :** ग्रामीण बताते है कि राजू को पूर्व में पैरालेसिस हो गया था। इसके बाद इलाज से वह ठीक भी हो गया। लेकिन पिछले कुछ महीने से उनका दिमागी हालत ठीक नहीं था। घटना के समय करीब 11 बजे के आस पास पत्नी बर्तन धो रही थी। इस बीच राजू गया और उसके ऊपर वार कर दिया। जब शोर होने की आवाज आई तब जाकर लोग जुटे और इसकी सूचना पुलिस को दी।

**पुलिस ने खून से लथपथ पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा :** घटना की सूचना पाकर रामगढ़ डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, ओपी प्रभारी मो नौशाद, अनि आशीष गौतम, सअनि रौशन कुमार सशस्त्र बल पहुंचे। यहां से पुलिस ने पत्नी के ब्लड सेंपल, बाल के साथ घटना में प्रयुक्त किए गए फरसा को जब्त किया है। वहीं इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### आवेदकों को शिविर में ही करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार 8 फरवरी 2024 को जिले के सभी 6 अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजलि कुमारी ने रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू एवं रामगढ़ अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने उपायुक्त द्वारा बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन अभियान मोड में करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में हो रहे हैं कार्यों का जायजा लिया। अपर समाहर्ता के द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले शिविर के सफल आयोजन को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए। 08.02.2025 (शनिवार) को रामगढ़, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

# सार्वजनिक शौचालय पर अवैध कब्जे का मामला गरमाया

## ग्रामीणों ने प्रशिक्षु आईएएस से की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** इचाक बाजार के ग्रामीणों ने प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बोरंगे और थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को आवेदन देकर सार्वजनिक शौचालय पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम मंडपा, पोस्ट रतनपुर के निवासी बंगाली प्रसाद मेहता, संजय मेहता और मनोज मेहता द्वारा शौचालय के मेन गेट के पास जबरन निजी अवैध निर्माण किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों और दूर-दराज से आने वाली महिलाओं को शौचालय के उपयोग में भारी परेशानी हो रही है।

**ग्रामीणों का आक्रोश:** आवेदन में उल्लेख किया गया कि उपरोक्त व्यक्ति असामाजिक और दबंग प्रवृत्ति के हैं, जो सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा कर आम जनता को परेशान कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह शौचालय बबलू स्टडी के संचालक उपेंद्र मेहता द्वारा अपने खर्चे से बनवाया गया था, जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को सुविधा मिल रही थी। उनके इस नेक कार्य के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उनकी सराहना की थी।



सार्वजनिक शौचालय पर हो रहा है अवैध अतिक्रमण

**प्रशासन का आश्वासन:** मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बोरंगे और थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और शौचालय को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार, उपेंद्र मेहता, राजेंद्र प्रसाद, दीपांशु राज, नरेश कपरदार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### इनमोसा की प्राथमिक सदस्यता से कई लोगों ने दिया सामूहिक रूप से इस्तीफा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संजीव कुमार दुबे की अध्यक्षता और प्रभास दास के संचालन में गुरूवार को इनमोसा पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा गया कि लगभग 2 साल से हमलोग क्षेत्रीय कमेटी का चुनाव सही तरीके से करवाने और लगभग 10 से 15 वर्षों से क्षेत्रीय कमेटी का पैसा का लेनदेन का हिसाब-किताब करने की मांग कर रहे हैं। जो आज तक नहीं हुआ है। मामले की जानकारी ऊपर के पदाधिकारी को दी गई, लेकिन किसी तरह की सुनवाई नहीं की गई। ऊपर के पदाधिकारी द्वारा घर में एरिया का कमेटी बना देना, किसी को जानकारी ना देना, किसी भी तरह का विरोध करने पर इनमोसा से निकाल देने की धमकी देना और व्हाट्सएप के माध्यम से बाहरी लोग कह कर संबोधित करना बर्दाश्त से बाहर है। इतना ही नहीं बिना किसी सूचना के भुरकुंडा कमेटी को भंग कर दिया गया है जो कहीं से उचित नहीं है। जान-बूझकर ये लोग ऐसा इसलिए कर रहे हैं कि जब ब्रांच का कमेटी भंग हो जाएगा तो एरिया में यह लोग आवाज नहीं उठा पाएंगे।

## एक नजर में

### मौलिक अधिकार: लोकतंत्र की रीढ़, मानवीय मूल्यों का आधार : प्रो. बालेश्वर

**गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान गौरव अभियान के तहत व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. बालेश्वर प्रसाद सिंह ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने मौलिक अधिकारों को लोकतंत्र की रीढ़ और मानवीय मूल्यों के विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में 1215 ई. में पारित मैग्ना कार्टा को राजनीतिक स्वतंत्रता की गारंटी का प्रारंभिक स्वरूप माना जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजतंत्र से प्रजातंत्र तक की राजनीतिक यात्रा मौलिक अधिकारों के बिना संभव नहीं थी।

मौलिक अधिकार: राज्य सत्ता और आधुनिक सभ्यता का संगम

प्रो. सिंह ने कहा कि राज्य सत्ता के बिना आधुनिक सभ्यता की कल्पना अधूरी है, और इसी कारण मौलिक अधिकार राज्य सत्ता और आधुनिक समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय नागरिकों के लिए संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार अत्यंत मूल्यवान हैं और इन्हें स्थगित नहीं किया जा सकता। उन्होंने वैश्विक संदर्भ में चर्चा करते हुए बताया कि दुनिया के अधिकांश देशों ने उदारवादी लोकतंत्र को अपनाया है, जो राजनीतिक न्याय और समानता पर आधारित है, जबकि सामाजिक लोकतंत्र आर्थिक समानता और न्याय को प्राथमिकता देता है। प्रो. सिंह ने भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अनुच्छेद 32 को संविधान की आत्मा और हृदय करार दिया था। यह अनुच्छेद न्याय, जवाबदेही और व्यक्तिगत अधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र, प्राचार्या डॉ. वसुंधरा कुमारी, सभी सहायक प्राध्यापक और प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।



प्रो. बालेश्वर सिंह

### कुत्तों के आतंक से हजारीबाग जिलेवासी परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में कुत्तों के झुंड सड़कों पर घूमते नजर आते हैं और राहगीरों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं। कई मोहल्लों से ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां आवारा कुत्तों ने लोगों को काटने के लिए दौड़ाया जिसमे लोग गिर कर घायल हो गए। सुबह और शाम के वक्त जब लोग टहलने या काम पर निकलते हैं, तब कुत्तों का झुंड अचानक हमला कर देता है। स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग इस खतरे से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

**नगर निगम की लापरवाही पर सवाल**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम इस समस्या के प्रति उदासीन बना हुआ है। बार-बार शिकायतों के बावजूद कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कुत्तों के काटने से रेबीज जैसी घातक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और नियमित रूप से टीकाकरण एवं बधियाकरण अभियान चलाया जाए।

# संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का प्रथम समाधि महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** देशभर में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का प्रथम समाधि महोत्सव (प्रथम स्मृति दिवस) अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत, हजारीबाग द्वारा भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। आचार्य छत्तीसी विधानः प्रातः 7:00 बजे हजारीबाग के दोनों जैन मंदिरों में महिला समाज हजारीबाग के तत्वावधान में आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन हुआ।

**दीपांजलि एवं शोभायात्राः** संध्या 6:30 बजे बड़ा बाजार जैन मंदिर से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो विद्यासागर संयम कृति स्तंभ (आनंदा चौक) तक पहुंचा। वहां श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आरती एवं भक्ति संध्याः इसके पश्चात दोनों जैन मंदिरों में भक्तिभाव से आरती का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया और आचार्य श्री के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आचार्य श्री की समाधि स्थल डोंगरगढ़ चंद्रगिरी (छत्तीसगढ़) में आयोजित विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द के प्रचलन को आचार्य श्री विद्यासागर जी की प्रेरणा से बल मिला। ?100 का विशेष स्मारक सिक्का जारीः भारत सरकार ने आचार्य श्री विद्यासागर जी के चित्रांकित 100 के स्मारक सिक्के को जारी कर उन्हें सम्मान दिया। 108 स्थानों पर चरण प्रतिष्ठाः आचार्य श्री के प्रथम समाधि दिवस पर देशभर में 108 स्थानों पर 108 किलो वजनी अष्टधातु के चरणों की प्रतिष्ठा की गई। यह प्रतिष्ठा 1 से 6 फरवरी तक गुरु समाधि तीर्थ डोंगरगढ़ में संपन्न हुई।

मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में आचार्य श्री के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर पूज्य मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ, मुनि आदित्य सागर जी महाराज ससंघ एवं अन्य मुनिराजों की पावन उपस्थिति में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।


समाधि महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

### हिंदुओं पर अत्याचार बंद करे पुलिस प्रशासन और झारखंड सरकार: दीपक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पीछे दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान रामगढ़ जिले में दो जगहों पर अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा धार्मिक जुलूस को रोकने और पथराव करने की घटना हुई है जिसको प्रशासन दबाने के प्रयास में है। उक्त बातें विज्ञप्ति जारी कर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की गोला प्रखंड के सोसो कलां एवं हेहल में धार्मिक जुलूस को रोकने एवं पथराव की घटना अल्पसंख्यकों द्वारा की गई है जिसका वीडियो भी उपलब्ध है लेकिन प्रशासन ने उल्टा 27 हिंदुओं पर हीं विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर अपनी तुष्टिकरण की मानसिकता को प्रदर्शित किया है जिससे हिंदुओं में असंतोष उत्पन्न हुआ है। कहा की हम रामगढ़ के हिंदू रक्षा दल एवं तमाम हिंदू संगठनों की तरफ से प्रशासन और सरकार को कड़ी चेतावनी देते है की अगर तय समय सीमा के अंतर्गत वीडियो में दिख रहे दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और अगर एक भी निर्दोष हिंदुओं पर किसी प्रकार की कार्यवाही की गई तो पूरे रामगढ़ जिले का चक्का जाम होगा और किसी भी अनहोनी के लिए स्वयं प्रशासन जिम्मेवार होगा।

# श्री श्याम मंदिर में बाबा की हुई प्राण प्रतिष्ठा


बाबा श्याम की प्रतिमा


शामिल श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज सुबह से ही पांचो यजमान ओम प्रकाश अग्रवाल, राधे श्याम मोदी, विष्णु पोद्दार, ऋषभ पटवारी, संजय अग्रवाल मथुरा वाले के अलावा दैनिक यजमान में मुकेश बौंदिया, विवेक अग्रवाल,राजेश पटवारी, पूर्ण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश बंसल द्वारा दैनिक यजमान के अंतर्गतपूजन का कार्यक्रम बनारस से आए विद्वान पंडित लोकेंद्र मिश्रा की टीम के द्वारा आरंभ कर दिया गया। श्री श्याम प्रभु के विग्रह को विश्राम देते हुए वस्त्र ओढा दिया गया। आगे भक्तों की भारी भीड़ बाबा की दर्शन का इंतजार करते हुए इंदिरा अग्रवाल महेश सैंडी, विष्णु शर्मा एवं कमल बागड़िया द्वारा भजनों में आनंद विभोर हो रही थी। बाबा के पट दर्शन हेतु खुलने के इंतजार में लोग अति उत्साह में बैठे हुए थे। बार-बार आग्रह के बावजूद भी भीड़ अत्यधिक बढ़ती जा रही थी। बाबा के मैज नाइन फ्लोर में भी लोग दर्शन के लिए इंतजार में जाकर खड़े हो गए। पश्चात पांचों यजमानों के द्वारा मंदिर के ऊपरी भाग में हवन का कार्यक्रम शुरू हुआ। सूरजगढ़ से आए हुए हजारीमल जी इंदौरिया के द्वारा विशाल निशान लाया गया था जिसे मंदिर के ऊपरी गुंबद में स्थापित किया गया। 367 साल से सूरजगढ़ का यह परिवार अपने सभी सदस्यों सहित पैदलयात्रा करते हुए खाटू में प्रवेश करते हैं सहित पहला निशाना बाबा के मंदिर में चढ़ाते हैं, उसके बाद दूसरे निशानों को चढ़ाया जाता है। मंदिर की ऊपरी ताले में हवन का कार्यक्रम शुरू हुआ पांचो चश्माओं ने हवन किया एवं बारी-बारी से अन्य सभी उपस्थित पारिवारिक सदस्यों ने श्याम भक्तों ने भी हवन में हिस्सा लिया। ठीक एक शव बजे के आसपास मंदिर की घंटियां बजने लगी बाबा के जय कारे होने लगे और बाबा का पट खुल गया। कई भक्त आंखों से अश्रु प्रभाव में डूबते नजर आए। श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरी अरदास लाया हूं, दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, ऐसी भजनों में भाव विभोर हो रहे थे। वर्षों से मांगी हुई मन्नत आज आंखों के सामने पूरी हो गई।

### 6 अंचलों में होगा दाखिल-खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार दिनांक 08.02.2025 को जिले के सभी 06 अंचलों में दाखिल-खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। 08.02.2025 (शनिवार) को रामगढ़, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने सभी 06 अंचल अधिकारियों को पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची अनुसार म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सूची में उपलब्ध कराये गये मामलों में से कोई मामला सीआई या कर्मचारी के लॉगिन में पाया गया तो उनपर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निष्पादित मामलों के आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में शुद्धि-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया है। शनिवार को आयोजित किए जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

# कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराना प्राथमिकता : उपायुक्त

- कोडरमा जिले में माध्यमिक परीक्षा के 27 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** वार्षिक माध्यमिक एवं इण्टरमीडियट परीक्षा 2025 को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपायुक्त ने उड़नदस्ता दल, गश्ती दल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को सफल एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिये। वहीं उडनदस्ता दल, गश्ती दल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम का कड़ाई से पालन करेंगे। परीक्षा में अनुचित तरीकों का प्रयोग करने या छल करते हुए अनुचित तरीके से सहायता देने या दुष्प्रेषित करने और षड्यंत्र रचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। वार्षिक माध्यमिक एवं इण्टरमीडियट परीक्षा 11 फरवरी से प्रारंभ होगी, इस हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें।




### परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित

जिला में वार्षिक माध्यमिक एवं इण्टरमीडियट परीक्षा 2025 को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में परीक्षा नियंत्रण कक्ष का संचालन किया जायेगा। जिसमें पदाधिकारियों एवं कर्मियों की नियुक्ति की गई है।

### करीब 24301 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

वार्षिक माध्यमिक एवं इण्टरमीडियट परीक्षा 2025 में लगभग 24301 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें माध्यमिक परीक्षा में लगभग 13616 एवं इण्टरमीडियट परीक्षा में लगभग 10685 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीइओ अविनाश राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, एसडीपीओ, सभी बीडीओ, दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी व केंद्राधीक्षक मौजूद थे।

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 प्रथम पाली समय सुबह 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक** : जिले में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कुल 27 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, गांधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, सीएच प्लस 2 उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया कोडरमा, राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती कोडरमा, उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय डुमरडीहा कोडरमा, रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरी तिलैया, झुमरी तिलैया कॉमर्स इण्टर कॉलेज झुमरी तिलैया, उतक्रमित उच्च विद्यालय उरवां चंदवारा, आदर्श मध्य विद्यालय चंदवारा, रा॰मो॰म॰मो. प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा, सर्वोदय पल्स 2 उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय देवीपुर मरकच्चो, उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय जगदीशपुर मरकच्चो, उच्च विद्यालय फुलवरीया डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय डोमचांच, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह डोमचांच, राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय जयनगर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर, कन्या मध्य विद्यालय जयनगर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोदखर जयनगर, राज्य समपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय बासोडीह सतगांवा, मध्य विद्यालय बासोडीह सतगांवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीडीह सतगांवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खूटां सतगांवा शामिल है। जहां सुबह 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक परीक्षा आयोजित होगा।

**वार्षिक इण्टरमीडियट परीक्षा 2025 द्वितीय पाली समय दोपहर 2:00 से शाम 5:15 बजे तक** : जिले में वार्षिक इण्टरमीडियट परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कुल 13 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, प्लस 2 उच्च विद्यालय कोडरमा, मॉडल विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय डुमरडीहा कोडरमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पथलडीहा कोडरमा, सीएच. प्लस 2 उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया कोडरमा, गांधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती कोडरमा, रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरी तिलैया, झुमरी तिलैया कॉमर्स इण्टर कॉलेज झुमरी तिलैया, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह डोमचांच, स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय फुलवरीया डोमचांच शामिल है। जहां द्वितीय पाली समय दोपहर 2:00 से शाम 5:15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगा।

## 15 वर्षों से लापता प्रकाश महतो अपने परिवार से मिला



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादोडीह पंचायत निवासी प्रकाश महतो पिता स्व. टीपन महतो जो 09 मई 2010 को सुबह 8 बजे घर से कोलकाता जाने को कह कर निकला, वह मानसिक रूप से व विक्षिप्त रहने के कारण रास्ता भटक गया और लापता हो गया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की, परन्तु कहीं से भी कोई उम्मीद की किरणें नहीं जगी, थका-हारा परिवार को लगा कि अब उम्मीद के सारे दरवाजे बंद हो चुके हैं। वहीं प्रकाश महतो के दो पुत्र जिनका उम्र उस समय 18 माह सुजल कुमार तथा पुत्री दो माह रानी कुमारी के सिर से पिता का साया उठ गया था। वहीं 15 वर्षों तक मां ने दैनिक मजदूरी कर दोनों बच्चों का लालन-पालन किया, पूरा परिवार टूट सा गया था, दो वक्त की रोटी के लाले पड़ रहे थे। वहीं पूरे परिवार के चेहरे पर तब खुशियां खिल गयीं जब मरकच्चो थाना प्रभारी सौरव शर्मा के द्वारा 5 फरवरी 2025 को यह सूचना दी गई कि प्रकाश महतो पश्चिम बंगाल के रानीगंज में है। परिवार के लोग तत्क्षण रानीगंज के लिए रवाना हुए और कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रकाश महतो को लेकर घर आए, प्रकाश महतो को रानीगंज में 15 वर्षों से सुमित साव नाम के व्यक्ति ने अपने होटल में आश्रय दे रखा था। वहीं सुमित साव बताते हैं कि प्रकाश महतो को कुंभ जाने की सूचना दी गई और उसके बाद उसके बाद उसकी सारी यादाश्त धीरे-धीरे वापस आ गयी। अब प्रकाश महतो अपने घर का पता बताने लगा, जिसकी मदद से घर तक पहुंचाया गया। यूं कहा जाए तो कुंभ ने 15 वर्षों से बिछड़े परिवार को एक-दूसरे से मिलाया। प्रकाश महतो कोलकाता में म्युनिसिपल में एक सरकारी कर्मचारी था।

## अवैध मोरम लदा ट्रक जब्त

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाडीह पेट्रोल पंप के समीप से बीती रात अवैध मोरम लदा एक ट्रक जेएच12क्यू-2882 को खनन विभाग ने जयनगर पुलिस के सहयोग से जब्त किया है। वहीं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने कहा कि अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन विभाग को लिखा गया है। क्षेत्र में इन दिनों मोरम का अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। इस धंधे में शामिल खनन माफिया प्रतिदिन अवैध खनन कर मालामाल हो रहे हैं, जिससे सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस धंधे में शामिल माफिया द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर पहले उत्खनन का कार्य किया जाता है और उसके बाद जेसीबी से ही चालने में मोरम को जमा किया जाता है और शाम होते ही मोरम ट्रक में लोड कर माफिया बेखौफ होकर परसाबाद, तेतरोन, जयनगर, कोडरमा के रास्ते बिहार के लिए भेजा जाता है। बिहार में प्रति ट्रक 25 से 30 हजार रुपया की कीमत पर मोरम बेचा जाता है। मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

## गड्ढे में गिरने से चार वर्षीय बच्चे की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन में नवनिर्मित भवन बनाने के दौरान पानी के व्यवस्था के लिए खोदे गए गड्ढे में शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे एक 4 वर्षीय मासूम बच्चे की गिरने से मौत का मामला प्रकाश में आया है। जिससे गांव में मातम का माहौल छा गया है। आसपास के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मासूम अपनी मां के साथ बगल के चापानल से पानी लाने के लिए गया हुआ था तभी पानी लेकर जा रही मां घर आ गई और बच्चा पीछे से आ रहा था, तभी खेलते-खेलते घर के सामने शिवकुमार ठाकुर के हो रहे अबुआ आवास निर्माण कार्य के लिए पानी व्यवस्था के लिए बगल में लगभग 8 फिट का गड्ढा बनाया था, जिसमें मासूम जा गिरा और किसी की नजर नहीं पड़ी। वहीं मृतक के परिजन ने बच्चे को इधर उधर घंटों खोजबीन की। मगर कुछ पता नहीं चल सका। आसपास के लोगों की नजर गड्ढे में पड़ी तो देखा कि बच्चा इसी में गिरा हुआ है लेकिन जब तक नजर पड़ी तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में ग्रामीण पेयजल जलापूर्ति योजना के निर्माण कर, आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण व बोरिंग, सोक पिट, नाडेप, गोबर गैस प्लांट लगाने से संबंधित विस्तार से समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने ग्रामीण पेयजल जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोबर गैस प्लांट लगाने हेतु स्थान चिन्हित करने का निर्देश दिये। हर गांव में सोक पिट बनाने को कहा। बैठक में डीएसडीब्लूओ, कनक तिर्की, कार्यपालक पदाधिकारी पेयजल, सभी बीडीओ समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रमाण-पत्र देकर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्रों को किया गया प्रोत्साहित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रत्येक छात्र में एक निश्चित प्रतिभा होती है और इसी बात का ध्यान रखते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा प्रथम से पंचम तक के वैसे छात्र जिन्होंने दिसंबर महीने में अपने शिष्टाचार का पालन किया, वार्तालाप के लिए अंग्रेजी भाषा को ही माध्यम बनाया। जिनकी दिसंबर महीने में शत-प्रतिशत उपस्थिति रही एवं वैसे छात्र जिन्होंने विद्यालय पोशाक साफ सुथरे ढंग से पहन अपने व्यक्तित्व का परिचय दिया, उन्हें विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।




कक्षा प्रथम अ से प्रमाण पत्र हासिल करने वाले छात्रों में आन्या सिंह, अर्णव सेन गुप्ता, आशि कुमारी, अनिकेश कापसी और शैली प्रिया रहे। कक्षा प्रथम ब से आश्वी राणा, कृष्ण राणा, श्वेता प्रिया सिंह, कुमारी अवंतिका और मानस राज ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

कक्षा द्वितीय से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम क्रमशः प्रणव कुमार, अवनि कुमारी, पर्वनीत कौर, वंश कुमार एवं सात्विक पांडे रहे। वहीं द्वितीय ब से आराध्या कुमारी, अमोली मोदी, पीहू मौर्य, सत्यम राज और सत्यम कुमार ने प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। कक्षा तृतीय अ से प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों में लक्ष्य दारूका, अजितेश मधु, समृद्धि हार्दिक, आदित्य पटेल और अवनी प्रिया रहे। कक्षा तृतीय ब से मेहविश अली, एकाग्र परवार, ऋषित भोजनवाला, के आयुषी राज एवं आकांक्षा कुमारी ने प्राचार्य के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

इसके साथ ही चतुर्थ से प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र आराध्या हीसरिया, अनुष्का कुमारी, कौशिक कुमार, नैतिक अवध्या और आयात प्रवीण एवं कक्षा चतुर्थ ब से प्रमाण पत्र करने वाले छात्रों में पंकज कुमार, स्वाती जैन, आदित्य अनय, अग्रेश कुमार और अमायरा जावेद थे। वहीं कक्षा पंचम ए से प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र आयुष्मान प्रकाश, शिवम कुमार, अमृत कौर, भाग्यश्री एवं आशि केशरी थे। कक्षा पंचम ब से राजन कुमार, लेवेश अग्रवाल, वैष्णवी राणा, उज्जवल कुमार और काव्य ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

वहीं प्रमाण पत्र देने के पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने सभी छात्रों को बधाई दी एवं अन्य छात्रों से कहा कि आपका नाम भी इस सूची में आ सकता है, बस जरूरत है कि आप विद्यालय में शिष्टाचार का पालन करते हुए अपनी शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने कार्यों से तथा अपने पढ़ाई से लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करते रहें। वहीं विद्यालय निदेशिका संगीता शर्मा ने भी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाइयां दी एवं विशेष रूप से अपने वार्तालाप में अंग्रेजी भाषा को शामिल करने पर जोर दिया।

## सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में डीइओ अविनाश राम व बीडीओ जयनगर गौतम कुमार उपस्थित हुए। वहीं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं संस्थान के प्राचार्य कंचन कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। वहीं डीइओ द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन को अनिवार्य बताया। उन्होंने इस आयोजन हेतु डाइट परिवार की प्रशंसा की, सभी मॉडलों का गहन निरीक्षण किया एवं बच्चों को मॉडल से संबंधित टिप्स दिए। वहीं बीडीओ द्वारा सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों को उनके द्वारा बनाए गए मॉडल को साराहा एवं बच्चों को संबंधित मॉडल से प्रश्न भी पूछा जिसका उत्तर पाकर वह प्रसन्न हुए।

वहीं संस्थान के प्राचार्य द्वारा भी सभी मॉडलों का निरीक्षण किया गया और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं शिक्षकों को और अधिक मेहनत करने की भी सलाह दी ताकि बच्चे अच्छी से अच्छी मॉडल इस प्रकार के प्रदर्शनी में प्रदर्शित कर सके। इस प्रदर्शनी में जिले के सभी छह प्रखंडों से वर्ग 6 से 8 एवं वर्ग 9 से 12 के छात्र-छात्राओं एवं नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। वहीं निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में डॉ. भूपेंद्र ठाकुर, प्राचार्य बैजनाथ प्रसाद स्नेही शिक्षा महाविद्यालय डोमचांच एवं डॉ. शैलेंद्र कुमार दास, व्याख्याता सह परीक्षा नियंत्रक जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया उपस्थित रहे और उन्होंने अपने कार्य को अच्छी तरह से पूर्ण करते हुए निर्णायक भूमिका निभाई।




वहीं कक्षा 6 से 8 के वर्ग में नंदिनी पांडे, प्लस टू हाई स्कूल त्रिलोकरी जयनगर प्रथम, दीपेश विश्वकर्मा एवं रिया कुमारी एस बेलाटांड़ 2 कोडरमा द्वितीय एवं रिया कुमारी, करिश्मा कुमारी उत्क्रमित हाई स्कूल सोनपुरा जयनगर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार के रूप में विशाल कुमार दास एवं संदीप राणा उत्क्रमित मध्य विद्यालय खारखार, डोमचांच, अनन्या कुमारी एवं सिया कुमारी आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा, नजराना परवीन एवं रिजवान आलम उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोगीडीह मरकच्चो ने प्राप्त किया।

वहीं वर्ग 9 से 12 के कोटी में विवेक कुमार एवं सुधीर कुमार उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल जयपुर काको चंदवारा ने प्रथम स्थान, अंकिता कुमारी पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मरकच्चो ने द्वितीय स्थान एवं शाहजहां परवीन उत्क्रमित हाई स्कूल जगदीशपुर मरकच्चो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार के रूप में कुंदन कुमार उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढूब्बा डोमचांच, सौरभ कुमार प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह सतगावां एवं अनुराधा कुमारी तथा ब्यूटी कुमारी पीएम श्री प्लस टू हाई स्कूल डूमरडीहा कोडरमा ने प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन डाइट संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद एवं प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार के द्वारा किया गया। साथ ही डाइट शंकर सदस्य राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार एवं प्रदीप कुमार यादव ने प्रदर्शनी में अहम भूमिका निभाई। वहीं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में संस्थान के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार द्वारा पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर समाप्ति की घोषणा की गई।

### वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन को लेकर डीडीसी ने की बैठक, दिये निर्देश

# निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी

- माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 11 से तीन फरवरी तक आयोजित होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन से संबंधित बैठक की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। उप विकास आयुक्त ने केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।



**प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षाः** माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से 1.00 बजे अपराह्न तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक परीक्षा-2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 11 फरवरी से तीन फरवरी तक आयोजित होगी। माध्यमिक में 17771 और इंटरमीडिएट में 11838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए चतरा जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 17771 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए चतरा जिला में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 11838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सुभाष चौक सिमरिया के जीर्णोद्वार को लेकर एसडीओ सन्नी राज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा जीर्णोद्धार,सुरक्षा को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने किया। जबकि संचालन प्रखंड विकाश पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने किया। बैठक का उद्वेश्य आए दिन नेता जी सुभाष बोस की गोलंबर एवं प्रतिमा को भारी वाहनों से क्षति होती रही है। जिसकी सुरक्षा एवं जीर्णोद्धार मुख्य उद्देश्य था। बैठक में प्रमुख रोहन साव उपप्रमुख दामोदर गोप, थाना प्रभारी मानव मयंक अंचलाधिकारी सिमरिया,जिला परिषद पश्चिमी देवनन्दन साहू,पूर्वी रोहणी देवी, मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सर्वसहमी से निर्णय लिया गया कि सिमरिया सुभाष चौक स्थित केशर हिंद जमीन में प्रतिमा स्थापित की जाएगी जबकि मुख्य चौक पर सिर्फ गोलंबर रहेगा। वहीं सिमरिया चौक के सभी मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाने बीके निर्णय लिया गया है। मौके पर उपमुखिया बानासांडी मनीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि सिमरिया,ट्रक एवं हाइवा एसोसिएशन प्रतिनिधि सिमरिया, व्यापारी संघ प्रतिनिधि एवं सिमरिया, दुकानदार, बस एजेंट और पत्रकार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बीडीओ ने पंचायत का भ्रमण कर की योजनाओं की जांच, दिए आवश्यक निर्देश

**सिमरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री चंद्रदेव प्रसाद शुक्रवार को प्रखंड के ग्राम पंचायत- कसारी में आवास योजना निर्माण कार्य का निरीक्षण किया ' इस दौरान उन्होंने योजना के लाभुको से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए ' आवास निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को सुनने के बाद जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया ' बीडियो ने लाभुकों के द्वारा आवास की राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुको का डोर टू डोर घर जाकर निरीक्षण किया।कसारी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2016 से अब तक कुल 980 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिसमें अभी भी तक 108 आवास ऐसे हैं जिनका निर्माण कार्य अधूरा है। 27 लाभुक ऐसे है जिनके द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ ही नहीं किया गया है। अबुआ आवास योजना अंतर्गत कुल 54 लाभुको को प्रथम किस्त कि राशि का भुगतान किया गया है जिसमें 37 लाभुको के द्वारा प्लिंथ स्तर तक कार्य किया गया है।कुल प्रथम किस्त प्राप्त 54 लाभुको में से 17 लाभुक ऐसे हैं जो राशि लेने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं।वीडियो के द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों को 12 घंटे के अंदर कार्य प्रारंभ करने एवं अपूर्ण आवासो को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एक सप्ताह के पश्चात भी यदि आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया तो संबंधित लाभुकों से राशि वसूली हेतु स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले लाभुक श्रीमती गंगा देवी, धनेश्वरी देवी, बसमतिया देवी ,लालमणि देवी ,क्रांति देवी ,कांति देवी एवं अन्य है।निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी ,प्रखंड समन्वयक आवास, मुखिया ग्राम पंचायत कसारी ,पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

### गिद्धौर में जलसा ए दस्तारबंदी और प्यामे इंसानियत का आयोजन आज, तैयारी पूरी

**गिद्धौर।** प्रखंड के मदरसा इमदादुल उलूम और इम्दादिया इंग्लिश मीडियम स्कूल में जलसा ए दस्तारबंदी और प्यामे इंसानियत का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 26 हाफिज-ए-कुरान बनने वाले बच्चों के सिर पर दस्तार-ए-फजीलत (सम्मान की पगड़ी) बांधी जाएगी। इस जलसे में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी कई उलेमा और शायर शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहीद मुजाहिद (जामिया रशीदुल उलूम, चतरा) होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि हजरत मौलाना अब्दुल्लाह शालीम कमर कासमी चतुर्वेदी (डायरेक्टर, हुदा एजुकेशन अकेडमी, बिहार) रहेंगे। इसके अलावा, जलसे में हजरत मौलाना मोहम्मद अकरम कासमी (गिरिडीह), हजरत मौलाना मुफ्ती सनाउल्लाह कासमी (हजारीबाग), हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद शहाबुद्दीन कासमी (जनरल सेक्रेटरी, जामिया तालिम, झारखंड) सहित कई अन्य धार्मिक विद्वान शामिल होंगे। कार्यक्रम में शायर जमालुद्दीन शाहब (कोडरमा), असद आजमी (आजमगढ़, यूपी) और कई अन्य प्रसिद्ध शायर अपनी शायरी प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, कारी सिकंदर साहब द्वारा तिलावत-ए-कुरान की जाएगी। मदरसे के संचालक कारी हसन इमाम शकिबी ने प्रखंडवासियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, सर्टिफिकेट भी मिलेगा




**गिद्धौर।** प्रखंड के बारीसाखी पंचायत भवन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू हुआ, जिसमें बीटीएम प्रभात कुमार और चंदन कुमार (चतरा) किसानों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण में किसानों को फसल सुरक्षा, देखभाल और कीटनाशक दवाइयों के सही उपयोग की जानकारी दी जा रही है। किसानों को उनकी फसलों को बेहतर बनाने और पैदावार बढ़ाने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतिम दिन, प्रशिक्षण पूरा करने वाले किसानों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इससे किसानों को भविष्य में कृषि से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिलेगी। इस प्रशिक्षण में मुखिया सुमीरा कुमारी, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, कृषक मित्र प्रसादी पासवान, रोहित कुमार दांगी, विनोद साहू, सुनील कुमार साहू, सुनील कुमार यादव सहित 60 से अधिक किसान शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी देकर उनकी उपज और आय में बढ़ोतरी करना है।

### बारीसाखी पंचायत भवन में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में शुक्रवार को कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया सुमीरा कुमारी ने की, जबकि संचालन दिगंबर पांडेय ने किया। बैठक में वार्ड सदस्यों और पंचायत सचिवालय के अधिकारियों ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इसमें अबुआ आवास, जल से जुड़ी योजनाएं और मनरेगा के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में इन योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, वार्ड सदस्य रजनी देवी, मनोज कुमार रविदास, अर्जुन भुईयां, लक्ष्मण रजक, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, स्वयंसेवक विकास कुमार बीकू, विजय रजक सहित सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।बैठक में पंचायत के विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### जनप्रतिनिधियों का धरना डीडीसी के आश्वासन पर समाप्त




**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर के मुख्य द्वार पर गुरुवार देर शाम से धरना प्रदर्शन पर बैठे जनप्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। वे प्रखंड के अधिकारियों और कर्मियों के कार्यों से नाराज थे और जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूरा करने की मांग कर रहे थे। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने फोन पर जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा और जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। डीडीसी के आश्वासन के बाद, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख और पंचायत समिति के सदस्य धरना स्थल से उठकर अपने-अपने घर लौट गए। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन पर भरोसा जताते हुए उम्मीद की कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा।

### वन विभाग ने अवैध महुआ शराब व जावा किया नष्ट

डोमचांच (कोडरमा)। वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार के द्वारा टीम गठित कर डोमचांच थाना अंतर्गत गोलगो एवं बगरूजोत वन में सघन छापेमारी कर ट्राम एवं सिंटेक्स में रखा महुआ दारू व जावा महुआ को नष्ट किया गया। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल ललन किशोर, वनरक्षी इस्लाम अंसारी, पिंटू पंडित, सुनील कुमार दास, अनिल कुमार, अनिल कुमार साव शामिल थे। मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा का एक शिष्टमंडल उपायुक्त से मिला

कोडरमा। उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के साथ कोडरमा के उपायुक्त से मिलकर झुमरीतिलैया महाराणा प्रताप चौक में महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने एवं स्थल के सुंदरीकरण कराए जाने का अनुरोध किया। वहीं महासंघ के शिष्टमंडल ने उपायुक्त से आग्रह किया कि फोरलेन निर्माण के दौरान प्रतिमा स्थल क्षतिग्रस्त हो गई है। इसलिए उस स्थल का महापुरुष महाराणा प्रताप की कद और कृति के अनुसार आदमकद प्रतिमा लगाकर स्थल का सुंदरीकरण कराना आवश्यक है ताकि ऐसे महापुरुष का सम्मान हो सके। वहीं उपायुक्त ने क्षत्रिय महासंघ के शिष्टमंडल की बातों को सुनकर इसे गंभीरता से लिया। वहीं उन्होंने आश्वस्त किया कि यह बात मेरे जेहन में है और मैं इसके प्रति काफी गंभीर हूं। मैं इसकी बहुत जल्द आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और उस स्थल का सौंदर्यकरण कर झुमरीतिलैया का विशिष्ट पहचान बनाने की दिशा में प्रयासरत हूं। शिष्टमंडल में क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, केंद्रीय महामंत्री राम लखन सिंह, परामर्शदात्री समिति के सदस्य रामचंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह,

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर के चांदगो में 32वीं सशस्त्र सीमा बल ने लगाया चिकित्सा शिविर



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ में 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट श्री राजेश सिंह के निर्देशन पर चांदगो गांव में में चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में चांदगो और उसके आसपास के ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य की देखभाल करना और उन्हें चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था। शिविर में विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सा टीम ने चिकित्सा जांच के बाद आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया। जिससे ग्रामीणों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकी। सा शिविर में 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. हिमांशु गिरी, कुरुमगढ़ कंपनी कमांडर ईशान्त राठी और कुरुमगढ़ थाना प्रभारी श्री वी.के. चेतन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने शिविर के दौरान ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

### नगर के दो स्थानों पर भाजपा का सदस्यता अभियान शिविर 8-9 फरवरी को

**गुमला।** भाजपा सदस्यता अभियान के सह नगर प्रभारी दामोदर कसेरा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन महापर्व पूरे भारत में चल रहा है। इसी निमित गुमला में सदस्य बनाए जा रहे हैं। सदस्य बनने का जो लक्ष्य है वो पूरी हो चुका है। परंतु कुछ समर्पित और समर्थक जो किसी कारण से सदस्य नहीं बन पाएं है। वैसे कार्यकताओं को जोड़ने के लिए 8 फरवरी को पालकोट रोड शारदा कॉम्प्लेक्स के अपोजिट टेम्पो स्टैंड के पास स्टॉल लगा कर सदस्य बनाए जाएंगे। वहीं रविवार 9 फरवरी को बस स्टैंड स्थित होटल सिद्धि विनायक में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। ज्ञात हो की 9 फरवरी को सदस्य बनने की अंतिम तिथि है। दस फरवरी को गुमला जिला सत्यापन प्रभारी का गुमला में आगमन हो रहा है। उस दिन सभी मंडलों का सदस्यों का सत्यापन करेंगे।

### मैकलुस्कीगंज में आयोजित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जिला आजसू की बैठक आयाजित



**गुमला।** आजसू पार्टी की एक अहम बैठक परिसदन सभागार में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी 9 फरवरी को रांची जिला के खलारी स्थित मैकलुस्कीगंज वाईबीएन इंटरसिटी कैंपस में दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल स्तर की आयोजित बैठक को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। बैठक में जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक संगठन निर्माण को लेकर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आजसू पार्टी का सदस्यता अभियान चलाने के निर्णय को लेकर दिशा निर्देश प्राप्त होगा। ऐसे में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत गुमला जिला से बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला अध्यक्ष ने बैठक कर प्रखंडवार समीक्षा की और पार्टी कार्यकर्ताओं को मैकलुस्कीगंज चलने का निर्देश दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहत अफजा, छात्र संघ प्रभारी सानू कुमार, यूथ आजसू प्रभारी रामेश उरांव, यूथ आजसू के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार, यूथ आजसू के सचिव अजीत साहू, प्रशांत कुमार, उपाध्यक्ष अंकु कुमार,आकाश कुमार, सावन, अशोक सिंह, सुरेंद्र साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नवडीहा पंचायत में मनरेगा सप्ताह का आयोजन

घाघरा। प्रखंड के नवडीहा पंचायत सचिवालय में मनरेगा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, मनरेगा बीपीओ बेबी कुमारी शामिल हुई। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने संबोधन करते हुए कहा कि मनरेगा योजना में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया कराए ताकि पलायन को रोका जा सके।सार्वजनिक योजनाओं का चयन करें ताकि ग्रामीण लाभान्वित हो सके। अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करें। मनरेगा बीपीओ ने मनरेगा अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। योजना चलने, योजना में शिकायत संबंधित निवारण किया।वही कूप निर्माण,आम बागवानी सहित कई अन्य योजना के बेहतर समय में कार्य करने और योजना खुलने की जानकारी दी। इसके साथ ही दो मनरेगा महिला मजदूर के जॉब कार्ड में 100 दिन कार्य पूरा करने को लेकर बिरसु उरांव और महावीरी उरांव को प्रखंड प्रमुख और मनरेगा बीपीओ द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया राजकुमार उरांव, उपमुखिया विनीता कुमारी, पंचायत सचिव जयंती टोप्पो, सहित महिला मेट, रोजगार सेवक ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### चैनपुर प्रखंड में फायलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक आयोजित

फोटो 10 में बैठक में शामिल बीडीओ, चिकित्सा प्रभारी व अन्य

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और प्रखंड चिकित्सक प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने स्थानीय मुखिया और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर फायलेरिया उन्मूलन के तहत चलाए जा रहे सरकारी अभियान पर चर्चा की। बैठक में बीडीओ यादव बैठा ने उपस्थित मुखिया से कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। जिसे समय रहते नहीं रोका गया तो यह भविष्य में और भी बढ़ सकती है। खासकर यह हाथी पैर से जाने जाता है। उन्होंने सभी मुखियाओं से अपील की कि वे न केवल स्वयं दवा का सेवन करें, बल्कि अपने ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सहिया (कम्युनिटी हेल्थ वर्कर) घर-घर जाकर दवा वितरण करेंगी। जिन लोगों ने दवा नहीं खाई है, उन्हें जागरूक करें और प्रेरित करें। इससे आपके गांव और ग्राम पंचायत फायलेरिया मुक्त हो सकेगा। बैठक में उपस्थित मुखिया में शोभा देवी और मधुरा मिंज सहित चैनपुर प्रखंड के अन्य सभी मुखिया शामिल थे। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि सामुदायिक सहयोग से फायलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे बेहतर जीवन जी सकेंगे।

# ननबैंकिंग में जमा पैसे का जल्द भुगतान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : विजय सिंह

- झानद व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का चैनपुर में जनसंदेश कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच चैनपुर के बैनर तले पूर्व घोषित व जन संदेश कार्यक्रम के तहत लूथरन मैदान में रूडल्फ कुजूर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सहारा सहित अन्य सभी ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे सूद समेत जल्द दिलाना सुनिश्चित करें नहीं तो हजारों की संख्या में जमाकर्ताओं को संगठित कर आंदोलन किया जाएगा। श्री सिंह ने जनसंदेश कार्यक्रम के तहत चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के लोगों से कहा है कि पार्टी के नेतृत्व में आपका हक अधिकार की लड़ाई आपका सहयोग रहा तो लड़ी जाएगी और आपका हक दिलाया जाएगा। श्री सिंह ने सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, पल्स, विश्वामित्र, इत्यादि दर्जनों दर्जन ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के खून पसीने का जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर 19 मार्च 2025 को रांची में होनेवाली आक्रोश रैली में सैकड़ों की संख्या में चैनपुर क्षेत्र से रांची चलने की भी अपील की है।

कार्यक्रम में वीर तेलंगा खड़िया की जयंती पर 9 फरवरी 2025 को गुमला में आयोजित जन संदेश कार्यक्रम को सफल बनाने तथा 17 फरवरी 2025 को चैनपुर में विशाल जुलूस निकालकर जल्द भुगतान के लिए मुख्यमंत्री को मांग-पत्र देने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश उरांव, फबयानुस सारस, भीमसेन मिंज, शिवधन तिर्की, बंगलु यादव, फिलमोन कुजूर, बेनेडिक्ट बेक, उर्मिला देवी, सरिता मिंज, प्रभा तर्की, मालती देवी के अलावे काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# अमेरिका से प्रवासियों के अमानवीय निर्वासन को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

## निर्वासन के दौरान भारतीयों को हथकड़ी लगाना आमनवीय कृत्य है : चैतु उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी गुमला के द्वारा शहीद चौक गुमला में अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अमानवीय निर्वासन के मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी के खिलाफ आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।

मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अचानक और अन्यायपूर्ण निर्वासन से उत्पन्न संकट के मद्देनजर, रिपोर्ट से पता चलता है कि निर्वासित व्यक्तियों को अमानवीय हिरासत की स्थिति, यात्रा के दौरान हथकड़ी लगाए जाने और वित्तीय तबाही का सामना करने सहित गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इस तरह का व्यवहार उनकी गरिमा का घोर उल्लंघन है और हमारे देश की छवि को धूमिल करता है। इन सभी घटनाओं के बावजूद केंद्र सरकार उदासीन और असहाय बनी हुई है। हमारे नागरिकों के लिए खड़े होने और मानवीय व्यवहार की मांग करने के बजाय, सरकार शर्मनाक तरीके से इन कार्रवाइयों को उचित ठहरा रही है।

वैश्विक मंच पर हमारे नागरिकों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करने में विफलता, कर्तव्य का एक अक्षम्य परित्याग है जो सरकार की अपने लोगों के प्रति साहस और प्रतिबद्धता की कमी को उजागर करता है। हम इस निष्क्रियता को चुनौती दिए बिना नहीं जाने देंगे। इसके अलावा यह संकट अवैध प्रवास को रोकने के लिए मजबूत नीतियों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करता है। साथ ही विदेशों में रोजगार के लिए सुरक्षित और कानूनी रास्ते सुनिश्चित करता है। हमें मानव तस्करी के नेटवर्क को खत्म करना चाहिए। निर्वासितों के पुनः एकीकरण के लिए व्यापक समर्थन प्रदान करना चाहिए और अपने लोगों की सुरक्षा के लिए पारदर्शी प्रवासन ढांचे की स्थापना करनी चाहिए।

विरोध प्रदर्शन में रमेश चीनी, बिष्णु राम, खालिद साहू, फिरोज आलम, राम निवास प्रसाद ,निरंजन बाड़ा, गुलाम सरवर, राजेश टोप्पो, तरुण गोप, भुनेश्वर राम, मुख्तार आलम, जितेंद्र लोहरा, मीरा हामिद, खुर्शीद आलम, अनुग्रह खलखो, फुलदेव उरांव, बिहारी भगत, जगरनाथ गोप, क्रिस्टीना टोप्पो, क्रिस्टीना तिर्की, ललिता देवी, इनायत आलम, राम साहू, सुनिता तिर्की सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डुमरी, बसिया, घाघरा एवं भरनो में खुलेगा कुपोषण उपचार केंद्र

- स्वास्थ्य विभाग गुमला के साथ द हंस फाउंडेशन ने नि:शुल्क कुपोषण उपचार केंद्र की स्थापना के लिए किया एकरारनामा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के डुमरी, घाघरा, बसिया एवं भरनो प्रखंड में नया कुपोषण उपचार केंद्र की शुरूआत होगी। उपचार केंद्र द हंस फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क संचालित किया जाएगा। जिसको लेकर सिविल सर्जन कार्यालय कक्ष में द हंस फाउंडेशन के पदाधिकारी व सिविल सर्जन ने एकरारनामा पर हस्ताक्षर किया। मौके पर जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने कहा कुपोषण उपचार केंद्र कुपोषित बच्चों के लिए वरदान है। इस केंद्र में कुपोषित बच्चों की पहचान होने के बाद भर्ती करा दिया जाता है। जिसके बाद यहां कुपोषित बच्चे को आधुनिक तरीके से इलाज किया जाता है। बच्चे में सुधार होने के बाद, उसे घर भेजा जाता है। बच्चे को घर भेजे जाने के बाद भी स्वास्थ्यकर्मी बच्चे की लगातार मॉनिटरिंग करते हैं। उन्होंने कहा केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाने का काम स्वयं अभिभावकों के द्वारा अथवा एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा कुपोषित बच्चों की पहचान करके उसे केंद्र में भर्ती कराया जाएगा, भर्ती किए गए बच्चों को गुणवत्तापूर्वक पौष्टिक आहार एवं अत्याधुनिक जांच कर, बेहतर चिकित्सा चिकित्सकीय सेवा दी जाएगी, मुफ्त दवा एवं इलाज, मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन के अलावा मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जायेंगे।

## साइबर क्राइम बदलते युग में सबसे बड़ा अपराधः बीईईओ

- साइबर क्राइम एवं उच्च शिक्षा विषय पर महिला कॉलेज गुमला में कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट व चैताली कॉलेज गुमला के द्वारा शुक्रवार को महिला कॉलेज गुमला में साईबर क्राइम एवं उच्च शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गुमला प्रीति कुमारी कुजूर ने कहा कि साइबर क्राइम बदलते युग में सबसे बड़ा अपराध हो गया है। इसके रोकथाम के लिए लोगों को सजग रहने की जरूरत है। तभी आप साइबर क्राइम के शिकार से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के शिक्षा के लिए सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। जिसका छात्राएं लाभ उठाकर आगे की पढ़ाई करें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। उन्होंने छात्राओं को कम उम्र में शादी नहीं करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आप भी सजग रहे हैं और घर वालों को भी सजग बनाएं। महिला कॉलेज गुमला के प्रिंसिपल नीलिमा जायसवाल ने कहा कि आधुनिक समय में संसाधनों की कमी नहीं है। लेकिन इसका इस्तेमाल लोग अपने फायदे के लिए नहीं कर दूसरे लोगों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य करते हैं। मोबाइल और कंप्यूटर के युग में साइबर क्राइम को बढ़ावा मिला है और यह सब जानकार लोगों के द्वारा ही की जाती है। सावधानी ही इसका बचाव है। लोग साइबर अपराध को बढ़ावा ना दें। मयूरी ट्रस्ट, चैताली कॉलेज गुमला के अधिवक्ता प्रोफेसर राकेश कुमार वर्मा ने साइबर क्राइम के बारे में छात्र-छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि साइबर क्राइम के रोकथाम के लिए पुलिस कोर्ट और साइबर क्राईम सेल कार्य कर रही है। आप लोग या आपके परिवार के लोग कोई भी साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। जिससे कि साइबर क्राइम करने वाले व्यक्ति तक पुलिस पहुंच सके और कार्रवाई कर सके।, समाज सेवी नंदलाल महतो ने सामाजिक ताना-बाना और क्रुतियों को दूर करने और साइबर क्राइम के अपराध से बचने के लिए सावधान रहने की अपील की। मयूरी ट्रस्ट के सचिव चैताली सेनगुप्ता ने ट्रस्ट के संचालित कार्यक्रमों से लोगों को अवगत कराया। कार्यशाला का संचालन ट्रस्ट के निदेशक बसंत गुप्ता ने की। कार्यक्रम में प्रोफेसर निक्की,सहाय, प्रोफेसर हरिशंकर त्रिपाठी, प्रोफेसर सुषमा सिंह, प्रोफेसर स्मिता कुमारी, किरण कुमारी, अमिता कुमारी, सपना कुमारी, सोनी कुमारी, अमृता कुमारी, ईशा रानी, मंजू कुमारी, सविता कुमारी, आयुषी कुमारी, आशा कुमारी, प्रियंका कुमारी, किरण कुमारी, करिश्मा कुमारी, प्रीति तिग्गा, संजू उरांव आदि मौजूद थे।

### मिर्गी रोगियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 11-12 फरवरी को

गुमला। गुमला जिले में मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु आगामी 11 एवं 12 फरवरी को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थि के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 फरवरी को नगर भवन गुमला में उदघाटन समारोह के साथ होगी। जहां जिले के चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉक्टरों एवं अन्य संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर का आयोजन 11 फरवरी को गुमला सदर अस्पताल में और 12 फरवरी को कामडारा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किया जाएगा। इस चिकित्सा शिविर में मिर्गी के मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. ममता भूषण सिंह अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ उपस्थित रहेंगी और मरीजों का उपचार करेंगी। जिले के सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और मिर्गी रोगियों को समुचित उपचार दिलाने में सहयोग करें।

### बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और जन कल्याणकारी योजनाओं को देनी चाहिए प्राथमिकता : डॉ रामेश्वर उरांव

- झारखंड सरकार के बजट पेश करने से पहले पूर्व वित मंत्री ने व्यक्त की अपनी प्रतिक्रिया



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य में राज्य सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट को लेकर पूर्व वित मंत्री सह लोहरदगा से कांग्रेस विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही है। पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा राज्य में पेश होने वाले बजट में लोगों को सीधे लाभ मिलने वाली सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे मंईयां सम्मान योजना, अबुवा आवास आदि योजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सरकार का फोकस हो तब जाकर देश और राज्य का विकास होगा। उन्होंने कहा कि जो योजना से सीधे जनता को लाभ होता है उस योजना के लिए बजट में बेहतर रूप से प्रस्तुत करना होगा, जिससे लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए लाभकों/लाभुक समितियों का चयन हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत बायोफ्लॉक तालाब योजना, स्मॉल रीसकुर्लेटरी एक्वेक्ल्चर सिस्टम, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, वेद व्यास आवास योजना, मोटर बोट योजना में प्राप्त आवेदन की समीक्षा उपरांत लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुमलता, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ रमेश उरांव, कृषि विज्ञान केंद्र के सीनियर साइंटिस्ट डॉ हेमंत कुमार पांडेय समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीईओ व डीएसई से मिले शिक्षक समन्वय समिति के पदाधिकारी

- जेसीईआरटी के अवकाश तालिका में पांच स्थानीय अवकाश उपभोग करने के क्रम में पांच दिन के अवकाश की भी बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** शिक्षक समन्वय समिति के पदाधिकारी जिला के प्रारंभिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु डीईओ और डीएसई गुमला से उनके कार्यालय कक्ष में वार्ता की। वार्ता के क्रम में विभिन्न कार्यों यथा ई कल्याण, यू डाइस, नामांकन गैप, अपार आईडी के निष्पादन के क्रम में शिक्षकों के वेतन बंद के समाधान के क्रम में डीईओ की ओ्रे से वेतन रिलीज करने का आश्वासन दिया गया। जेसीईआरटी के अवकाश तालिका में पांच स्थानीय अवकाश उपभोग करने के क्रम में 5 दिन के अवकाश हेतु भी सहमति बनी। झारखंड सरकार द्वारा वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों के निशुल्क पुस्तकों का बीआरसी से विद्यालय तक पहुंचाने का मुद्दा उठा, मालूम हुआ कि पुस्तक का उठाव शिक्षकों द्वारा होता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रत्येक बीआरसी को विद्यालय तक पुस्तक पहुंचाव के लिए निर्धारित राशि निर्गत की जाती है। यदि वे पुस्तक नहीं पहुंचाते हैं तो यह गंभीर मामला है। आगे से पुस्तकें बीआरसी के द्वारा विद्यालय तक पहुंचाना सुनिश्चित कराया जाएगा।

बैठक में महासचिव रामचंद्र खेरवार, उपाध्यक्ष मंगलेश्वर उरांव, प्रद्युमन भगत, संयुक्त सचिव सुनील कुमार, जीवन नाथ तिवारी, मीडिया प्रभारी सरवर आलम, संयोजक सुरंजन कुमार, अजय कुमार, सदय प्रताप जायसवाल, हीरा उरांव, सतीश भगत, पतिया उरांव, भगवान चंद्र दीक्षित और प्रगतिशील शिक्षक संघ से हरेंद्र कुमार और सुमित नन्द शामिल थे।

### शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में एनसीसी का प्रशिक्षण आयोजित



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में 46 झारखंड बटालियन गुमला द्वारा एनसीसी का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें भैया –बहनों के पारस्परिक कौशल के विकास को देखा गया। 46 झारखंड बटालियन गुमला से आए प्रशिक्षक हवलदार अमित कुमार, हवलदार वी अमुचून सिंह ने भैया–बहनों को बताया कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों की भारतीय सैन्य कैडेट कोर शाखा है, जो छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करती है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि 3 वर्ष की है। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा, विद्यालय विभाग प्रमुख एनसीसी कैडेट वीणा तिवारी, ऋषि रंजन और सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी की पहल पर नदी घाट से बालू निकालने वाले रास्ते में खोदा गया गड्ढा

**जारी।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के कमलपुर व तिगरा बालू घाट में अवैध तरीके से बालू का उठाव कर छत्तीसगढ़ में ऊंचे दामों में बेचा जा रहा था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रखंड के अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी की पहल से बालू निकालने वाले रास्ते में ट्रेंच गड्ढा खोदा गया। जिससे माफियाओं में हड़कंप मची हुई है और बालू माफिया की कमर टूट गयी है। जारी प्रखंड के तीन घाटों से रोजाना 3 सौ से 4 सौ ट्रैक्टर बालू जशपुर जिला मे उंचे दामों मे बेचा जा रहा था। जिससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व का चूना लगाया जा रहा था। कई ग्रामीणों की लम्बे समय से मांग है कि नदी झारखण्ड में है या छत्तीसगढ़ में है इसका सीमांकन भी जरूरी है। झारखण्ड छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण माफिया मौके का फायदा उठाते हैं। बालू निकालने वाले झारखण्ड के रास्ते को जारी थाना प्रभारी की पहल पर आज शुक्रवार को अहले सुबह ट्रेंच गड्ढा खोदा गया।

# डीसी से लगाई गुहार, जिले के मुखियाओं को चाहिए हथियार

- जिला मुखिया संघ ने मनरेगा, 15वें वित्त का आईडी पासवर्ड प्रदान करने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला मुखिया संघ ने जिले के मुखियाओं को गन एवं पिस्टल का लाइसेंस निर्गत करने को लेकर जिला उपायुक्त तथा मनरेगा एवं 15वें वित्त संबंधी मुखिया का आईडी पासवर्ड प्रदान करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला उपायुक्त से कहा कि आए दिन मुखियाओं के साथ हत्या जैसी घटना-दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसके कारण वे सभी अपने क्षेत्र में कार्य करने में सुरक्षा की दृष्टि से असहज महसूस कर रहे हैं। कहा कि इच्छुक मुखिया को अपनी सुरक्षा के लिए गन एवं पिस्टल का लाइसेंस निर्गत किया जाए। वहीं जिला पंचायती राज पदाधिकारी से कहा कि जिला अंतर्गत सभी पंचायत से जानकारी मिली है कि अभी तक पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव को अपना आईडी पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रखंड के मनरेगा कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा मनमानी तरीके से योजनाओं की प्रविष्टि एंट्री एवं एमआईएस भुगतान किया जा रहा है। मुखिया को पंचायत संबंधी योजना की प्रविष्टि एवं एमआईएस भुगतान संबंधी स्पष्ट जानकारी ईमेल नंबर मोबाइल के माध्यम से मिल पाती है। क्योंकि मनरेगा एवं 15वें वित्त में मुखिया तथा पंचायत सचिव का ईमेल ऐड्रेस प्रखंड के पदाधिकारी का होता है, जिससे कार्य को सुचारू रूप से करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सभी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव को आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मुखिया संघ के संरक्षक दिलीप कुमार उरांव, अध्यक्ष वासुदेव उरांव, सचिव परमेश्वर महली, अनिल उरांव, सुमित उरांव, धनेश्वरी उरांव, कैली उरांव, सुमित उरांव, बसंत उरांव, सुनील उरांव, टेले उरांव, प्रदीप उरांव, भागवत खेरवार, सुमन उरांव, सुमित्रा उरांव, कमला देवी, ममता कुमारी, राजश्री उरांव, राजकिशन उरांव, फुलमनी उरांव सहित जिले के मुखिया शामिल थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## न्यूज डायरी

### कमलेश सिंह को बनाया गया प्रभारी बीपीओ

**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने मनरेगा कार्यों के सुचारू संचालन एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए रोजगार सेवक कमलेश कुमार सिंह को प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के रूप में नियुक्त किया है। वर्तमान प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी त्रिवेणी राम को कार्यभार से संबंधित समस्त जिम्मेदारियां एवं अभिलेख बीपीओ के अंतर्गत कमलेश कुमार सिंह को सौंपने का निर्देश दिया है। जिससे मनरेगा से जुड़े कार्यों का निष्पादन और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत


मृतक महिला।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु पंचायत के हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर शुक्रवार को ट्रेन की चपेट आने से एक महिला की मौत हो गई। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि हेहेगड़ा के कुछ ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली की रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक महिला की शव पड़ा है। उन्होंने बताया की जानकारी मिलते ही सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा की शव की पहचान नहीं हो पाई है, शव के किसी प्रकार का कोई आईडी प्रूफ नही है। जिसके कारण शव की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया की शव को छिपादोहर थाना लाया गया है, शनिवार को लातेहार सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### मनरेगा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन


कार्यशाला में उपस्थित लोग।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सभागार में बृहस्पतिवार को मनरेगा दिवस के अवसर पर कार्यशाला की गई। जिसमें बिरसा हरित ग्रामीण योजना की जानकारी भी की गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अमिता देवी ने की। कार्यशाला में मनरेगा योजना के तहत रोजगार सृजन ग्रामीण विकास और बरसा हरित ग्रामीण योजना के तहत वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न योजना की जानकारी दी और लाभार्थियों के जागरूक किया। मौके पर जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार पासवान, उप प्रमुख सुनील उरांव, दीपक कुमार, कनिया अभियन्ता अभिषेक कुमार, पंचायत सचिव अनु कुमारी, तिलक बैठा, जे एस एल पी एस को ऑर्डिनेटर सकलदीप कुमार, रोजगार सेवक धनदेव सिंह, लालमणि तिवारी, मुखिया समेत अन्य अधिकारी और कार्मी उपस्थित थे।

# सुदूरवर्ती गोली वन क्षेत्र में हाथी की मौत, जांच में जुटी प्रशासन

➲ हाथी के मौत कारण अस्पष्ट, मृतक हाथी का बेसरा जांच बताएगा हाथी के मौत का कारण

➲ छह माह के दौरान दो हाथी की मौत, सवालों के घेरे में वन विभाग की कार्यशैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** वन जीवों के संरक्षण को लेकर केंद्र से लेकर राज्य व वन विभाग बड़े बड़े दावे करती है, लेकिन चंदवा में महज 6 माह के दौरान ही 2 जंगली हाथियों के मौत ने सरकार के दावे व विभाग के कार्यशैली को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। ताजा मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती लाधुप पंचायत के गोली गांव के समीप वन क्षेत्र से आया है, जहां गुरुवार की देर रात्रि बाद एक जंगली हाथी की संदेहास्पद मौत हो गयी। शुक्रवार की सुबह जैसे ही जंगली हाथी के मृत शव पड़े होने की भनक ग्रामीणों को लगी, लोगो की भींड जमा हो गयी, स्थानीय लोगो द्वारा सूचना दिए जाने के बाद वन विभाग का एक कर्मी उमेश कुमार रजक मौके पर पहुंचा लेकिन घटना के 10 घंटे बीत जाने के बाद भी न ही वन विभाग के रेंजर और न ही वरीय अधिकारी पहुंचे थे, जिस कारण आमलोग व बच्चे जैसे तैसे मृत हाथी को छू रहे थे, जो बड़ी लापरवाही को दशार्ता है। मृत हाथी के नाक से रक्तस्राव व जीभ का काला पड़ जाना लोगो के मन मे कई सवाल खड़े कर रहे थे। स्थानीय लोगो ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि सुकुरहुट्ट रांची होते लगभग 14 की संख्या में जंगली हाथियों का जुड़ गोली गाँव पहुंचा था, जहां किसान अरुण यादव के फसल व घर को क्षति पहुंचाने के बाद गांव से निकल गया था, जिसके बाद देर रात्रि लगभग 2 बजे ग्रामीणों ने हाथी के दो बार चिहाडने की आवाज सुनी थी, लेकिन उसके बाद सब कुछ शांत हो गया, शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर गए तो एक हाथी को मृत देखा।



## मेडिकल टीम की निगरानी में हुआ मृत हाथी का पोस्टमार्टम

इधर दोपहर बाद लगभग 3 बजे वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार महतो, मेडिकल टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे, जहां मेडिकल टीम में शामिल हरेंद्र भगत डीएचओ लातेहार, डॉ. सरोज केरकेट्टा बीएचओ चांदवा एवं सुशीला बागे बीएचओ बरियातू की निगरानी में बेसरा (सेंपल) एकत्र किया गया। जिसके बाद जंगल मे ही मृत हाथी को दफन कर दिया गया। हालांकि हाथी की मौत कैसे हुई यह खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो पायी थी, मेडिकल टीम द्वारा मृत हाथी का बेसरा संग्रह कर सुरक्षित किया गया था, जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा, वहीं जांच के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

**4 वर्षो में 3 हाथियों की हो चुकी है मौत :** बता दें कि इसके पूर्व भी चंदवा वन क्षेत्र में 4 वर्ष के दौरान 2 और जंगली हाथियों की मौत हो चुकी है। इसके पहले गत 19 अक्टूबर 2024 को माल्हन पंचायत के केकराही के समीप ट्रेन के चपेट में आने से 6 माह के हाथी के बच्चे की मौत हुई थी, वहीं वर्ष 2021 में अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत वन क्षेत्र में जंगली हाथी की मौत हुई थी।

### क्या कहते हैं वह क्षेत्र पदाधिकारी

मामले को लेकर पूछे जाने पर नव क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार महतो ने बताया कि हाथी के मौत का स्पष्ट कारण पता नही चल पाया है, मेडिकल बोर्ड द्वारा मृत हाथी का बेसरा एकत्र किया गया है, वरीय अधिकारियों के आदेशा के बाद बेसरा सेंपल जांच के लिए भेजा जाएगा, जांचोपरांत मौत का कारण स्पष्ट होगा व अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। वहीं देर से पहुंचेने के बावत कहा कहा कि वन विभाग द्वारा कर्मी को भेजा गया था, मेडिकल टीम बनाने में समय लगा, इस कारण देरी हुई।

## अंचलाधिकारी के आदेश के चार वर्ष बाद भी सरकारी तालाब से नहीं हटा अतिक्रमण

# हाल सर्वे की गड़बड़ी का फायदा उठाकर दबंगो ने बेच डाला सरकारी तालाब

➲ 60 वर्ष पुराने सरकारी आहर को मिट्टी से भरकर कर दी चहारदीवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों का अतिक्रमण न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी समस्याएँ उत्पन्न करता है। वहीं अतिक्रमण हटाने के लिए सरकारी आदेश का पालन न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता पर सवाल उठना लाजमी है। मामला लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत खुरा पंचायत का है। जहां स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने सरकारी तालाब पर अतिक्रमण ही नहीं किया बल्कि उसे भरकर बेच डाला। लोगों ने जब अंचलाधिकारी को आवेदन सौंप मामले में कारवाई की मांग की तब तत्कालीन अंचलाधिकारी नीत निखिल सुरीन ने मामले की जांच करते हुए स्थलीय निरीक्षण भी किया। मामला सत्य पाए जाने पर बरवाडीह थाना को तालाब को अतिक्रमणमुक्त करने के आदेश दिए। वहीं विक्रेता को भी नोटिस जारी कर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए थे। बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। वर्तमान में तालाब को भरकर चहारदीवारी का निर्माण भी करा दिया गया हैं।

## लोगों ने सीओ को पुनः आवेदन देकर की कारवाई की मांग


आहर को भरकर की गई चहारदीवारी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर अंचलाधिकारी द्वारा अंतिम आदेश 15 जून 2020 को जारी किया गया था। अंचल आदेश के बावजूद अब तक तालाब को अतिक्रमणमुक्त नहीं किया गया। वर्तमान में हाल सर्वे में हुई त्रुटि का फायदा उठाकर दबंगो द्वारा उक्त भूमि पर चहारदीवारी निर्माण कर बिक्री करने का कार्य किया जा रहा है। जबकि अंचल के अनुसार उक्त भूमि गैरमजुरवा खास सरकारी भूमि है। इधर स्थानीय लोगों ने गुरुवार को एक बार फिर अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपकर मामले में उचित कानूनी कारवाई करते हुए तालाब को पूर्व की भांति अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है। बता दें कि इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ स्थानीय प्रशासन और पर्यावरण संरक्षण संगठनों को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

### भूमि का विवरण

खुरा पंचायत के चमरडीहा ग्राम अंतर्गत सीएस प्लॉट 198 एवं सीएस प्लॉट 198 जो कि लगभग 60 वर्ष पुराना आहर है। जिसे 1966-67 के भीषण आकाल के समय सरकारी जमीन में निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य जल संरक्षण, कृषि, और स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए महत्वपूर्ण था। जानकारों की माने तो तालाब को भरकर अवैध रूप से चहारदीवारी का निर्माण किए जाने से जल स्तर में कमी, बाढ़ की समस्या, और स्थानीय जीव-जंतुओं के लिए खतरा साबित हो सकता है।

## मनरेगा योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन


कार्यशाला में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे शुक्रवार को मनरेगा सप्ताह एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत किए जाने वाले वृक्षारोपण से संबंधित प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बीडीओ अमित कुमार पासवान के देख रेख मे किया गया। कार्यशाला में जिला परिषद सदस्य रमेश राम प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी उपप्रमुख निशा शाहदेव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस कार्यशाला में मनरेगा सप्ताह अंतर्गत किए जाने वाले गतिविधियों एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक आवास, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक, सभी स्वयंसेवक, आवास मित्र, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं मनरेगा मजदूर लाभुक उपस्थित हुए। कार्यशाला में मुख्य रूप से 100 दिन का कार्य पूरा करने वाले मनरेगा मजदूर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की बैठक कुम्भ हादसे में मृतकों को दी गयी श्रद्धांजलि



बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। रामजतन भवन चंदवा में शुक्रवार को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन चंदवा की बैठक धनेश्वर तुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला में भगदड़ के कारण मारे गए आम जनता के मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि अमेरिका में ट्रंप सरकार के आते ही भारतीय नागरिकों पर दमनात्मक कार्रवाई शुरू हो गया है। जिसका ज्वलंत 5 फरवरी को 104 भारतीयों को हाथों में हथकड़ी पैरों में बेड़ीया एवं बिना भोजन पानी के भेड़ बकरियों की तरह प्लेन में लड़कर चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर लाकर छोड़ देने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि मोदी सरकार ट्रंप के सामने मोनी बाबा ना बन कर अमेरिका सरकार से जवाब तलब करें, वहीं उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों एलएनटी के चेयर मैन एसएन सुब्रमण्यम के द्वारा मजदूरों के विरोध में हफ्ते में 90 घंटे का कार्य दिवस के समर्थन में जो बयान दिया गया है, उसका दैनिक मजदूर यूनियन कड़ा विरोध करती है व कहना चाहती है कि मजदूरों के कड़े संघर्ष एवं प्राणों की आहुति देकर 8 घंटे का कार्य दिवस के साथ-साथ कई कानूनी अधिकारों को हासिल किया है, जिसे आज के पूंजीपतियों और दलालों के साथ-साथ सत्ता में काबिज उनके सहयोगियों के द्वारा साजिश कर उन अधिकारों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इनके मनसुबो कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। इसका कड़ा विरोध यूनियन करेगी। बैठक में मो. अलाउद्दीन पप्पू, सुरेश बासपति, बालेश्वर राम, दिवाली गंझू, अकबर खान, राजू गंझू, धनेश्वर तूरी, रविंद्र भोगता, अनिल उरांव, राजेंद्र सिंह, मछिंद्र लोहार समेत अन्य मौजूद थे।

## एसपी के निर्देश के बाद अफीम की खेती के खिलाफ एक्शन में पुलिस, चंदवा में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को किया गया नष्ट


अफीम की खेती को नष्ट करती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के द्वारा बीते दिनों जिले में तेजी से फल फूल रहे मादक पदार्थ अफीम पोस्ता के एक-एक पौधे को नष्ट कर कार्रवाई करने का निर्देश जारी किए जाने के बाद प्रशासनिक विभाग पूरी तरह से हरकत में आ गयी है। शुक्रवार को चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के तोरार गांव के समीप वन क्षेत्र में रैयती व वन भूमि पर बड़े पैमाने पर लगाये गए अफीम (पोस्ता) की खेती को नष्ट किया। विदित हो कि तोरार का जंगली इलाका वर्षों से अफीम की खेती के लिए बदनाम रहा है। लगभग एक माह पूर्व भी चंदवा पुलिस व वन विभाग की टीम द्वारा इसी स्थान के आसपास लगभग दस एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया था, लेकिन महज कुछ सप्ताह में पुनः बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का तैयार हो जाना कहीं न कहीं इस धंधे में संलिप्त लोगों के दुस्साहस को दशार्ता है। बता दे कि अफीम की खेती पर रोकथाम को लेकर राज्य में सख्त कानून बनाया गया है। जो भी व्यक्ति इसकी खेती करते पकड़े जाते हैं उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई किये जाने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश मामलों में बड़े ही चालाकी से इस धंधे में संलिप्त लोग बच जाते हैं। चुकी इस धंधे में शामिल लोग सुदूरवर्ती जंगलों में नदी किनारे खाली पड़े वन भूमि का इस्तेमाल अफीम की खेती के लिए करते हैं। इस कारण जब कार्रवाई की बात आती है तो किसी का नाम ही सामने नही आ पाता है। इधर अफीम की खेती पर रोकथाम को लेकर प्रशासन द्वारा जागरूक कार्यक्रम पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया है, जिस कारण यह अवैध धंधा फल फूल रहा है।

➲ थाना क्षेत्र अंतर्गत तोरार गांव के समीप वन क्षेत्र में की गई कार्रवाई

## भारतीय जनता पार्टी सरयू मंडल का सांगठनिक चुनाव कार्यशाला हुआ संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में सांगठनिक चुनाव संपन्न हुआ। मंडल कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पंकज सिंह उपस्थित थे। कार्यशाला में मंडल चुनाव अधिकारी विष्णु देव प्रसाद गुप्ता एवं सह अधिकारी शीला देवी मंडल चुनाव का समीक्षा किया, तथा शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी, शक्ति केंद्र स्तर पर संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति की गई, इनके माध्यम से सभी बूथ समिति का गठन होगा तत्पश्चाप मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा, जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मंडल के सभी बूथों पर कम से कम 50 सदस्य बनना अनिवार्य है, दिए गए ऑफलाइन रसीद को जल्द से जल्द भरकर जमा करना सुनिश्चित करें, उसके पश्चात सक्रिय सदस्यता राशिद काटी जाएगी।

### मौके पर उपस्थित थे

जिला का समिति सदस्य शिल्पा देवी, युवा मोर्चा के आईटी सेल प्रभारी रंजीत प्रसाद, चामु सिंह, बालेश्वर सिंह, केवल सिंह, चंद्रमा नायक, सादिक खान, जगदीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, सकलदीप सिंह।

# महिला के गर्भ में पल रहे दो माह के बच्चे की हुई मौत

## सरकारी नर्स ने अवैध नर्सिंग होम भेज कर गर्भपात करने का किया असफल प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता पूरे जिले में अवैध नर्सिंग होम, अवैध अल्ट्रासाउंड एवं अवैध गर्भपात रोकने के लिए मुहिम चला रखी है। वहीं दूसरी और बालूमाथ सरकारी अस्पताल के नाक के नीचे सरकारी कर्मियों की मिली भगत से धड़ल्ले से यह धंधा फल फूल रहा है और जांच के नाम पर बालूमाथ प्रशासन दो दिनों से सिर्फ खाना पूर्ति का रिपोर्ट भेज रही है। इसका ताजा उदाहरण गुरुवार की देर शाम देखने को मिला। बालूमाथ हरिजन टोला निवासी शंकर भुइया की पत्नी किरण देवी 20 वर्ष एक सप्ताह पूर्व अपने पेट में पल रहे बच्चे का जांच करने के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। है जहां ड्यूटी में कार्यरत एएनएम रीना कुमारी ने उसे कुछ दवाइयां देकर एवं एक पुर्जा में अपना मोबाईल नंबर लिख कर दे दिया व कहा कि किसी भी प्रकार का दिक्कत हो तो हमसे संपर्क करना। इसी बीच गुरुवार को महिला का रक्तरसाव होने लगा। महिला सरकारी अस्पताल के समिप पहुंचकर रीना कुमारी सरकारी नर्स को मोबाइल से संपर्क किया व रक्तरसाव की जानकारी दी। इसके बाद रीना कुमारी ने महिला एवं उसके पति को बरगलाते हुए कहा कि तुम लोग टमटम टोला में जो अवैध नर्सिंग होम संचालित है उसमें पहुंच जाओ और साथ में पैसा भी लेते आना हम वहीं पर तुम्हारा अल्ट्रासाउंड एवं गर्भपात करा देंगे। क्योंकि महिला एवं उसके पति गरीब व निरीक्षर होने के कारण उसे ठगा जाना आसान था। इसी बीच बालूमाथ के कुछ सज्जन लोगों ने महिला के पति वह सरकारी नर्स की बातें सुनकर महिला से पूछताछ करने पर पूरी बात बताई। उसके बाद उसे समझा बूझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार एवं एएनएम रीता टोप्पो द्वारा उसका निःशुल्क एवं समुचित ईलाज किया। अब प्रश्न उठने लगा है कि बालूमाथ बीडीओ एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा गठित टिम तीन दिनों से लगातार अवैध नर्सिंग होम एवं अवैध अल्ट्रासाउंड की छापामारी कर रहे हैं। फिर भी उन्हें एक भी सफलता नहीं मिली और नाक के नीचे उस महिला का अवैध और रूप से अल्ट्रासाउंड एवं अवैध गर्भपात करने की तैयारी सरकारी नर्स द्वारा कर ली गई और इसकी भनक ना तो स्वास्थ्य विभाग को लगी ना ही प्रखंड प्रशासन को। लोगों ने उपायुक्त से इस तरह के अवैध गोरख धंधा में संलिप्ति स्वस्थ कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।


जानकारी देती महिला।

### कैसे होता है खेल

बालूमाथ में अवैध नर्सिंग होम एवं अवैध अल्ट्रासाउंड संचालित होने का खेल में स्वास्थ्य विभाग का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो भी गर्भवती महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना जांच करने पहुंचती है तो वहां पर ड्यूटी में तैनात एएनएम रीना कुमारी समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे बरगलाकर कमीशन के लोभ में अवैध नर्सिंग होम भेज देते हैं जहां उसे अल्ट्रासाउंड एवं अल्ट्रासाउंड के बाद लड़की होने के नाम पर वहीं पर भ्रूण हत्या कर दी जाती है। खासकर इन लोगों द्वारा वैसे महिला को शिकार बनाते हैं जिस महिला का पहले से तीन चार लड़की हो और वह लड़का की चाहत रखता हैं। वही दूसरा खेल जब महिला प्रसव से पीड़ित रहती है और वह जब सरकारी अस्पताल पहुंचती है तो उसे स्वास्थ्य विभाग के सहीया एवं कुछ एएनएम द्वारा पेट में बच्चा सौच करने, बच्चा उल्टा रहने के नाम पर बरगला कर उसे अवैध नर्सिंग होम भेज दिया जाता है। जहां झोलाछाप चिकित्सक के सहारे अल्ट्रासाउंड करने के बाद सिजेरियन ऑपरेशन कर 40 से 50 हजार तक मोटी कमाई करते हैं। जिसका कमिशन सभी लोगों के बीच बांटा जाता है।

### पहले भी लग चुका है आरोप

बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम रीना कुमारी पर पूर्व में भी मरीज को बरगलाकर अवैध नर्सिंग होम में भेजने, अवैध गर्भपात करने के एवज मोटी रकम वसूलने, सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के एवज में पैसा मांगने का आरोप लग चुका है। तत्कालीन डीसी अबू इमरान ने एक जाँच टीम गठित कर जांच कराया था। जिसमें एएनएम रीना कुमारी पर लगे सारे आरोप की पुष्टि होने के बाद उसका स्थानांतरण चंदवा कर दिया गया था। लेकिन 6 माह के अंदर ऊंचे पैरवी के बदौलत वह पुनः बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरण करा ली है और खूब मजे से अपना गोरख धंधा में पुनः सम्मिलित हो गई है।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी

इस संबंध में बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव से पूछे जाने पर कहा कि हम लोग जांच कर रहे हैं लेकिन कहीं कुछ मिल नहीं रहा है अगर कोई लिख कर देगा तो हम लोग कार्रवाई करेंगे। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि एएनएम द्वारा अवैध नर्सिंग होम में अगर मरीज को भेजा जा रहा है तो इसकी जांच कर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्पीड न्यूज

## जेपी आंदोलन कारियों की आशाएं आज भीं टिकी है अपने मंत्री संजय यादव पर



**गोड्डा।** जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में शामिल रहे तब के युवा आज के बुजुर्गो की एक बैठक आज शहीद स्तम्भ के प्रांगण में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता धन्यजय महतो ने की। बैठक में उपस्थित तमाम आंदोलनकारी अब गोड्डा विधायक और झारखण्ड सरकार मंत्री नियोजन श्रम कौशल विभाग संजय प्रसाद यादव पर सबकी निगाहें टिकी हैं। जिन्हे पेंशन पहले मिल चुका है एक वर्ग को और जो एक माह या उससे कम कारागार में रहे और तीन वर्षो तक कैस मुकदमे में उलझ कर जिंदगी बर्बाद कर ली है उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ सिर्फ बबार्दी के वो आंदोलन कारी अब स्थानीय विधायक और मंत्री संजय प्रसाद यादव से आश लगाए बैठे हैं अगर कुछ कर सकते हैं तो वो संजय प्रसाद यादव ही कर सकते हैं जो भीं आंदोलनकारी बचे हुए हैं उन सबको कागजात के आधार पर पेंशन दिला कर उनके साथ भीं न्याय कर सकते हैं और किसी में दम नहीं। आंदोलनकारीयों ने उनसे मुलाकात कर अपनी मांग रखी है और दुबारा उनसे मिलकर मांग पत्र भीं समर्पित करेंगे। एक मात्र भरोसा का आधार स्थानीय विधायक पर अटूट विश्वास है। बैठक में निर्णय लिया गया की अगली बैठक 18/2/2025 को पुनः की जाएगी और मंत्री जी से मिलकर उनसे गुहार लगाई जाएगी की इस पर ध्यान देकर आंदोलन करियों को पेंशन दिलाने की कृपा करें। आज की बैठक में डा ङ्क दिलीप कुमार झा पत्रकार, जगदीश मंडल,श्याम सुन्दर शाह, शुक्रदेव यादव, चक्रधर यादव, बसंत यादव, सत्यनारायण मंडल, बशुकि भगत, रामधणी शाह, शिव पूजन महतो, शुक्रदेव यादव, दिनेश प्रसाद सिंह, भोला प्रसाद मंडल, अशोक शाह आदि उपस्थित थे साथ ही आंदोलन करियों की बेवा पत्नियों की भीं उपस्थिति थी।

## एसडीपीओ गोड्डा ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**गोड्डा।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, गोड्डा में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थानों के थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न की । इस दौरान लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं अन्य कई मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर वार्ता की गई एवं उनके द्वारा सभी थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिए गए।

## डीसी के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने किया डीएमटीएफ समिति की बैठक



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी विजया जाधव के निर्देश पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की। मौके पर एआरएम आद्रा मंडल विनीत कुमार सहा. वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने उपस्थित पदाधिकारियों से पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार जानकारी ली। डीएमओ ने क्रमवार अनुपालन की जानकारी दी। जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया और कहा कि बालू पत्थर कोयला खनिज के कुल 86 वाहनों को जब्त– 11 के विरुद्ध प्राथमिकी एवं कुल 4.90 लाख जुमार्ना वसूली किया गया है। अपर समाहर्ता ने एसडीओ को निगरानी करते हुए अंचल स्तर पर अभियान चलाकर अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने को कहा। अपर समाहर्ता ने पत्थर खनन क्षेत्र/ क्रशर मिलों का भी औचक निरीक्षण करते हुए लीज क्षेत्र की मापी व अन्य नियमों का जांच करने को कहा। बैठक में उपस्थित एआरएम एवं सीसीएल प्रबंधन के पदाधिकारियों को भी अपने स्तर से भी सुनिश्चित करने को कहा है कि उनके अधिग्रहित क्षेत्र में भी किसी तरह का अवैध खनन व परिवहन नहीं हो। कोल कंपनियों को नॉन ऑपरेशनल कोल ब्लॉक/खनन पट्टा से संबंधित प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने को कहा गया। बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा – निर्देश दिया गया। बैठक में सम्बद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

## क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना होने से लोगों में हड़कंप

**कुजू।** कुजू पुलिस के लिए चोरों को पकड़ना एक चुनौती बन गया है। क्योंकि देखा जाये तो ओपी क्षेत्र में करीब एक सप्ताह में 4 से 5 चोरी हो गयी है। अब तो लगने लगा है कि सच में चोरों के अंदर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। लगातार क्षेत्र में हो रहे चोरी से लोगों के बीच पुलिस से विश्वास भी उठने लगा है। इधर चोरों ने 5 व 6 फरवरी को कुजू नागकन्या मंदिर के पास गणपति टेलीकॉम मोबाइल दुकान में चोरी कर लिया। जबकि बोंगावार में राशन दुकान में चोरी का प्रयास किया।

# माफियाओं से वन को बचाना एवं अगलगी की घटना को रोकना जरूरी : बिषणुचरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति की ओर से कसमार के दुगार्पुर वन समिति की तिलयतरिया आमलाटांड़ में संपन्न बैठक की अध्यक्षता सरयू प्रसाद महतो एवं संचालन संदीप कुमार महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दुगार्पुर वन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दिगंबर महतो को अध्यक्ष तथा अवधेश कुमार सोरेन को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं सह सचिव परमेश्वर महतो को चुना गया इसके अलावा 6 महिला सदस्य एवं 12 पुरुष सदस्य चुने गये। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो ने कहा कि गांवों की वन समितियों की सक्रियता से वनों में पुनः हरियाली छाई है लेकिन कुछ वर्षों से हरे-भरे वनों पर माफियाओं की बुरी नजर लगी है। वन समितियों को पुनः सक्रिय होकर वनों सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है तभी वन संपदा के साथ पर्यावरण का संरक्षण हो पायेगा। केंद्रीय सदस्य आनंद महतो ने कहा कि कुछ वर्षों से जंगल में आग लगने की कठिन समस्या आ रही है। जंगल में आग लगने से होने वाली समस्याओं से लोगों को जागरूक करना जरूरी है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो कोषाध्यक्ष कार्तिक माथा केंद्रीय समिति के सदस्य आनंद कुमार महतो शंकर बेदिया राजेश्वर महतो प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो महेश महतो वाणेश्वर महतो तपेश्वर महतो अर्जुन महतो वाणसिंह महतो रिखीलाल महतो नितेश करमाली दशरथ महतो गोवर्धन महतो हरिहर महतो सृष्टिधर महतो संजय सोरेन अभिमन्यु मांझी विशेश्वर मांझी रामेश्वर मांझी रामचरण महतो संजय महतो जलेश्वर मांझी राजू महतो धांसू महतो राजन महतो आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मत्स्य विभाग ने मत्स्य पालन को लेकर किया जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार अंतर्गत मत्स्य निदेशालय रांची द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला जिला मत्स्य कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य था-जिले के मत्स्य किसानों को अधिक से अधिक मत्स्य पालन से जोड़ सके तथा उक्त सभी किसानों को स्पर्म उपलब्ध कराया जा सके ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मत्स्य पालन कर जीविकोपार्जन कर सके।

मौके पर उपनिदेशक मत्स्य विभाग रांची संजय कुमार गुप्ता एवं प्रशांत कुमार दीपक जिला मत्स्य पदाधिकारी पी भार्गवी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मनी जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी अंजली राय डीडीएम नाबार्ड फिल्मन बिलुंग जिला मत्स्य पालन विस्तार पदाधिकारी राजीनी गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। उपनिदेशक श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार के द्वारा मत्स्य पालन के लिए कई अवसर देकर योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मत्स्य विभाग से जुड़कर अन्य लोगों को भी जोड़कर लाभ दिलाए और अपनी आमदनी भी बढ़ाएं। डीपीएलआर श्रीमती मेनका ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यशाला में आने वाले सभी मत्स्य किसानों को अपने अपने क्षेत्रों में जाकर इसको लागू करना है।

मौके पर मत्स्य विभाग के मत्स्य बीज उत्पादकों के साथ समीक्षा भी किया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी पी भार्गवी ने कहा कि मत्स्य विभाग के द्वारा कृषकों को कई प्रकार के लाभ देकर मत्स्य पालन से जोड़ने का प्रयास जारी है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बने जलाशयों का उपयोग सही ढंग से हो सके। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के मत्स्य बीज उत्पादक सहित मत्स्य किसान शामिल हुए।

## भाजपा भदानीनगर मंडल की देवरिया पंचायत भवन में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन में शुक्रवात को भाजपा भदानीनगर मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी और संचालन मोती नारायण सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भदानीनगर मंडल चुनाव प्रभारी रंजन सिंह फौजी, सह चुनाव प्रभारी कुमेल उरांव और सदस्यता मंडल प्रभारी संजीव कुमार बावला उपस्थित थे। बैठक में अतिथियों द्वारा बताया गया की आगामी 12 फरवरी तक 14 शक्ति केन्द्रों में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। सभी शक्ति केन्द्रों में संयोजक सह संयोजक का चुनाव कराने, साथ मिलकर बूथ अध्यक्ष का चुनाव कराने और कमेटी बनाने का दिशा निर्देश भी दिया गया। कहा गया कि जो सक्रिय सदस्य नहीं बन पाएं हैं वे रसीद के माध्यम से 50 लोगों का सदस्यता शुल्क भरकर 100 रुपए का रसीद दें और सक्रिय सदस्य बनाएं।

## किशोरियां एक्सपोजर विजिट कर सरकारी योजना व कानूनी प्रक्रिया से हुईं अवगत




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी संस्था बहादुरपुर से जुड़ी कई गांव की किशोरियों में नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर जिलास्तरीय एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस दौरान किशोरियों ने डालसा कार्यालय सिविल सर्जन कार्यालय फैमिली काउंसिलिंग सेंटर डीसी कार्यालय एसपी कार्यालय सीडब्ल्यूसी कार्यालय महिला थाना शिक्षा विभाग कार्यालय डीसीपीयू कार्यालय आदि जिला कार्यालय का एक्सपोजर विजिट किया।

इस दौरान किशोरियों ने विभिन्न कार्यालय में सम्बद्ध पदाधिकारी से मिलकर जिले के अलग अलग विभागों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस टीम में शामिल सहयोगिनी की कुमारी किरण सूर्यमनी देवी एवं सोनी देवी ने बताया कि कसमार प्रखंड के पोंडा सोनपुरा एवं गर्री पंचायत के 11 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकास तथा बाल विवाह के खिलाफ पिछले 4 साल से कार्य चल रहा है। इस दौरान बच्चों को मिलनेवाली कानूनी अधिकार- स्वास्थ्य व अन्य कई तरह की सुविधाओं तथा पॉक्सो एक्ट घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न समेत किशोरियों से संबंधित सरकारी योजनाओं से जुड़ाव की जानकारी प्राप्त की । इस टीम में आशा कुमारी सोनी कुमारी सुनीता कुमारी ममता कुमारी सीता कुमारी गायत्री कुमारी प्रेरणा कुमारी लक्ष्मी कुमारी खुशबू कुमारी आंचल कुमारी अंजली कुमारी संजना कुमारी आदि शामिल थी।

## कसमार प्रखंड में 30 हजार से अधिक सदस्य बनाएगी झामुमो : रतनलाल मांझी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सदस्यता अभियान के तहत कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत धुमधुमी टांड़ में कसमार प्रखंड संयोजक पर्यवेक्षक हीरालाल मांझी की उपस्थिति में सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए बोकारो जिला संयोजक प्रमुख रतनलाल मांझी ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में 2 से 3 हजार तक सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य है। कसमार प्रखंड में लगभग 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कहा कि सदस्यता अभियान का कार्य द्रुतगति से करते हुए पंचायत, प्रखंड एक ज़िला समिति का भी गठन किया जायेगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के सभी वर्गों के हित कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे लोगों का झुकाव झामुमो की ओर ज्यादा हो रहा है। मौके पर कसमार प्रखंड संयोजक प्रमुख दिलीप कुमार हेंब्रम, सदस्य सोहेल अंसारी, सिकंदर कपरदार, सुभाष ठाकुर, धीरेंद्र नाथ महतो वरीय नेता फारूक अंसारी सगीर अंसारी, मुन्ना धनंजय स्वर्णकार, मनोज ठाकुर, मिथलेश तिवारी, महिला नेत्री उषा देवी, रीता समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीसीएल कथारा जीएम ने क्षेत्रीय अस्पताल कथारा का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो /कथारा।** क्षेत्रीय अस्पताल कथारा में बीते रात्रि भुरकुंडवा बस्ती के नरेश यादव उर्फ पंडरा के इलाज के दौरान हुई मौत से आक्रोशित होकर ग्रामीणों द्वारा किए हंगामे के मामले को लेकर गुरुवार को क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण किया। मालूम हो कि ग्रामीणो ने अस्पताल में चिकित्सक की कमी व इलाज में हुए विलंब तथा लापरवाही के कारण नरेश यादव की हुई मौत का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। महाप्रबंधक को रात्रि पाली में तैनात डाक्टर एवं अन्य मेडिकल कर्मियों ने घटनाक्रम के बारे में बताया कि बुधवार की रात गंभीर अवस्था में मरीज नरेश यादव को अस्पताल में लाया गया। डॉ अमर कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तत्काल बेहतर उपचार के लिए बोकारो के बीजीएच अस्पताल रेफर कर दिया था। एंबुलेंस में मरीज को शिफ्ट करके बोकारो भेजने की तैयारी चल ही रही थी कि इसी क्रम में नरेश यादव की मृत्यु हो गई मरीज के साथ आये परिजन रोने लगे और इसकी जानकारी होते ही अस्पताल में कुछ ग्रामीण पहुंचे और अस्पताल मे कार्यरत कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार व गाली ग्लोज करते हुए अस्पताल मे तोड़ फोड़ कर हंगामा करने लगे। देर रात्रि हुए हंगामा से डरे हुए अस्पताल के सभी मेडिकल स्टाफ गुरुवार को अपनी सुरक्षा को लेकर पहले अपने एरिया मेडिकल ऑफिसर एमएन राम से मुलाकात की।

लेकिन ठोस एवं संतोष जनक जवाब नहीं मिलने से नाराज सभी सिस्टर,कम्पाउंडर,ड्रेसर, दवा वितरक, वार्ड कर्मी सहित अन्य कार्यालय कर्मी महाप्रबंधक कार्यालय पहुंच गए। महाप्रबंधक से मिलने का प्रयास किया लेकिन उस समय वह उपलब्ध नहीं थे।यहां उपमहाप्रबंधक सीबी तिवारी से मुलाकात कर बीते रात्रि की घटना को विस्तृत रूप से उन्हें अवगत कराया। उन्हें विश्वास दिलाया गया की पूरी सुरक्षा दी जाएगी ताकि सभी लोग सुरक्षित माहौल में अपने कार्य को कर सके। इस मौके पर सिस्टर प्रभावती, मंजू कुमारी, प्रभा कुमारी, गोरेन्ति, निमावती, रिमझिम, रूपा, करिश्मा, सीमा, आदि लोग मौजूद थे।

खबर एक नजर में

## संगठित गिरोहों द्वारा करायी जा रही कोयले की चोरी

**बेरमो।** बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र इन दिनों संगठित कोयला तस्करों का चारागाह बन गया है। प्रशासनिक शिथिलता तथा सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही का आलम यह है कि यहां से प्रतिदिन कम से कम 10 ट्रक कोयले की चोरी कर अवैध धंधेबाज उक्त कोयले को ट्रकों के माध्यम से बाहर की मंडियों में भेज कर मालामाल हो रहे हैं। इसमें कथित कुछ सुरक्षा कर्मियों तथा स्थानीय पुलिस की भी मिली भगत की बात कही जा रही है। आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कथारा क्षेत्र के जारंगडीह, स्वांग, गोविंदपुर, कथारा वाशरी तथा कथारा कोलियरी से प्रतिदिन 10 ट्रक कोयला अवैध रूप से चोरी कर तस्करों द्वारा एकत्रित की जाती है, जिसे बाहर की मंडियों में रात के अंधेरों में भेज दी जाती है। इस कार्य में खदान क्षेत्र के आसपास के महिला-पुरुष को तस्कर ढाल बनाकर अपना उल्लू सीधा कर रहें हैं। सूत्र बताते हैं कि जारंगडीह से चोरी का कोयला खेतको मार्ग तथा बांधघूटू के जंगल में एकत्रित किया जाता है, जबकि कथारा कोलियरी तथा कथारा वाशरी से चोरी का कोयला को झिरकी व सरहचिया के जंगल तथा दामोदर नदी तट ईट भट्ठा के समीप के अलावा नैनाटांड- तेनुघाट मार्ग पर मस्जिद के पीछे जंगल में कोयला तस्करों द्वारा छिपा कर रखा जाता है। बताया जाता है कि इस धंधे में कुछ सफेदपोश के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा सीसीएल कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सहित परियोजनाओं के सुरक्षा कर्मियों की सहमति एवं हिस्सेदारी रहती है। ऐसे में यहां पुलिस की छवि तो धूमिल हो ही रही है, साथ में कई अन्य भी इस लपेटे में है। ऐसा जान पड़ता है मानो कथारा क्षेत्र में अवैध कोयले की मंडिया खुल गई है और धंधेबाजों की चांदी कट रही है। इस स्थिति में कोयला कंपनी के अलावा राज्य सरकार को प्रतिमाह करोड़ों रुपए का राजस्व की हानि होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## जुआरी, जुआ और जहन्नुम एक बबार्दी

**बेरमो।** जिंदगी में नशा किसी चिज का हो बड़ी खराब होती हैं. ये बेतरतीब, बेहया और बदनसीबी ही जिंदगी में लाती है। हमने कइयों बार सुना और कइयों बार अक्सर बोला जाता है अति सर्वत्र वर्जेयत यानि किसी भी चिज की अति हमेशा नुकसानदायक होती है। यहां बात जुए की लत की हो रही है, जो पूरे हिंदुस्तान में किसी न किसी रूप में हो रही है, चाहे परम्परा के नाम पर, तो कभी क्रिकेट, लुडो, ताश, मुर्गा -लड़ाई, हब्बा - डब्बा या कैसीनो के तौर पर. ये नशा ऐसा है जो किसी को भी बबार्दी की डगर पर ला खड़ा करता है.कभी -कभी ऐसा बवंडर आता है कि इंसान खुदकुशी को मजबूर हो जाता है। जुआ खेलने से आज तक कोई अमीर नहीं बना, जुआ खिलाने वाला ही दौलत हारता है। यह नशा इतना खराब होता है कि पलक झपकते राजा से फक ीर बना देता है. आपको याद होगा महाभारत में पांडव जुआ में ही अपनी पत्नी द्रोपदी समेत राज गंवा बैठे थे। तब ही महाभारत का युद्ध हुआ था। जुआ का इतिहास पुराना है पर काला है। जिसकी कालिख पुतने के बाद मिटती नहीं है बल्कि कलंक बन जाती है। आपको मालूम है कलंक कभी हटती नहीं। यदि सूत्रों की माने तो बेरमो कोयलाँचल में भी जुआ दशकों से चल रहा है !और आज भी ये अपने शबाब पर है। सबसे हैरत वाली बात ये है कि जुआ खेलना और खेलाना दोनों गैर कानूनी और अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन, इसे रोकने वाली पुलिस दशकों पहले भी नहीं रोकती थी और आज भी नहीं रोकती है? जबकि, इसके नुकसान देखे तो कई घर बर्बाद हो रहें है, अपनी गाढ़ी कमाई एक झटके में लुटा रहें है। बस लालच के चक्कर में, इसकी लत तो ये है कि सब रातों -रात अमीर बनने की ख्वाहिश पाले रहते हैं। लेकिन ये ख्वाब कभी जमीन पर नहीं उतर पाते। ये हमेशा मृगमिरिचका की तरह मन में खटकता रहता हैं.जिसकी फलिपूर्ति आखरी सांस तक नहीं हो पाती हैं। आज जुए का स्वरुप और तासीर सूचना क्रांति के जमाने में बदला है। लोग क्रिकेट में सट्टा लगाते है। बच्चे भी इसमे शामिल हो गए, पैसे कमाने की जिद में इसे आसान रास्ता मानते है। लेकिन ये बबार्दी की जमीन है, जहन्नुम का रास्ता है। जिंदगी में तूफान को आमंत्रण है। इसका एक ही मुक़्कमल उपाय है कि हर सूरत में इसे तत्काल छोड़ देना चाहिए। जो बच्चे इसमे कूदे पड़े है, उनपर बंदिशे लगानी चाहिए। हर हाल में, हर कीमत पर, हर संभव प्रयास होना चाहिए।

## अल्ट्रासाउंड जांच घर पर चलाए गये छापेमारी अभियान

**बेरमो।** डुमरी में प्रशासन में एक बार फिर से भ्रूण हत्या अवैध लिंग जांच को लेकर छापेमारी अभियान चलाया है। जहां गिरिडीह से आई टीम और डुमरी प्रभारी एसडीम ने कई अल्ट्रासाउंड जहां से घरों में छापेमारी अभियान चलाया। जहां जांच अभियान के दौरान कई अल्ट्रासाउंड जांच घर के संचालक जांच घर को ताला लगाकर भाग गए। वहीं गिरिडीह जिला से आई जांच टीम के डीआरसीएचओ डॉक्टर आरपी दास ने बताया कि 6 अल्ट्रासाउंड जांच घरों में छापेमारी अभियान चलाया गया हालांकि पांच जगह जांच घर बंद पाए गए। जबकि क्षितिज हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड जांच घर चालू पाया गया। हालांकि वहां डॉक्टर और कागजात सही पाए गए। इसको लेकर उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड जांच घर बंद पाए गए हैं वैसे लोगों को नोटिस भेजे जाएंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के इस छापेमारी अभियान से अवैध अल्ट्रासाउंड संचालकों में हड़प्पा मचा हुआ है।

## जिप सदस्य के द्वारा डॉ एस के सिंह को किया गया समानित

**बेरमो /कथारा।** कथारा क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के सिंह की पदोन्नति मिलने तथा क्षेत्र के लोगों के साथ मानवीय योगदान देने पर जिप सदस्य सह जनता मजदूर संघ के सी सी एल सचिव ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह के नेतृत्व में संगठन के साथियों के द्वारा पुष्प गुच्छ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि डॉक्टर समाज के मुख्य स्तंभ होते हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से सब की सेवा करना उनका दायित्व होता है।

## पेज एक का शेष

### 5 साल बाद घटा...

श्री मल्होत्रा ने कहा, यह बिजनेस, अर्थशास्त्री और सभी पार्टी के लिए जरूरी है। साथ ही बताया कि महंगाई लक्ष्य के अनुरूप बनी हुई है और इसमें कमी आ सकती है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत पर रह सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत रह सकती है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.5 प्रतिशत रह सकती है। **रेपो दर में कटौती से लुढ़का बाजार :** आरबीआइ के रेपो दर में चौथाई फीसदी की कटौती से निवेश धारणा को बल नहीं मिला, जिससे ऊर्जा, एफएमसीजी, इंडस्ट्रियल्स और तेल एवं गैस समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

### झारखंड के बकाये की ...

**विकास कार्य बाधित :** वित्त मंत्री ने कहा है कि वर्ष 2000 में झारखंड राज्य के गठन के उपरांत राज्य के सामाजिक, आर्थिक दशा में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विकास नहीं हो पाया है। निरंतर झारखंड के अधिकांश भाग में सूखा पड़ने के कारण राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था काफी कमजोर हो चुकी है। वर्तमान प्रदेश सरकार झारखंड की आधी आबादी महिलाओं के सशक्तिकरण, कृषि के क्षेत्र दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन, बागवानी आदि योजनाओं को सुदृढ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनना चाहती है। इसके लिए बकाया राशि मिलने से राहत मिलेगी।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका का परिषद के सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया : यूएनएचआरसी

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि एक जनवरी 2025 से अमेरिका का परिषद के सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है। वह अब उस अंतर-सरकारी निकाय से अलग होने के लिए अयोग्य हो गया है जिसका वह अब हिस्सा नहीं है। यूएनएचआरसी के प्रवक्ता पास्कल सिम ने एक बयान में कहा, "रिकॉर्ड के लिए अमेरिका एक जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक मानवाधिकार परिषद का सदस्य था। एक जनवरी 2025 से अमेरिका अब मानवाधिकार परिषद का सदस्य नहीं है और स्वतः ही पर्यवेक्षक राष्ट्र बन गया है जैसे कि 193 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश जो परिषद के सदस्य नहीं हैं। परिषद का पर्यवेक्षक राज्य किसी अंतर-सरकारी निकाय से अलग नहीं हो सकता जिसका वह अब हिस्सा नहीं है।

## बांग्लादेश में बीएनपी नेता की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मामुन हुसैन की आज तड़के नारायणगंज सदर उपजिला के फतुल्लाह में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। 42 वर्षीय मामुन हुसैन को पुरबललपुर रेलवे लाइन के पास निशाना बनाया गया। वह ईंट और रेत का कारोबार करते थे। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बीएनपी के स्वैच्छिक दल के संयुक्त संयोजक मामुन हुसैन को उनकी कारोबारी फर्म मां-बाबर आशीर्वाद ट्रेडर्स के सामने गोली मारी गई। उनके बड़े भाई अमजद हुसैन ने इसकी पुष्टि की। अमजद ने कहा कि कुछ लोग मामून को घर से जगाकर मां-बाबर आशीर्वाद ट्रेडर्स के सामने ले गए। वहां उसे गोली मार दी।

## धनखड़ ने क्षेत्रवाद बनाम राष्ट्रीयता की चर्चा पर चिंता व्यक्त की

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में क्षेत्रवाद बनाम राष्ट्रीयता की चर्चा पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की चेष्टा की जा रही है। श्री धनखड़ ने कर्नाटक के राणेबेन्नूर में आयोजित ह्ल कर्नाटक वैभव साहित्य और सांस्कृतिक महोत्सवह्व के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में विभाजन कारी ताकतें काम रही है और ये इस समय की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि ये ताकतें अलग-अलग तरीके से काम करती हैं। उन्होंने कहा, ह्ल मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि हमें जो चुनौती मिल रही हैं, वह जलवायु परिवर्तन से भी ज्यादा गंभीर चुनौती है।

## जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमेट' का टीजर जारी



फिल्म 'पठान' और 'वेदा' के बाद अभिनेता जॉन अब्राहम जल्द ही फिर सिल्वरस्क्रीन पर नजर आएंगे। जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म 'द डिप्लोमेट' का टीजर रिलीज हो गया है। लगभग एक मिनट के टीजर की शुरूआत विदेश मंत्री एस जयशंकर की एक क्लिप से होती है, जिसमें वह कहते हैं कि दुनिया के सबसे महान राजनयिक एक श्रीकृष्ण और एक हनुमानजी थे। इसके बाद स्क्रीन पर जॉन अब्राहम की एंट्री होती है। इस फिल्म में जॉन मुख्य भूमिका में हैं, वह जेपी सिंह की भूमिका निभा रहे हैं।
इस टीजर में एक महिला बुर्का पहने हुए और खुद को भारतीय नागरिक बताते हुए नजर आ रही है। फिर अगले ही पल जॉन अब्राहम उससे पूछताछ करते नजर आते हैं। जॉन उसे सच बताने के लिए कहता है।

# सदन में आम बजट पर चर्चा

# विपक्ष ने खोखला, सत्ता पक्ष ने उत्कृष्ट बताया







**नयी दिल्ली।** विपक्ष ने आम बजट 2025-26 को कृषि, शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से खोखला बजट करार दिया और संघीय भावना के विपरीत बताते हुए कहा कि इससे में राज्यों की चिंताओं का ख्याल नहीं रखा गया है जबकि सत्ता पक्ष ने आम बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट बताते हुए कहा कि गरीब, महिला, युवा और किसानों को केन्द्र में रख कर सरकार ने देश में पोषण से लेकर व्यक्तिगत आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रभावी कदम उठाये हैं।

लोकसभा में प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आम बजट पर चर्चा शुरू करने के लिए कांग्रेस के डॉ. धर्मवीर गांधी का नाम पुकारा। इस पर कांग्रेस के के. वेणुगोपाल ने आपत्ति जतायी कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सदन में नहीं है। इसलिए चर्चा शुरू नहीं हो सकती है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद हैं और ऐसा कोई नियम नहीं है कि वित्त मंत्री के मौजूद नहीं होने पर चर्चा नहीं हो सकती। इस मुद्दे पर विवाद के बीच में अध्यक्ष ओम बिरला भी सदन में पहुंच गये। इसबीच वित्त मंत्री सदन में पहुंच गयीं और चर्चा शुरू हो गयी। डॉ. गांधी ने कहा कि भारत कोई एक राष्ट्र नहीं है जिसमें राज्यों को बांटा गया था बल्कि यह राज्यों ने अपने अधिकारों को त्याग कर एक राष्ट्र के रूप में स्वीकार किया था। यह बजट भी एकदिशिक है और संघीय व्यवस्था के खिलाफ है क्योंकि इसमें राज्यों की चिंताओं को कोई जगह नहीं दी गयी है और यह कमरों में बैठ कर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) राज्यों में बढ़ता है लेकिन बजट में राज्यों का ध्यान नहीं रखा जाता है।

उन्होंने बजटीय प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि की दृष्टि से यह बजट किसानों को कुछ नहीं दे रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी की कोई बात नहीं की गयी है। कृषि उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कोई राहत सरकार देना नहीं चाहती है। साल में कई हजार किसान मर जाते हैं। उनकी चिंताओं के लिए कुछ नहीं किया गया है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए कुछ भी नहीं कहा गया है। इसी कारण बेरोजगार युवा खेती छोड़ कर विदेश जाते हैं और वहां से भी वे हथकड़ी बेड़ी बांध कर भगाए जा रहे हैं। यह सरकार की घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि उद्योगों एवं विनिर्माण इकाइयों खासकर फार्मा उद्योग के लिए कोई योजना नहीं है। दस साल से इस क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। कुछ मेगा कारपोरेट के लिए एमएसएमई की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की भारी उपेक्षा की जा रही है। निजी क्षेत्र के संस्थानों में बहुत महंगी फीस है। आम लोगों में अपने बच्चे निजी संस्थानों में पढ़ाने की हैसियत नहीं हैं। ये निजी शैक्षणिक संस्थाएं छात्रों एवं अभिभावकों के अलावा शिक्षकों का भी शोषण कर रहीं हैं। शिक्षकों को अनुबंध की नौकरी पर कम वेतन पर रखा जा रहा है और उनकी हैसियत दिहाड़ी मजदूर जैसी हो गयी है।

डॉ. गांधी ने गरीबी कुपोषण, जलजनित संक्रामक रोगों का मामला उठाया और कहा कि ऐसे रोगों से हर साल लाखों लोग मर रहे हैं। लेकिन बजट में इसके लिए कुछ नहीं रखा गया है। बजट में देश में 200 कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की बात कही गयी है लेकिन कैंसर की प्रिवेन्टिव स्क्रीनिंग की व्यवस्था के बारे में कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म जाति, लिंग के आधार पर भेदभाव के कारण लोग आर्थिक तंगी के शिकार हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राव राजेन्द्र सिंह ने अपने भाषण की शुरूआत में 2017 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रिचर्ड एच थेलर को उद्धृत करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था एवं मनोविज्ञान का संबंध होता है। मनोवैज्ञानिक रूप से लोगों का इस बात से संतुष्ट होना जरूरी है कि सरकार उनके लिए कुछ कर रही है। उन्होंने इस दृष्टि से आम बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला एवं किसानों पर फोकस किया गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में संविधान लागू होने के समय आबादी 33 करोड़ थी जबकि इसके कुछ दिन बाद हुए खाद्य सर्वेक्षण में प्रति व्यक्ति पोषणीय आहार की उपलब्धता 394 ग्राम थी। 60 साल बाद आबादी 100 करोड़ हो गयी और इसमें कोई अंतर नहीं आया। 2014 में पोषणीय आहार की उपलब्धता का आंकड़ा 468.7 ग्राम तक ही पहुंच पायी। बीते दस साल में यह आंकड़ा 510 ग्राम पहुंचा। यदि हर साल यह आंकड़ा पांच ग्राम ही बढ़ता तो आज 1000 ग्राम से अधिक होता।

## आयुष्मान दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना : नड्डा



**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक सवाल की जवाब में लोकसभा में कहा की आयुष्मान योजना दुनिया की स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी योजना है। जो लोग पहले पैसे के अभाव में अस्पताल में इलाज करवाने नहीं जा सकते थे उन्हें अब इस योजना के तहत अस्पतालों में इलाज मिल रहा है। आयुष्मान भारत के तहत देश की 40% आबादी को कवर किया गया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है और 2018 तक इसमें 35 लाख कार्यकर्ता जुड़े हुए थे। देश में कुल 61 करोड़ से ज्यादा लोगों को आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य कर सेवा दी गई है। अब तक अस्पताल 8.6 करोड़ लोगों को इस योजना के तहत लाभ दिया जा चुका है। देश में बड़े स्तर पर लोगों की जीवन को इस योजना के तहत बचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30000 अस्पताल के माध्यम से बाईपास सर्जरी जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यदि कोई समस्या इस पर आती है तो राज्य सरकारों के साथ मिलकर इसकी समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र सरकार सभी सुविधा दे रही है और समय पर पैसे का भुगतान भी किया जा रहा है।


## ईयू के साथ मानकों को परस्पर मान्यता देने की व्यवस्था पर हो रही है चर्चा: गोयल



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ वस्तुओं की गुणवत्ता, शुद्धता और स्वच्छता आदि के संबंध में एक के दूसरे मानकों को परस्पर मान्यता देने के समझौते (एमआरआए) के संबंध में बात कर रहा है।
श्री गोयल ने राज्य सभा में प्रश्नकाल में सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था से व्यापार में आसनी होगी। उन्होंने कहा कि ईयू के साथ ऐसी व्यवस्था बनायी जा सकती है जिसमें दोनों पक्ष पारस्परिक आधार पर एक दूसरे के यहां ऐसी एजेंसियों का निर्धारण कर दें जिनके द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को व्यापार के लिए स्वीकार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ में कार्बन पर सीमा समायोजन व्यवस्था (सीबीएएम) या यूरोपीय कार्बन कर और वनों के ह्रास जैसे मुद्दों से जुड़े मानकों को लागू करने की प्रकिया सरल और निष्पक्ष रखने के विषय में भी भारत बातचीत कर रहा है।
श्री गोयल ने कहा कि हर देश को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार गुणवत्ता मानकों को लागू करने का पूरा अधिकार है, भारत किसी के इस अधिकार को चुनौती नहीं देता। श्री गोयल ने कहा कि भारत ने भी पिछले 10 वर्षों में अपने यहां बहुत सी वस्तुओं के बारे में क्वालिटी नियंत्रण के नियम (क्यूसीआर) लागू किए हैं। इस दौरान ऐसे नियमों की संख्या करीब 106 से बढ़ कर 700 तक पहुंच गयी है।
वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यूरोपीय देशों को भी भारत में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और खाद्य गुणवत्ता विनियामक एफएसएसएआई के मानकों का अनुपालन करना होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानकों के कारण ईयू के साथ भातर के निर्यात में कोई बड़ी बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि 2022-23 में ईयू के साथ व्यापार में भारत का निर्यात आयात से 14 अरब डालर अधिक था।

## शिवसेना की भारत सरकार से अवैध घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**जम्मू।** अमेरिका की ट्रंप सरकार की तरह भारत की मोदी सरकार भी तत्काल अवैध रूप से भारत में रह रही पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर, बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना समेत तमाम अवैध बांग्लादेशियों व रोहिंगियों को देश से बाहर का रास्ता दिखाए। यह कहना है शिवसेना (यूबीटी) जम्मू-कश्मीर इकाई प्रमुख मनीश साहनी का। पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के नेतृत्व में एकत्रित शिव सैनिकों ने शेख हसीना, सीमा हैदर को वापिस भेजो, अवैध रोहिंगियों, बांग्लादेशियों को बाहर निकालो लिखे प्लेकार्ड पकड़ जोरदार प्रदर्शन किया। साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि बंगलादेश में हिन्दुओं पर हमलों का सिलसिला जारी है। गत दिवस बंगलादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना के लाइव भाषण के दौरान बंगलादेश के राजशाही जिले के फुदकी गांव में हिन्दुओं को निशाना बनाया गया। मंदिर में मौजूद सरस्वती देवी की मूर्ति को तोड़ दिया गया। सत्तांतरण के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के दौर रुके नहीं हैं।




## 487 भारतीयों को निकालना चाहता है अमेरिका, भेजी 295 लोगों की लिस्ट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को 295 लोगों की एक लिस्ट भेजी है, जिनकी नागरिकता की पुष्टि होने के बाद उन्हें भारत वापस भेजा जाएगा। ये लोग उन 487 व्यक्तियों में शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका से निकाला जाना है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होने एक बयान देते हुए कहा कि अमेरिका से भेजे जाने के लिए 487 भारतीय नागरिकों को चिह्नित कर लिया गया है और 295 लोगों का विवरण भारत के साथ शेयर किया गया है।
उन्होंने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। विदेश सचिव ने कहा, ₹यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे विदेश मंत्री ने कल संसद में भी स्पष्ट किया था। भारत को एक असहयोगी देश कहना उचित नहीं होगा। कोई भी देश यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि जिन्हें वापस भेजा जा रहा है वे व्यक्ति उसके ही नागरिक हैं या नहीं। इससे जुड़े कानूनी और सुरक्षा से संबंधित मुद्दे भी होते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने 487 संभावित भारतीय नागरिकों के निर्वासन की जानकारी दी थी। भारत सरकार ने इस संबंध में अधिक जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में अमेरिका ने 298 व्यक्तियों की विस्तृत जानकारी शेयर की।
उन्होंने कहा कि भारत इस मामले में पूरी पारदर्शिता बरत रहा है और अमेरिकी अधिकारियों के साथ संवाद कर रहा है। भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है और इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा अवैध भारतीय प्रवासियों को सैन्य विमान में 40 घंटे की उड़ान के दौरान हथकड़ी लगाकर वापस भेजे जाने पर मचे बवाल के बीच आई है। मिस्त्री ने प्रवासियों को भेजे जाने से संबंधित प्रश्नों पर कहा, ह्यह्यहमने अपनी चिंताओं से अमेरिका को अवगत कराया है कि इस प्रकार के व्यवहार से बचा जा सकता है। विदेश सचिव ने कहा कि हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की अमेरिकी नीति 2012 से ही लागू है।

## नोटिस थमा कर केजरीवाल के घर से लौटी एसीबी की टीम


**नयी दिल्ली।** एसीबी की टीम केजरीवाल के घर से वापस लौट गयी। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि नोटिस दे दिया गया है और रिसीव भी हो गया है। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नाम लिये बिना भाजपा पर कैंडिडेट्स की खरीद-फरोख्त के आरोप मढ़े थे। उन्होंने दावा किया था कि उनके विधायकों और उम्मीदवारों को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिये गये। इस मुद्दे पर सभी 70 कैंडिडेट्स की मीटिंग बुलायी थी।
केजरीवाल के आरोपों के बाद भाजपा ने एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोपों की जांच की मांग की थी। उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को मामले की जांच का आदेश दिया था। इस मामले की जांच के आदेश के बाद एसीबी की टीम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचीं। टीम को अंदर नहीं जाने दिया गया, लेकिन अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने उनसे लीगल नोटिस मांग लिया। लीगल नोटिस नहीं था, पूछताछ के लिए अंदर नहीं जा सकी।

### 15-15 करोड़ आफर का मामला

दरअसल, गुरुवार को आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि पार्टी के प्रत्याशियों को भाजपा खरीदना चाहती है और एवज में 15-15 करोड़ रुपए ऑफर दे रही है।
इसी आरोप के बाद पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और वह भाजपा पर जमकर बरसे।




## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार : जल्द ही लंबी दूरी की आरामदायक यात्रा के एक नये युग की शुरूआत



**कोटा (हि.स.)।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार होने के साथ भारतीय रेलवे लंबी दूरी की यात्रा में क्रांति लाने के लिए तैयार है, जो देश के सबसे तेजी से बढ़ते बेड़े का एक अत्याधुनिक संस्करण है। विश्वस्तरीय, हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बन चुका है क्योंकि पहली 16-डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 15 जनवरी 2025 को मुंबई-अहमदाबाद खंड में पांच सौ चालीस किलोमीटर की दूरी के लिए अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के कठोर परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई ने पिछले साल 17 दिसंबर को भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का निर्माण पूरा किया।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-जन सम्पर्क अधिकारी, कोटा सौरभ जैन के अनुसार एक पखवाड़े के भीतर ट्रेन को कोटा डिवीजन में लाया गया और पिछले महीने के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन तक 30 से 40 किलोमीटर की छोटी दूरी के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जहां इसने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से आरामदायक यात्रा का अनुभव हासिल किया। यह उपलब्धि रेलवे के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जो यात्रियों के लिए एक बेरोकटोक और शानदार यात्रा के अनुभव का वादा करती है। आराम, गति और अत्याधुनिक तकनीक पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आने वाले दिनों में लोगों को रात भर की यात्राओं की नई परिभाषा देने के लिए तैयार हैं। इन वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजों, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाईफाई और विमान जैसी सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है।